

किसी भी तरह के
विज्ञापन एवं समाचार
के लिए संपर्क करें मो0:
9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 34 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 15 नवम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## अब अगला नंबर किसका ?

# पाकिस्तान में 7 महीने में भारत के 7 मोस्ट वॉन्टेड दुश्मनों का खात्मा

नई दिल्ली. पाकिस्तान को आतंकी अपना सबसे सुरक्षित ठिकाना मानते रहे हैं. आतंकी पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद से अपनी टेरर एक्टिविटी चलाते रहे हैं, लेकिन बीते 7 महीनों में 7 बड़े आतंकियों की रहस्यमयी हत्याओं ने पूरा माहौल बदल कर रख दिया है. अब पाकिस्तानी सेना, आईएसआई और आतंकी संगठन खौफ में हैं. आतंकियों को यह डर सता रहा है कि क्या अगला नंबर उनका हो सकता है? बीते रविवार को आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (खीट) प्रमुख मौलाना मसूद अजहर के करीबी सहयोगी मौलाना रहीम उल्लाह तारिक की हत्या के बाद से आतंकियों ने अपनी सुरक्षा बढ़ा ली है.



पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी रहीम उल्लाह तारिक पाकिस्तान से अपना नेटवर्क चला रहा था. भारत विरोधी एक्टिविटी और नफरत वाले भाषणों के लिए तारिक पाकिस्तान के गरीब इलाकों की यात्रा करता था. रविवार को भी वह भारत-विरोधी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कराची की एक विशाल झुग्गी बस्ती ओरंगी टाउनशिप जा रहा था; तभी दो अज्ञात हमलावरों ने उसे गोलियों से भून दिया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो थी. इस घटना के पीछे जैश ए मोहम्मद की अंदरूनी कलह को भी एक कारण माना जा रहा है.

**पाकिस्तान बिना सबूत भारत पर लगा रहा आरोप**

पाकिस्तानी न्यूजपेपर डॉन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस घटना के लिए पाकिस्तान सरकार और उसकी सुरक्षा एजेंसियों ने बिना किसी सबूत के भारत पर आरोप लगाया था, लेकिन वह स्वीकार करने में विफल है कि पाकिस्तान ने अपने गठन के बाद से आतंकवादियों का समर्थन करके जो बोया है, वही काट रहा है.

**पिछले सात महीनों में पाकिस्तान में मारे गए मोस्ट वांटेड आतंकवादियों की सूची यहां दी गई है:**

6 मई- परमजीत सिंह पंजवार: भारत के मोस्ट वांटेड अपराधियों में से एक और आतंकवादी संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) के प्रमुख परमजीत सिंह पंजवार को अज्ञात हमलावरों ने उस समय गोली मार दी जब वह पाकिस्तान के लाहौर में टहलने के लिए निकला था. पंजवार को पाकिस्तानी सरकार की ओर से दो अंगरक्षक दिए गए थे. एक अंगरक्षक, एक हमलावर को मारने में कामयाब रहा जबकि दूसरा हमलावर गोलीबारी में घायल हो गया था.

## पठानकोट कैंट रेलवे स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट का शुभारम्भ, यात्री उठाएंगे स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ

**समाज जागरण**

जैतो,14 नवम्बर (रघुनंदन पराशर ): पंजाब राज्य का पहला एवं उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल का दूसरा रेल कोच रेस्टोरेंट का पठानकोट कैंट रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को शुभारम्भ किया गया। इसे पठानकोट कैंट रेलवे स्टेशन के रेल परिसर में स्थापित किया गया है। इसे रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स या रेलवे के फूड ऑन व्हील्स कॉन्सेप्ट के तहत बनाया गया है, जिसमें एक परित्यक्त पुराने रेलवे कोच को रेल कोच रेस्टोरेंट में बदल दिया गया है। यह रेस्टोरेंट आधुनिक साज-सज्जा से युक्त है, जिसमें यात्रीगण स्टेशन पर ही स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठा सकेंगे। यह सुविधा रेल यात्रियों के साथ-साथ आमजनों के लिए 24 घंटे



उपलब्ध रहेगी। इस कोच रेस्टोरेंट में किफायती दरों पर यात्री अपने पसंदीदा व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं। यह सुविधा 5 वर्षों के लिए होगी। इस रेल कोच रेस्टोरेंट का संचालन श्री अमरजीत सिंह के द्वारा किया जाएगा। यह वातानुकूलित रेस्टोरेंट अनेक प्रकार की खूबियों एवं विशेषताओं से सुसज्जित किया गया है, जिसमें आम जन एवं रेल यात्रियों को स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ अनोखेपन का अहसास कराएगी। इस वातानुकूलित रेस्टोरेंट में यात्रीगण स्टेशन पर ही शानदार खान-पान की सुविधा ले सकेंगे। इस अनूठी पहल का प्रारम्भ आमजन एवं रेलयात्रियों को उच्च गुणवत्तापरक खानपान के व्यंजन उपलब्ध कराते हुए रेल राजस्व को बढ़ाने के लिए किया गया है।

## 'शिवराज की योजनाएं बंद नहीं होंगी', लाड़ली बहना योजना को लेकर कांग्रेस पर भड़क गए सीएम चौहान

मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वे (कांग्रेस) 'लाड़ली बहना' योजना के खिलाफ थे और अब भी वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अब केवल 2 दिन बचे रह गए हैं। राज्य में भाजपा और कांग्रेस समेत सभी दलों के दिग्गज नेता रैलियां कर रहे हैं और एक दूसरे पर निशाना साधने का एक भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं। इस बीच चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस द्वारा प्रदेश की लाड़ली बहना योजना पर सवाल उठाने को लेकर सीएम शिवराज सिंह चौहान भड़क गए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर कड़ा निशाना साधा है।

**नहीं बंद होगी लाडली बहना योजना**

मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वे (कांग्रेस) 'लाडली बहना' योजना के खिलाफ थे और अब भी वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वे कह रहे हैं

## इजरायल-हमास जंग के बीच पाकिस्तान कर गया 'डबल गेम', यूक्रेन से करोड़ों रुपए

पाकिस्तान पर रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन को हथियार बेचने के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन देश ने हमेशा इस बात से इनकार करता रहा है. अभी हाल में एक रिपोर्ट छपी है कि यूक्रेन को गोला-बारूद आपूर्ति कर पाकिस्तान ने 364 मिलियन अमेरिकी डॉलर कमाए हैं. इसके लिए पाकिस्तान ने पिछले साल अमेरिका के दो निजी कंपनियों के साथ हथियार बेचने का सौदा किया था. इनकी आपूर्ति के लिए उसने ब्रिटिश सैन्य मालवाहक विमान का उपयोग किया.

रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटिश कार्गो विमान पहले पाकिस्तान के रावलपिंडी के नूर खान से साइप्रस के अक्रोटिरी में ब्रिटिश सैन्य बेस उड़ान भरते थे. इसके बाद, यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति करने के लिए सैन्य विमान फिर वहां से कुल पांच बार में रोमानिया पहुंचे. हालांकि इस्लामाबाद ने इस बात से इनकार करते रहा है.

### क्या है रिपोर्ट में

रिपोर्ट में दावा किया है कि अमेरिकी फेडरल प्रोक्योरमेंट डेटा सिस्टम से यह अनुबंध किया गया था. इसके अनुसार पाकिस्तान ने 155 मिमी गोले की बिक्री के लिए अमेरिका के "ग्लोबल मिलिट्री" और "नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन" नाम की कंपनियों के साथ 2 कॉन्ट्रैक्ट किए थे.



यूक्रेन को हथियार उपलब्ध कराने वाले इन समझौतों पर 17 अगस्त, 2022 को हस्ताक्षर किए गए थे.

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये समझौते पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट के शासन के दौरान हुए थे. तत्कालीन पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने पाकिस्तान-ब्रिटेन संबंधों को "नई ऊंचाई" पर ले जाने का वादा किया था. ग्लोबल मिलिट्री को 232 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुबंध दिया गया था, जबकि नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन के साथ 131 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुबंध हुआ था.

### 415 मिलियन डॉलर का बिजनेस

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि, ह्ये समझौते पिछले महीने यानी अक्टूबर 2023 में समाप्त हो हुए. हर बार विमान नूर खान एयरबेस से साइप्रस में ब्रिटिश सैन्य अड्डे और फिर रोमानिया के लिए उड़ान भरता था. वह भी उस समय जब रूस रोमानिया के पड़ोसी देश यूक्रेन में युद्ध लड़ रहा था. पाकिस्तान ने 2021-22 में 13 मिलियन अमेरिकी डॉलर के हथियार निर्यात किए, जबकि 2022-23 में ये निर्यात बढ़कर 415 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया.'

### पाकिस्तान का इनकार

इस्लामाबाद ने कहा कि पाकिस्तान ने युद्ध के बीच "सख्त तटस्थता" की नीति बनाए रखी है. उस संदर्भ में यूक्रेन को कोई हथियार या गोला-बारूद उपलब्ध नहीं कराया है. इस जुलाई में पाकिस्तान की यात्रा के दौरान, यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने उन रिपोर्टों को भी खारिज कर दिया कि पाकिस्तान अपनी सेना का समर्थन करने के लिए यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति कर रहा था.

## एक नजर में : इस सड़क का फीता कटना अभी बांकि है !

नोएडा समाज जागरण डेस्क

नोएडा सेक्टर 50 स्टीपी प्लांट के सामने बनी सर्विस लेन का फिता कटना अभी बांकि है या हो सकता है इसका दुबारा से फिता कटे। क्योकि दो लेन की सड़क की जगह उपलब्ध होने के बावजूद यहाँ पर एक ही लेन मे दोनो तरफ की ट्रैफिक चल रही है। जानकारों को मानना है कि यहाँ शुरू मे दोनों ही लेन मे गाड़ियाँ चलती थी जो कि बाद मे एक लेन को बंद कर दिया गया है। हालत यह है कि बंद लेन मे कचरे का ढेर लग गया है और चालू एक ही लेन मे दोनों तरफ की गाडियाँ दौर रही है जो एक दुर्घटना संभावित जोन बनी हुई है और आने वाले समय मे जब कोहरे के कारण अंधेरा होगा तो और भी दिक्क्तों का सामना करना पड़ सकता है।






नोएडा शहर के वरिष्ठ नागरिक व अधिवक्ता श्री अनिल के गर्ग ने इस संबंध मे कहा है कि एक तरफ तो हम नोएडा को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए सपना देख रहे है दूसरी तरफ नोएडा प्राधिकरण सौंदर्यकरण और बुनियादी ढांचे को तैयार करने पर भारी सार्वजनिक धन खर्चा किए जा रहे है। इसके बावजूद भी अधिकारियों के द्वारा किए जा रहे अनिमियताओं के कारण इस सड़क की मरम्मत नही किए जा रहे है। जबकि पीक आवर के समय मे सारी ट्रैफिक यही से गुजरते है । जिसके कारण जहाँ एक तरफ दुर्घटना की संभावना बढ़ जाते है वही दूसरी तरफ सोसायटी वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उम्मीद है कि नोएडा प्राधिकरण के सीओ साहब इसका संज्ञान लेंगे और दूसरी साइड की सड़क को भी चालू करवायेंगे।

जानकारों का कहना है कि पहले इतने ट्रैफिक नही थे लेकिन अब सिटी सेंटर की तरफ से नोएडा सेक्टर 75,76,77 तथा हनुमान मूर्ति की तरफ जाने वाली गाड़ियो का यही से आना जाना होने लगी है जिसके कारण यहाँ के निवासियों को कई समस्याओं से दो दो हाथ करने पड़ रहे है।

अब सवाल उठता है कि क्या यह सड़क जो कि दो लेन की है तो कुछ दूरी तर एक लेन क्यो है ? क्या इसकी जानकारी नोएडा प्राधिकरण के जेई, सुपरवाईजर और सअधिकारियों को नही है ? अगर है तो आखर क्यों दूसरी लेन बंद पड़ी सर्विस लेन की मरम्मत नही की जा रही है ? क्या नोएडा प्राधिकरण के सरकारी अमले को एक बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार है ? क्योंकि अक्सर दुर्घटना होने के बाद जिम्मेदारों की जिम्मेदारी तय किए बगैर गाहे बगाहे मे मामले निपटा दिए जाते है।

## लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्रों को मिलेगा यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर!

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने रजिस्ट्रेशन नंबर शुरू करके अपने छात्र-छात्राओं के शैक्षिक अनुभव को बढ़ाने के उद्देश्य से एक नई पहल की घोषणा की है. यह पहल दक्षता, संचार और समग्र शिक्षण वातावरण में सुधार के लिए विश्वविद्यालय की चल रही प्रतिबद्धता का



एक हिस्सा है.

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस रजिस्ट्रेशन पर आवेदकों को एक यूनिक स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन नंबर मिलेगा, जिससे उनकी प्रवेश प्रगति को ट्रैक करना और विश्वविद्यालय के साथ संवाद करना आसान हो जाएगा. यूनिक स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन नंबर आवेदकों को वास्तविक समय में आवेदन की स्थिति, दस्तावेज (प्रपत्र) सत्यापन और शुल्क भुगतान सहित अपनी प्रवेश स्थिति की जांच करने की अनुमति देती है. इससे पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा और प्रवेश प्रक्रिया के दौरान चिंता कम होगी.

## बारिश हुई तो बिना खेले वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचेगी टीम इंडिया, न्यूजीलैंड होगी बाहर




नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में अब तक बेहद शानदार खेल दिखाया है. टीम इंडिया ने लगातार 7 मैच जीतने के बाद सबसे पहले सेमीफाइनल का सीट पक्का किया था. टूनामेंट में अपने विजय अभियान को जारी रखते हुए सारे 9 लीग मुकाबले जीतने के बाद अब भारत सेमीफाइनल के लिए तैयार है. यहां भी समीकरण कुछ ऐसे सामने आ रहे हैं जिसके मुताबिक बिना मैच खेले भी टीम फाइनल में जगह बना सकता है. टीम इंडिया के लिए अब तक बतौर मेजबान यह टूनामेंट बेमिसाल रहा है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप का आगाज जीत के साथ करने वाली भारतीय टीम ने अब तक एक भी मैच नहीं गंवाया. भारत ही एक मात्र टीम है जिसके नाम इस टूनामेंट में 100 फीसदी जीत दर्ज है. सेमीफाइनल में पहुंची साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तीनों ही टीम को टीम इंडिया ने लीग स्टेज में हराया. अब कीवी टीम से ही उसका सेमीफाइनल में मुकाबला होना है.

### भारत बिना खेले फाइनल में कैसे?

दरअसल भारत और न्यूजीलैंड के बीच जो मुकाबला होना है इसे मुंबई के वानखेडे.स्टेडियम में खेला जाना है. इस मैच में बारिश होने पर आईसीसी ने एक दिन रिजर्व में रखा हुआ है. मतलब बुधवार को मुकाबला नहीं हो पाया तो गुरुवार को इसे पूरा किया जा सकता है. अगर दोनों ही दिन बरसात की वजह से मैच नहीं खेला जा सका तो क्या होगा. इस सवाल का जवाब आईसीसी के नियम में मिलता है.

नियम के मुताबिक लीग स्टेज में अंक तालिका में जो टीम उपर रहती है वो बिना खेले फाइनल में जगह बनाती है. भारत ने अपने सभी 9 लीग मैच जीतकर टॉप पोजिशन हासिल किया था. न्यूजीलैंड की टीम चौथे नंबर पर रही थी. ऐसे में जो समीकरण सामने आ रहे हैं उसके मुताबिक भारत फाइनल में पहुंचेगा जबकि न्यूजीलैंड को बाहर होना पड़ेगा.

## सहारा प्रमुख सुब्रत रॉय का निधन, मुंबई के अस्पताल में ली आखिरी सांस

**सुब्रत राय सहारा के निधन की दुखद खबर मिली है। वे काफी लंबे समय से बीमार थे और मुंबई के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनका पार्थिव शरीर मुंबई से लखनऊ लाया जाएगा।**

मशहूर बिजनेसमैन सुब्रत रॉय सहारा का आज मुंबई में निधन हो गया। सहारा परिवार के मुखिया सुब्रत रॉय काफी दिनों से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे और उनका इलाज मुंबई के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। कल उनका पार्थिव शरीर लखनऊ के सहारा शहर लाया जायेगा जहां उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी जाएगी। सहारा इंडिया परिवार ने सहाराश्री के निधन पर शोक व्यक्त किया है। वे 75 साल के थे और काफी समय से बीमार चल रहे थे। सुब्रत राय सहारा का निधन आज रात साढ़े दस बजे मुम्बई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में हुआ।

**सहारा प्रमुख के निधन पर समाजवादी पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है और अपने ट्वीट में लिखा है कि**

**सहाराश्री सुब्रत रॉय जी का निधन, अत्यंत दुःखद। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। शोकाकुल परिजनों को ये असीम दुःख सहने का संबल प्राप्त हो। भावभीनी श्रद्धांजलि !**

**सहारा इंडिया परिवार ने जारी किया शोक संदेश**

सहारा इंडिया परिवार ने शोक संदेश में लिखा है कि अत्यंत दुख के साथ सहारा इंडिया परिवार हमारे माननीय 'सहाराश्री' सुब्रत रॉय सहारा, प्रबंध कार्यकर्ता और अध्यक्ष, सहारा इंडिया परिवार के निधन की सूचना दे रहा है। सहाराश्री जी एक प्रेरणादायक नेता और दूरदर्शी थे, मेटास्टैटिक घातकता, उच्च रक्तचाप और मधुमेह से उत्पन्न जटिलताओं के साथ एक लंबी लड़ाई के बाद कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट के कारण 14 नवंबर 2023 को रात 10.30 बजे उनका निधन हो गया। स्वास्थ्य में गिरावट के बाद उन्हें 12 नवंबर, 2023 को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल और मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (केडीएएच) में भर्ती कराया गया था।

# संजीव-नी।

नफरतों से प्यार का नही रास्ता बनता ,
लालच,लोभ से कोई नही वास्ता बनता।

जहां राग, द्वेष और दुश्मनी व्याप्त हो,
ऐसे में कोई सच्चा नही रिश्ता बनता।

कौन किसी का दुखड़ा सुनता है यहां,
ऐसे में कोई किसी से नही वास्ता बनता।

ऊपरी तौर पर मिलते , सब अच्छे से,
दिलों से दिल का रास्ता नहीं मिलता।

हर तरफ सन्नाटा अकेलापन क्यों है,
भाई भाई से खास नही रिस्ता रखता।

रिश्ते, प्यार, सहानुभूति अब हवा हो गई ,
दो मीठे शब्द बोलने वाला नही सच्चा मिलता।

कैसे दिखावटी रिश्ते बच गए हैं,
अपनों से सच्चा कोई नही वास्ता रखता।

प्यार, मोहब्बत,नाते, रिश्ते खो गए सब।
मोहब्बत का कोई शब्द अब सस्ता नहीं मिलता।

बूढ़ा आदमी भी तरसता सुनने को बच्चों के शब्द,
मौत तो आनी ही है,पर जिंदगी का नही रास्ता मिलता।



संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़,

# सानिया मिर्जा

सानिया मिर्जा ने छह वर्ष की उम्र में टेनिस खेलना शुरू किया। महेश भूपति के पिता सी. के. भूपति की देखरेख में उसकी टेनिस शिक्षा शुरू हुई। हैदराबाद के निजाम क्लब से शुरूआत करने के बाद वह अमेरिका की एस टेनिस एक्रेडेमी गई। 1999 में उसने जूनियर स्तर पर पहली बार भारत का प्रतिनिधित्व किया। सानिया जब 14 वर्ष की भी नहीं थी तब उसने पहला आई.टी.एफ. जूनियर टूर्नामेंट इस्लामाबाद में खेला था। 2002 में भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने बुसान एशियाड के पूर्व 16 वर्षीय सानिया मिर्जा को खेलते देखा और निश्चय किया कि वह सानिया मिर्जा के साथ डबल्स में उतरेंगे। फिर इस देश को कांस्य पदक दिलाया। उसके बाद सानिया ने 17 वर्ष की उम्र में विंबलडन का जूनियर डबल्स चैंपियनशिप खिताब जीता था।

पारिवारिक सहयोग

सानिया मिर्जा के पिता इमरान मिर्जा अक्सर उसके अभ्यासों के दौरान



उसके साथ रहते हैं। कभी माँ तो कभी पिता सानिया के साथ रहते हैं, अतः माता-पिता दोनों साथ-साथ कम ही रह पाते हैं। सानिया पूरे वर्ष घर से बाहर रहती है। इमरान मिर्जा का मानना है कि सानिया को खिलाड़ी बनाने के लिए उनके परि-वार को बहुत योगदान देना पड़ा है। वैसे तो किसी भी खिलाड़ी को शीर्ष पर पहुँचाने के लिए उसके पीछे कई लोगों का योगदान होता है।

# देश की लोकतांत्रिक आस्था और उसका परिमार्जित मूल्यांकन

आजादी के 75 वे वर्ष के व्यतीत हो जाने के बाद स्वाधीनता एवं लोकतंत्र की आस्था का सही मूल्यांकन किया जाना चाहिए। हमें स्वतंत्रता अनथक मेहनत एवं खून पसीना बहाने के बाद प्राप्त हुई है। स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास को हमें अनंत काल तक बनाए रखना है और इसके साथ ही स्वाधीनता को भी चिरकाल तक अस्मिता की तरह संजोए रखने की आवश्यकता है। जातिभेद, रंगभेद और सामाजिक कुरीतियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को और ताकतवर बनाना है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2022 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है' वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरूआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 131 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पाया' वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाए' संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पाया' हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगा' केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती है' गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती है' हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगा' यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता है' भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा है' जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय है' इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है,बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया है' जिस-का फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते हैं' 1947 के बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 1955 में सिविल अधिकार एक्ट लागू किया इसके बावजूद हालात जस के तस हैं' हमारा देश एक बहू धार्मिक सांस्कृतिक एवं विविधता वाला देश है ' भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना जाता है। सांप्रदायिकता को रोकने के लिए संसद में अनेक संशोधन हुए हैं इसके बावजूद देश में धार्मिक सौहार्द बनाने में बहुत असफलताएं सामने आई है। यहां सांप्रदायिक दंगे भी हुए हैं, जिसे सरकार रोकने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन सदैव उन्हें असफलता ही हाथ लगी है' संप्रदाय, जाति प्रथा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे तथा चर्च के विवाद के कारण ही सांप्रदायिकता सदैव खतरे में रही है' सांप्रदायिक सौहार्द्र बढ़ाने के कई पहलुओं पर गहन चिंतन मनन भी किया गया पर इसमें बहुत बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है, सांप्रदायिकता के साथ जुड़ी हुई आतंकवाद की घटनाएं हुई इस संदर्भ में जोड़ी जाती रही है' आतंकवाद, नक्सली समस्या केवल भारत देश की नहीं है यह अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुकी है' भारत आतंकवाद से स्वतंत्रता के बाद से लगभग 73 वर्ष से इस समस्या से जूझ रहा है कश्मीर में आतंकवाद, झारखंड, बिहार,बस्तर, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश,तेलंगाना में नक्सली समस्या अपना सिर उठा चुकी है' हमारे परंपरागत दुश्मन वैसे तो पाकिस्तान और चीन है पर पाकिस्तान और तालिबान एक साथ मिलकर कश्मीर में आतंकवाद का तांडव मचाकर भारत में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर भी किया है' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल से भारत को स्वच्छ निर्मल और स्वस्थ रखने की नई योजनाओं को लागू कर उस पर अमल करना शुरू किया है। स्वच्छ भारत भी एक अभियान की तरह भारत में प्रचलित है' महात्मा गांधी की सदैव कल्पना रही है कि भारत स्वच्छ रहे और इसी कार्यक्रम में सरकार ने सभी शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय बनाने की योजना को तीव्र स्तर पर लागू भी किया है' पर यह शत-प्रतिशत अनुपालन में नहीं आई है' इसके अलावा भारत कई योजनाओं में एक साथ काम कर रहा है, जैसे चुनाव में संशोधन,श्रम कानूनों में सुधार, पंचायती राज में संशोधन, आर्थिक सशक्तिकरण तथा कार्यपालिका न्यायपालिका तथा विधायिका में सामंजस्य बनाने का प्रयास भी किया गया' भारत में हर वर्ष बाढ़, सूखा तथा भूकंप के झटके भी महसूस किए जाते रहे और इस पर प्रभावी नियंत्रण लाने का प्रयास भी किया गया है। इसके लिए भी अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। कुल मिलाकर नवीन भारत की संकल्पना के साथ भारत में तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए अपनी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाना चाहिए, तब जाकर भारत एक नवीन भारत की कल्पना को साकार रूप दे सकता है एवं विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकता है।



संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

# जयशंकर प्रसाद

जिस समय खड़ी बोली और आधुनिक हिन्दी साहित्य किशोरावस्था में पदार्पण कर रहे थे उस समय जयशंकर प्रसाद का जन्म सन 1889 ई. (माघ शुक्ल दशमी, संवत 1946 वि.) वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ था।[2] कवि के पितामह शिव रत्न साहु वाराणसी के अत्यन्त प्रतिष्ठित नागरिक थे और एक विशेष प्रकार की सुरती (तम्बाकू) बनाने के कारण 'सुँघनी साहु' के नाम से विख्यात थे। उनकी दानशीलता सर्व-विदित थी और उनके यहाँ विद्वानों कलाकारों का समादर होता था। जयशंकर प्रसाद के पिता देवीप्रसाद साहु ने भी अपने पूर्वजों की परम्परा का पालन किया। इस परिवार की गणना वाराणसी के अतिशय समृद्ध घरानों में थी और धन-वैभव का कोई अभाव न था। प्रसाद का कुटुम्ब शिव का उपासक था। माता-पिता ने उनके जन्म के लिए अपने इष्टदेव से बड़ी प्रार्थना की थी। वैद्यनाथ धाम के झारखण्ड से लेकर उज्जयिनी के महाकाल की आराधना के फलस्वरूप पुत्र जन्म स्वीकार कर लेने के कारण शैशव में जयशंकर प्रसाद को 'झारखण्डी' कहकर पुकारा जाता था। वैद्यनाथधाम में ही जयशंकर प्रसाद का नामकरण संस्कार हुआ।

शिक्षा

जयशंकर प्रसाद की शिक्षा घर पर ही आरम्भ हुई। संस्कृत, हिन्दी, फारसी, उर्दू के लिए शिक्षक नियुक्त थे। इनमें रसमय सिद्ध प्रमुख थे। प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों के लिए दीनबन्धु ब्रह्मचारी शिक्षक थे। कुछ समय के बाद स्थानीय क्वीन्स कॉलेज में प्रसाद का नाम लिख दिया गया, पर यहाँ पर वे आठवीं कक्षा तक ही पढ़ सके। प्रसाद एक अध्यवसायी व्यक्ति थे और नियमित रूप से अध्ययन करते थे।

पारिवारिक विपत्तियाँ

प्रसाद की बारह वर्ष की अवस्था थी, तभी उनके पिता का देहान्त हो गया। इसी के बाद परिवार में गृहक्लेश आरम्भ हुआ और पैतृक व्यवसाय को इतनी क्षति पहुँची कि वही 'सुँघनीसाहु का परिवार, जो वैभव में लोटता था, ऋण के भार से दब गया। पिता की मृत्यु के दो-तीन वर्षों के भीतर ही प्रसाद की माता का भी देहान्त हो गया और सबसे दुर्भाग्य का दिन वह आया, जब उनके ज्येष्ठ भ्राता शम्भूरतन चल बसे तथा सत्रह वर्ष की अवस्था में ही प्रसाद को एक भारी उत्तरदायित्व सम्भालना पड़ा। प्रसाद का अधिकांश जीवन वाराणसी में ही बीता था। उन्होंने अपने जीवन में केवल तीन-चार बार यात्राएँ की थी, जिनकी छाया उनकी कतिपय रचनाओं में प्राप्त हो जाती हैं। प्रसाद को काव्यसृष्टि की आरम्भिक प्रेरणा घर पर होने वाली समस्या पूर्तियों से प्राप्त हुई, जो विद्वानों की मण्डली में उस समय प्रचलित थी।

बहुमुखी प्रतिभा

प्रसाद जी का जीवन कुल 48 वर्ष का रहा है। इसी में उनकी रचना प्रक्रिया इसी विभिन्न साहित्यिक विधाओं में प्रतिफलित हुई कि कभी-कभी आश्चर्य होता है। कविता, उपन्यास, नाटक और निबन्ध सभी में उनकी गति समान है। किन्तु अपनी हर विद्या में उनका कवि सर्वत्र मुखरित है। वस्तुतः एक कवि की गहरी कल्पनाशीलता ने ही साहित्य को अन्य विधाओं में उन्हें विशिष्ट और व्यक्तिगत प्रयोग करने के लिये अनुप्रेरित किया। उनकी कहानियों का अपना पृथक और सर्वथा मौलिक शिल्प है, उनके चरित्र-चित्रण का, भाषा-सौष्ठव का, वाक्यगठन का एक सर्वथा निजी प्रतिष्ठान है। उनके नाटकों में भी इसी प्रकार के अभिनव और श्लाघ्य प्रयोग मिलते हैं। अभिनेयता को दृष्टि में रखकर उनकी बहुत आलोचना की गई तो उन्होंने एक बार कहा भी था कि रंगमंच नाटक के अनुकूल होना चाहिये न कि नाटक रंगमंच के अनुकूल। उनका यह कथन ही नाटक रचना के आन्तरिक विधान को अधिक महत्त्वपूर्ण सिद्व कर देता है।

कविता, नाटक, कहानी, उपन्यास-सभी क्षेत्रों में प्रसाद जी एक नवीन 'स्कूल' और नवीन जीवन-दर्शन की स्थापना करने में सफल हुये हैं। वे 'छायावाद' के संस्थापकों और उन्नायकों में से एक हैं। वैसे सर्वप्रथम कविता के क्षेत्र में इस नव-अनुभूति के वाहक वही रहे हैं और प्रथम विरोध भी उन्हीं को सहना पड़ा है। भाषा शैली और शब्द-विन्यास के निर्माण के लिये जितना संघर्ष प्रसाद जी को करना पडा है, उतना दूसरों को नही।[2]

आरम्भिक रचनाएँ

कहा जाता है कि नौ वर्ष की अवस्था में ही जयशंकर प्रसाद ने 'कलाधर' उपनाम से ब्रजभाषा में एक सवैया लिखकर अपने गुरु रसमयसिद्ध को दिखाया था। उनकी आरम्भिक रचनाएँ यद्यपि ब्रजभाषा में मिलती हैं। पर क्रमशः वे खड़ी बोली को अपनाते गये और इस समय उनकी ब्रजभाषा की जो रचनाएँ उपलब्ध हैं, उनका महत्त्व केवल ऐतिहासिक ही है। प्रसाद की ही प्रेरणा से 1909 ई. में उनके भांजे अम्बिका प्रसाद गुप्त के सम्पादकत्व में "इन्दु" नामक मासिक पत्र का प्रकाशन आरम्भ हुआ। प्रसाद इसमें नियमित रूप से लिखते रहे और उनकी आरम्भिक रचनाएँ इसी के अंकों में देखी जा सकती हैं। कालक्रम के अनुसार 'चित्राधार' प्रसाद का प्रथम संग्रह है। इसका प्रथम संस्करण 1918 ई. में हुआ। इसमें कविता, कहानी, नाटक, निबन्ध सभी का संकलन था और भाषा ब्रज तथा खड़ी बोली दोनों थी। लगभग दस वर्ष के बाद 1928 में जब इसका दूसरा संस्करण आया, तब इसमें ब्रजभाषा की रचनाएँ ही रखी गयीं। साथ ही इसमें प्रसाद की आरम्भिक कथाएँ भी संकलित हैं। 'चित्राधार' की कविताओं को दो प्रमुख भागों में विभक्त किया जा सकता है। एक खण्ड उन आख्यानक कविताओं अथवा कथा काव्यों का है, जिनमें



प्रबन्धात्मकता है। अयोध्या का उद्धार, वनमिलन, और प्रेमराज्य तीन कथाकाव्य इसमें संग्रहीत हैं। 'अयोध्या का उद्धार' में लव द्वारा अयोध्या को पुनः बसाने की कथा है। इसकी प्रेरणा कालिदास का 'रघुवंश' है। 'वनमिलन' में 'अभिज्ञानशाकुन्तलम' की प्रेरणा है। 'प्रेमराज्य' की कथा ऐतिहासिक है। 'चित्राधार' की स्फुट रचनाएँ प्रकृतिविषयक तथा भक्ति और प्रेमसम्बन्धिनी है। 'कानन कुसुम' प्रसाद की खड़ीबोली की कविताओं का प्रथम संग्रह है। यद्यपि इसके प्रथम संस्करण में ब्रज और खड़ी बोली दोनों की कविताएँ हैं, पर दूसरे संस्करण (1918 ई.) तथा तीसरे संस्करण (1929 ई.) में अनेक परिवर्तन दिखायी देते हैं और अब उसमें केवल खड़ीबोली की कविताएँ हैं। कवि के अनुसार यह 1966 वि. (सन 1909 ईसवी) से 1974 वि. (सन 1917 ईसवी) तक की कविताओं का संग्रह है। इसमें भी ऐतिहासिक तथा पौराणिक कथाओं के आधार पर लिखी गयी कुछ कविताएँ हैं।

रचनाएँ

प्रसाद जी की रचनाओं का संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है-

कामायनी

कामायनी महाकाव्य कवि प्रसाद की अक्षय कीर्ति का स्तम्भ है। भाषा, शैली और विषय-तीनों ही की दृष्टि से यह विश्व-साहित्य का अद्वितीय ग्रन्थ है। 'कामायनी' में प्रसादजी ने प्रतीकात्मक पात्रों के द्वारा मानव के मनोवैज्ञानिक विकास को प्रस्तुत किया है तथा मानव जीवन में श्रद्धा और बुद्धि के समन्वित जीवन-दर्शन को प्रतिष्ठा प्रदान की है।

आँसू

आँसू कवि के मर्मस्पर्शी वियोगपरक उदगारों का प्रस्तुतीकरण है।

लहर

यह मुक्तक रचनाओं का संग्रह है।

झरना

प्रसाद जी की छायावादी शैली में रचित कविताएँ इसमें संग्रहीत हैं।

चित्राधार

चित्राधार प्रसाद जी की ब्रज में रची गयी कविताओं का संग्रह है।

गद्य रचनाएँ

प्रसाद जी की प्रमुख गद्य रचनाएँ निम्नलिखित हैं-

नाटक

चन्द्रगुप्त, ध्रुवस्वामिनी, स्कन्दगुप्त, जनमेजय का नागयज्ञ, एक घूँट, विशाख, अजातशत्रु आदि।

कहानी-संग्रह

प्रतिध्वनि, छाया, आकाशदीप, आँधी तथा इन्द्रजाल आपके कहानी संग्रह हैं।

उपन्यास

तितली और कंकाल।

निबन्ध

काव्य और कला।

अन्य रचनाएँ

अन्य कविताओं में विनय, प्रकृति, प्रेम तथा सामाजिक भावनाएँ हैं। 'कानन कुसुम' में प्रसाद ने अनुभूति और अभिव्यक्ति की नयी दिशाएँ खोजने का प्रयत्न किया है। इसके अनन्तर कथाकाव्यों का समय आया है। 'प्रेम पथिक' का ब्रजभाषा स्वरूप सबसे पहले 'इन्दु' (1909 ई.) में प्रकाशित हुआ था और 1970 वि. में कवि ने इसे खड़ीबोली में रूपान्तरित किया। इसकी विज्ञप्ति में उन्होंने स्वयं कहा है कि "यह काव्य ब्रजभाषा में आठ वर्ष पहले मैंने लिखा था।" 'प्रेम पथिक' में एक भावमूलक कथा है। जिसके माध्यम से आदर्श प्रेम की

# बिरसा मुंडा

बिरसा मुंडा का जन्म 1875 ई. में झारखण्ड राज्य के राँची में हुआ था। उनके पिता, चाचा, ताऊ सभी ने ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया था। बिरसा के पिता 'सुगना मुंडा' जर्मन धर्म प्रचारकों के सहयोगी थे। बिरसा का बचपन अपने घर में, ननिहाल में और मौसी की ससुराल में बकरियों को चराते हुए बीता। बाद में उन्होंने कुछ दिन तक 'चाईबासा' के जर्मन मिशन स्कूल में शिक्षा ग्रहण की। परन्तु स्कूलों में उनकी आदिवासी संस्कृति का जो उपहास किया जाता था, वह बिरसा को सहन नहीं हुआ। इस पर उन्होंने भी पादरियों का और उनके धर्म का भी मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। फिर क्या था। ईसाई धर्म प्रचारकों ने उन्हें स्कूल से निकाल दिया।

लोगों का विश्वास

इसके बाद बिरसा के जीवन में एक नया मोड़ आया। उनका स्वामी आनन्द पाण्डे से सम्पर्क हो गया और उन्हें हिन्दू धर्म तथा महाभारत के पात्रों का परिचय मिला। यह कहा जाता है कि 1895 में कुछ ऐसी आलौकिक घटनाएँ घटीं, जिनके कारण लोग बिरसा को भगवान का अवतार मानने लगे। लोगों में यह विश्वास दृढ़ हो गया कि बिरसा के स्पर्श मात्र से ही रोग दूर हो जाते हैं।

प्रभाव में वृद्धि

जन-सामान्य का बिरसा में काफी दृढ़ विश्वास हो चुका था, इससे बिरसा को अपने प्रभाव में वृद्धि करने में मदद मिली। लोग उनकी बातें सुनने के लिए बड़ी संख्या में एकत्र होने



लगे। बिरसा ने पुराने अंधविश्वासों का खंडन किया। लोगों को हिंसा और मादक पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। उनकी बातों का प्रभाव यह पड़ा कि ईसाई धर्म स्वीकार करने वालों की संख्या तेजीसे घटने लगी और जो मुंडा ईसाई बन गये थे, वे फिर से अपने पुराने धर्म में लौटने लगे।

गिरफ़्तारी

बिरसा मुंडा ने किसानों का शोषण करने वाले जमींदारों के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा भी लोगों को दी। यह देखकर ब्रिटिश सरकार ने उन्हें लोगों की भीड़ जमा करने से रोका। बिरसा का कहना था कि मैं तो अपनी जाति को अपना धर्म सिखा रहा हूँ। इस पर पुलिस ने उन्हें गिरफ़्तार करने का प्रयत्न किया, लेकिन गांव वालों ने उन्हें छुड़ा लिया। शीघ्र ही वे फिर गिरफ़्तार करके दो वर्ष के लिए हजा-रीबाग जेल में डाल दिये गये। बाद में उन्हें इस चेतावनी के साथ छोड़ा गया कि वे कोई प्रचार नहीं करेंगे।

संगठन का निर्माण

परन्तु बिरसा कहाँ मानने वाले थे। छूटने के बाद उन्होंने अपने अनुयायियों के दो दल बनाए। एक दल मुंडा धर्म का प्रचार करने लगा और दूसरा राजनीतिक कार्य करने लगा। नए युवक भी भर्ती किये गए। इस पर सरकार ने फिर उनकी गिरफ़्तारी का वारंट निकाला, किन्तु बिरसा मुंडा पकड़ में नहीं आये। इस बार का आन्दोलन बलपूर्वक सत्ता पर अधिकार के उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ा। यूरोपीय अधिकारियों और पादरियों को हटाकर उनके स्थान पर बिरसा के नेतृत्व में नये राज्य की स्थापना का निश्चय किया गया।

# कुंवर नारायण

जीवन परिचय

19 सितम्बर, 1927 ई. को कुंवर नारायण का जन्म उत्तर प्रदेश के फैजाबाद ज़िले में हुआ था। कुंवर जी ने अपनी इंटर तक की शिक्षा विज्ञान वर्ग के अभ्यर्थी के रूप में प्राप्त की थी, किंतु साहित्य में रुचि होने के कारण वे आगे साहित्य के विद्यार्थी बन गये थे। उन्होंने 'लखनऊ विश्वविद्यालय' से 1951 में अंग्रेजी साहित्य में एम.ए. किया। 1973 से 1979 तक वे 'संगीत नाटक अकादमी' के उप-पीठाध्यक्ष भी रहे। कुंवर जी ने 1975 से 1978 तक अज्ञेय द्वारा सम्पादित मासिक पत्रिका में सम्पादक मंडल के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। कुंवर नारायण की माता, चाचा और फिर बहन की असमय ही टी.बी. की बीमारी से मृत्यु हो गई थी। बीमारी से उनकी बहन बृजरानी की मात्र 19 वर्ष की अवस्था में ही मृत्यु हुई थी। इससे उन्हें बड़ा कष्ट और दुःख पहुँचा था। कुंवर नारायण के अनुसार -

मृत्यु का यह साक्षात्कार व्यक्तिगत



स्तर पर तो था ही सामूहिक स्तर पर भी था। द्वितीय विश्व युद्ध खत्म होने के बाद सन पचपन में मैं पौलेंड गया था। विश्वनाथ प्रताप सिंह भी गए थे मेरे साथ। वहाँ मैंने युद्ध के विध्वंस को देखा। तब मैं सत्ताइस साल का था। इसीलिए मैं अपने लेखन में जिजीविषा की तलाश करता हूँ। मनुष्य की जो जिजीविषा है, जो जीवन है, वह बहुत बड़ा यथार्थ है।[1]

लखनऊ विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में परास्नातक करने के बाद कुंवर नारायण ने पुश्तैनी ऑटोमोबाइल बिजनेस में काम करना शुरू कर दिया था लेकिन बाद में आचार्य जे. बी. कृपलानी, आचार्य नरेन्द्र देव और सत्यजीत रे से प्रभावित होकर उनकी रूचि साहित्य में बढ़ती गई।

लेखन कार्य

कुंवर नारायण इस दौर के सर्वश्रेष्ठ साहित्यकार हैं। उनकी काव्ययात्रा 'चक्रव्यूह' से शुरू हुई थी। इसके साथ ही उन्होंने हिन्दी के काव्य पाठकों में एक नई तरह की समझ पैदा की।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# बाल दिवस के अवसर पर राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह, किशोर में किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन मे तथा अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय के दिशा-निर्देशन व प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड दिव्याकांत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आज बाल दिवस के अवसर पर राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह, किशोर में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बताया गया कि बाल दिवस 14 नवंबर को मनाया जाता है, इस दिन देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन हुआ था, जिसके उपलक्ष्य में बाल दिवस मनाया जाता है। शिविर में बताया कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरुक करना है।

आयोजित शिविर के अवसर पर शासन व प्रशासन द्वारा बच्चों के हितार्थ संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इसके अतिरिक्त बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी बताया गया। बच्चों को उनके मुकदमों की पैरवी आदि से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी गयी। शिविर में प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड दिव्याकांत सिंह राठौड़, क्राफ्ट प्रशिक्षक धर्मेंद्र मौर्य व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# नोएडा हॉट मे आयोजित दिवाली उत्सव मे रही प्रचार-प्रसार की कमी।

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

नोएडा हॉट मे आयोजित दिवाली उत्सव को लेकर प्रचार-प्रसार की भारी कमी देखने को मिली है जिसके कारण विभिन्न शहरों, कस्बो और ग्रामीण






क्षेत्रों वोकल फॉर लोकल के तहत स्वदेशी उत्पादकों में निराशा का भाव रहा। दिवाली पूर्व 26 अक्टुबर ले 11 नंवबर तक आयोजित मेले को लेकर दुकानदारों का कहना था इस बार मेले का प्रचार प्रसार बिल्कुल किया ही नही गया है। पिछली बार जब हम लोग आये थे तो पूरे नोएडा शहर बैनर पोस्टर होंर्डिंग से पटा पड़ा था लेकिन इस बार कही कुछ देखने को नही मिला। इसके अलावा मिडिया के माध्यम से भी प्रचार प्रसार कम ही किया गया। जिसके कारण इस बार की दिवाली मेला मे बिक्री थोड़ा कम रहा। कई दुकानदार का कहना था कि हम लोग यहाँ आने के बाद सोशल मिडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किये तब जाकर थोड़ा कुछ हुआ।

## कुछ काम तो धनतेरस के दिन इन्द्रदेव ने बिगाड़ दिया।

कुछ व्यवसायियों को कहना था कि मेला पहले कि तरह तो नही लेकिन ठीक ठाक रहा। धनतेरस के दिन आये बारिश के कारण भी कुछ बिक्री पर असर पड़ा। बारिश के कारण सामान भी काफी भींग गया। बारिश के कारण ग्राहक भी कम पहुँचा जिसके कारण कुछ कम रहा। हालांकि नोएडा हॉट मे इस बार जितने स्टाल उपलब्ध है उससे कही ज्यादा दुकानदारों ने भाग लिया था जिनकों स्टाल के बराबर मे खाली पड़े जगहो पर स्थान दिया गया। उनका कहना था कि छत को बारिश मे टपकने के कारण बहुत ज्ड़ादा समान भिंग गया है जिससे काफी नुकसान हुआ है। इसके अलावा प्रचार प्रसार भी कम रहा है इस बार किसी भी प्रकार से मेला आयोजक के द्वारा ध्यान नही दिया गया। पहले एलईडी वगैरह भी लगे होते थे जो कि इस बार नही लगाया गया था।

इस संबंध मे कुछ विशेषज्ञो का मानना है कि इस बार वोकल फॉर लोकल को लेकर लोकल बाजारों मे भी काफी धूम रहा है। लोगों ने अपने क्षेत्रीय बाजारों से भी बड़ी मात्रा मे लोकल बने सामानों की खरीदारी किया है यह भी एक कारण हो सकता है। इसके अलावा बारिश के कारण हो सकता है।

## बाल दिवस के अवसर पर हट्यूमन हेल्प मेमोरियल ट्रस्ट एण्ड रिसर्च सेण्टर के दौरा बच्चो को दी गई निशुल्के कॉपी किताबे`

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । हट्यूमन हेल्प मेमोरियल ट्रस्ट एण्ड रिसर्च सेण्टर के द्वारा बाल दिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को लखनऊ के राजेन्दरे नगर मे रहने वाले गरीब व असहाय बच्चों को निशुल्के कॉपी किताबे दी गई और बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया जिसका आयोजन केसव कल्याण मण्डप, विद्या मार्केट राजेन्द्र नगर, लखनऊ में किया गया। इस कार्यक्रम मे के मुख्य अतिथि के रूप मे क्षेत्रीय सभासद` राजेश कुमार दिक्षित व ट्रस्ट के सदस्य प्रेरणा श्रीवास्तव, संगम रावत, विनोद कुमार भारती, निखिले द्विवेदी, एकता मिश्रा, तेजस्विनी श्रीवास्तव भी शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब व असहाय बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूके करना है। शिक्षात्मक अन्तर को कम करना और प्रत्येक बच्ची को सामाजिक - आर्थिके पृष्ठभूमि के बावजूद, उनके शिक्षा के प्रति उत्साही बनाये रखने के लिये उनको उचित मद्दते प्रदान करना है`

# दनकौर से लगभग 3 किलोमीटर पूर्व दिशा में अस्तौली ग्राम के समीप स्थित फाटक संख्या 138/सी, 15 नवंबर से 17 नवंबर, 2023 तक मरम्मत होने के कारण रहेगा बंद।

**समाज जागरण डेस्क**

गौतमबुद्धनगर 14 नवंबर, 2023 उत्तर मध्य रेलवे दादरी के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने जानकारी देते हुए अवगत कराया गया है कि दनकौर से लगभग 3 किलोमीटर पूर्व दिशा में अस्तौली ग्राम के समीप स्थित फाटक संख्या 138/सी पर मरम्मत कार्य होने के फलस्वरुप दिनांक 15 नवंबर 2023 सुबह 8 बजे से 17 नवंबर, 2023 की शाम 8 बजे तक बंद रहेगा। इस संबंध में उन्होंने आम नागरिकों का आह्वान किया है कि इस मार्ग से जाने वाले नागरिक फाटक बंद होने की अवधि के दौरान अन्य मार्गों का प्रयोग कर सकते हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

# मुख्य सचिव ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश मंडप का किया शुभारंभ

## राम मंदिर और एक जिला एक उत्पाद थीम पर राज्य की विकास गाथा का प्रदर्शन

**समाज जागरण डेस्क**

दिनांक : 14.11.2023 दिल्ली के प्रगति मैदान में मंगलवार से शुरू हुए 42 वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला- 2023 में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने उत्तर प्रदेश मंडप का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश पवेलियन के ओडीओपी मार्ट में हस्त निर्मित उत्पादों के विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया और कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्य सचिव ने इस अवसर पर अपने संबोधन में

**ओडीओपी स्टालों का मुख्य सचिव ने लिया जायजा**

**पिछले वर्ष की तरह उत्तर प्रदेश इस वर्ष भी फोकस स्टेट के रूप में उत्तर प्रदेश में निवेशकों के लिए एक अच्छा माहौल**

कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को 500 वर्ष पश्चात रामलला अपने मंदिर में विराजेंगे और हम बड़े भाग्यशाली हैं कि हम सब इसके साक्षी बनेंगे। उत्तर प्रदेश पवेलियन में प्रदेश के सभी जनपदों के ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। उत्तर प्रदेश को महाराष्ट्र, जम्मू और कश्मीर तथा दिल्ली राज्यों के साथ-साथ फोकस स्टेट के रूप में प्रदर्शित किया गया है। पिछले वर्ष 2022 में भी उत्तर प्रदेश को फोकस स्टेट के रूप में प्रदर्शित किया गया था।

मुख्य सचिव ने कहा उत्तर प्रदेश कारीगरी के लिए बहुत मशहूर है। उत्तर प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई की छोटी-छोटी



यूनिट कार्यरत है।अभी कुछ समय पूर्व उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित हुआ था, जहां पर लगभग 70 हजार से अधिक देश-विदेश से खरीददार आए थे। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में ओडीओपी के माध्यम से प्रत्येक जिले के उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय मार्केट में निर्यात किए जाने पर कार्य किया जा रहा है।आज उत्तर प्रदेश का एक्सपोर्ट 86 करोड़ से बढ़कर 1.74 लाख करोड़ हो गया है। माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा एवं डिजिटलाइजेशन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के प्रोडक्ट देश-विदेश में पॉपुलर हो रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। इस ट्रेड फेयर के माध्यम से निवेशकों को लुभाने का एक अच्छा मौका है और उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए एक हब के रूप में तथा ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि फरवरी माह में जब उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हुई तो उत्तर प्रदेश में 35.50 लाख करोड़ का एमओयू साइन हुआ, जो इस समय बढ़कर 38 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच गया है।



मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वॉटरवेज पर भी जोर दिया जा रहा है । इस समय काशी से हल्दिया तक वॉटरवेज बना हुआ है और आगे भी बढ़ाने का कार्य प्रगति पर है। माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश हर तरह से आगे बढ़ रहा है, चाहे वह यूनिवर्सिटी हो अथवा बैंकिंग या कृषि का क्षेत्र हो, उत्तर प्रदेश में निवेशकों के लिए एक अच्छा माहौल है । अभी हाल ही में आई नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक भी यूपी में अच्छा इन्वेस्टमेंट आ रहा है और आने वाले समय में और भी निवेशक आएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले समय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन का लक्ष्य पूरा करेगी। इस अवसर पर शासन तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण एवं एमएसएमई से संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। सुनील कुमार कनौजिया, प्रभारी निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सूचना केंद्र नई दिल्ली

# विश्व सी०ओ०पी०डी० दिवस-2023 श्वांस ही जीवन है : जल्द प्रयास करें

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । बढ़ते वायु प्रदूषण के साथ हम लोग सी०ओ०पी०डी० की महामारी के तरफ अग्रसर हैं। अभी प्रयास करें। ऐसा न हो कि बहुत देर हो जायें।" प्रो० (डा०) वेद प्रकाश




- वैश्विक प्रसारः दुनिया भर में लगभग 38 करोड़ 40 लाख लोग सी०ओ०पी०डी० से प्रभावित है।
- वैश्विक बोझ सी०ओ०पी०डी० वैश्विक स्तर पर रुग्णता और मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण है और मृत्यु दर का चौथा प्रमुख करण है जो गैर-संचारी रोगों के बोझ में महत्वपूर्ण योगदान देता है। ड्ट अनुमानित रैंकिंग : एक अनुमान के हिसाब से 2030 तक सी०ओ०पी०डी० दुनिया भर में मौत का तीसरा प्रमुख कारण है।
- मृत्यु दर सी०ओ०पी०डी० सालाना बडी संख्या में मौतों के लिए जिम्मेदार है। ड्ट आयु वितरण : जबकि सी०ओ०पी०डी० सभी उम्र के व्यक्तियों को प्रभावित कर सकता है, यह वृद्धावस्था में अधिक देखा जाता है। उम्र के साथ इसका प्रसार बढ़ता जाता है। ड्ट एक अनुमान है कि भारत में 5 करोड़ 50 लाख से अधिक लोग सी०ओ०पी०डी० से पीड़ित है।
- भारत में सी०ओ०पी०डी० के लिए धूम्रपान एक प्रमुख कारक है। बताया गया है कि देश में सी०ओ०पी०डी० के मामले लगभग 40 प्रतिश तमामले तंबाकू धूम्रपान के सेवन के कारण होते है। जबकि दुनिया भर में एक तिहाई से अधिक मामले बिना धूम्रपान के भी होते है।
- घरों में खाना पकाने के लिए बायोमास ईंधन जैसे कोयला, चूल्हे का उपयोग विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सी०ओ०पी०डी० के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। इसके अतिरिक्त सी०ओ०पी०डी० के मामले का एक बड़ा हिस्सा अज्ञात रहता है जिससे वास्तविक प्रसार को कम करके आंका जाता है।
- अकेले संयुक्त राज्य अमेरिका में सी०ओ०पी०डी० के लिए प्रत्यक्ष चिकित्सा लागत सालाना 32 अरब डालर से अधिक होने का अनुमान लगाया जाता है।
- सी०ओ०पी०डी० आमतैर पर अन्य पुरानी दीर्घकालिक बीमारियां जैसे हृदय रोग, मधुमेह और मानसिक स्वास्थ्य विकारों के साथ होने पर रोगी की स्वास्थ्य स्थिति और जटिल और गम्भीर हो जाती है।

# दिवाली त्यौहारों पर देश में 3.75 लाख करोड़ का रिकॉर्ड व्यापार हुआ

## वोकल फॉर लोकल का चला जादू - चीन को 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के व्यापार का हुआ नुकसान

**समाज जागरण डेस्क**

कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खंडेलवाल ने आज एक संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि इस वर्ष के दिवाली सीजन में देश भर के बाजारों में 3.75 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का रिकॉर्ड तोड़ व्यापार हुआ और सभी त्यौहारों पर ग्राहकों द्वारा जमकर भारतीय वस्तुओं की खरीदारी की गई । अभी गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छठ पूजा एवं तुलसी विवाह त्यौहार शेष हैं जिनमें लगभग 50 हजार करोड़ रुपये के और व्यापार होने की संभावना है ।

इस बार चीन को दिवाली पर्व पर लगभग 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के व्यापार का बड़ा नुकसान हुआ । पूर्व वर्षों में दिवाली त्यौहारों पर चीन से बनी वस्तुओं को लगभग 70% बाजार भारत का मिल जाता था जो इस बार बिलकुल भी नहीं मिला। देश में किसी भी व्यापारी ने इस वर्ष चीन से दिवाली से संबंधित किसी भी वस्तु का कोई इंपोर्ट नहीं किया। साफ तौर पर यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान का असर है ।कैट ने इस दिवाली देश भर में ह्न भारतीय उत्पाद-सबका उस्तादह्न अभियान चलाया जो बेहद सफल रहा जिसको देश भर में ग्राहकों का बड़ा समर्थन मिला। श्री भरतिया एवं श्री खंडेलवाल ने कहा कि एक मोटे अनुमान के अनुसार 3.5 लाख करोड़ के त्यौहारों के व्यापार में लगभग 13% खाद्य एवं किराना में, 9% ज्वेलरी में, 12% वस्त्र एवं गारमेंट, 4% ड्राई फ्रूट, मिठाई एवं नमकीन, 3% घर की साज सज्जा, 6% कास्मेटिक्स, 8% इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल, 3% पूजन सामग्री एवं पूजा वस्तुओं, 3% बर्तन तथा रसोई उपकरण, 2% कॉन्फेक्शनरी एवं बेकरी, 8% गिफ्ट आइटम्स, 4% फर्निशिंग एवं फर्नीचर एवं शेष 20% ऑटोमोबाइल, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल, खिलौने सहित अन्य अनेक वस्तुओं एवं सेवाओं पर ग्राहकों द्वारा खर्च किए गए । देश भर में पैकिंग कारोबार को भी एक बड़ा बाजार इस दिवाली पर मिला।

**कैट के आभियान "भारतीय जनता उत्पाद-सबका उस्ताद" की मची धूम- ग्राहकों का मिला जबरदस्त समर्थन**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिवाली त्यौहारों पर लोकल बनी वस्तुएँ खरीदने का आह्वान किया गया था। जिसका बड़ा प्रभाव पूरे देश में दिखाई दिया । देश के सभी शहरों के स्थानीय निमार्ताओं, कारीगरों एवं कलाकारों द्वारा बनाये गये उत्पादों की भारी मात्रा में बिक्री हुई जिससे आत्मनिर्भर भारत की एक विशिष्ट झांकी दिवाली पर्व के जरिए देश एवं दुनिया को दिखाई गई।

**कैट प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ने बताया कि देश और प्रदेश में पिछले 2 वर्ष की तुलना में इस वर्ष इस त्यौहार में अधिक व्यापार हुआ।**



कैट प्रदेश उपाध्यक्ष संदेश जैन ने बताया कि इस त्यौहार के सीजन मे बिल्डर कारोबार में भी काफी तेजी देखी गई है शुभ मुहूर्त में काफी लोगों ने कमर्शियल से ज्यादा रहवासी प्रॉपर्टी की खरीदी एवं बुकिंग कराई गई है पिछले दो वर्षों से इस वर्ष व्यापार में बढ़ोतरी देखी गई है।

कैट प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र पचौरी ने बताया कि इस वर्ष जबलपुर सिटी के साथ साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी व्यापार बहुत अच्छा रहा है खेती, किसानी की सामग्री एवं उपयोग में आने वाले वाहन की भी अत्यधिक बिक्री हुई है।

दीपक सेठी कैट प्रदेश सचिव ने बताया कि इस वर्ष इस त्यौहार के सीजन में मैन लाइन ( खुदरा व्यापारी ) ने ऑनलाइन कंपनियों को मुंह तोड़ जवाब देते हुए पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अत्याधिक व्यापार मैन मार्केट में छोटे बड़े सभी दुकानदारों में देखी गई है मैन मार्केट में बड़े शोरूम से लेकर छोटी-छोटी दुकान भी मध्यरात्रि रात 2:बजे से 4: बजे तक खुली देखी गई है जो व्यापार में तेजी को प्रमाणित करती है।

कैट प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य (महिला विंग) सीमा सिंह चौहान ने बताया कि इस त्यौहार में महिलाओं ने भी अपनी मैन मार्केट में आकर खरीदी की गई है।

पूजा के समान के साथ-साथ गोल्ड डायमंड ज्वेलरी एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी की जबरदस्त खरीदी की गई है उन्होंने बताया कि विगत दो वर्षो की तुलना में इस वर्ष महिला उद्यमी द्वारा घर में बनाई गई मिठाईयां एवम विभिन्य तरह के नमकीन का व्यापार पिछले वर्ष की अपेक्षा काफी ज्यादा रहा है। अब त्यौहार के तुरंत बाद शादियों के सीजन को देखते हुए कास्मेटिक आइटम, ब्यूटी पार्लर, बुटीक के कारोबार में भी कई गुना ज्यादा व्यापार हुआ है।

जबलपुर जिला अध्यक्ष रोहित खटवानी ने बताया कि 2 वर्षों से के मुताबिक इस वर्ष में ऑटोमोबाइल एवं गोल्ड के व्यापार में अत्यधिक सेल दर्ज हुई है जिसका प्रमुख कारण ऑटोमोबाइल्स में समय के बदलाव को देखते हुए नई-नई तकनीक के साथ नए-नए मॉडल आने से ऑटोमोबाइल में कस्टमर को बहुत चॉइस मिल रही है वही इस त्योहार के तुरंत बाद शादियों का सीजन आने से लोगों ने शादियों में दिए जाने वाले गोल्ड एवं डायमंड ज्वेलरी में अत्यधिक खरीददारी की गई।

कैट जबलपुर जिला सचिव मनु शरत तिवारी ने बताया कि इस त्यौहार में ज्यादातर लोगों ने बड़े-बड़े शोरूम के साथ-साथ अपने गली मोहल्ले अपने एरिया की मार्केट से ही जाकर अपनी जरूरत के साड़ी खरीददारी की गई है। मार्केट में अत्याधिक भीड़ भाड़ होने से जगह जाम की स्थिति देखी गई।

# ब्रह्मचारी कुटी में हुआ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ

सेक्टर 82 स्थित प्राचीन तपोभूमि ब्रम्हचारी कुटी मंदिर परिसर में महंत ओम भारती जी महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। ऋषि नागपाल परिवार द्वारा गायत्री महायज्ञ का संयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे से गायत्री मंत्रों के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ और दोपहर 2 बजे समापन हुआ। इस बीच विद्वानों द्वारा गायत्री का मतलब बताया गया कि ग का मतलब प्राण और त्रि का मतलब त्राण यानी रक्षा जो शब्द प्राण की रक्षा करे उसको गायत्री कहते हैं। यज्ञ के बाद भंडारा हुआ जिसमें



सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्यामवीर जी, राघवेन्द्र दुबे, विकास भारती, आचार्य सुमित तिवारी, सुरेश कुमार नागपाल, प्रभु नारायण दत्त ब्रह्मचारी , पंडित अखिल पाण्डेय, पंडित मनोहर शास्त्री, प्रेमदत्ता जी, सुभाष नागपाल, हेमा नागपाल, नरेंद्र प्रसाद द्विवेदी सहित तमाम भक्तजन मौजूद रहे।

# चोरों ने विद्यालय में घुसकर चोरी को अंजाम देकर हुए फरार

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर बिजनौर मिली जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के मोहल्ला मिर्दगान में आज्ञात चोरों ने समग्र विद्यालय में घुसकर वायरिंग सहित अन्य सामान चोरी कर लिया और घटना को अंजाम देकर फरार हो गए सुबह उठकर विद्यालय के केयरटेकर ने जाकर देखा तो विद्यालय में सामान बिखरा हुआ पड़ा था इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई पुरा मामला बिजनौर कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान में अज्ञात चोरों ने देर रात समग्र विद्यालय में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया विद्यालय में लगे बल्ब वायरिंग व अन्य सामान चोरी कर लिया और आसानी से चोरी पर हाथ साफ करके फरार हो गए घटना का पता सुबह जब चला जब केयरटेकर विद्यालय में फुलवारी को पानी देने गए तो विद्यालय का ताला टूटा पड़ा था और सामान बिखरा हुआ था तत्काल मोहल्लेवासी भी इकठा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई घटना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया बता दे कि क्षेत्र में लगातार चोरों का बोलबाला होता दिख रहा है और पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है फिलहाल घटना को लेकर पुलिस ने गहनता से जांच शुरू कर दी है।

# ट्रेन की चपेट में आकर एक लड़की की हुई दर्दनाक मौत

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर नजीबाबाद की 22 वर्षाय अदीबा पुत्री मोहम्मद परवेज निवासी मोहल्ला मकबरा नजीबाबाद की ट्रेन की चपेट में आकर हुई दर्दनाक मौत पूरा मामला जनपद बिजनौर के नजीबाबाद की लड़की 22 वर्षीय अदीबा पुत्री परवेज अहमद निवासी मोहल्ला मकबरा नजीबाबाद ऑप्टिकल टेक्निकल का कोर्स करने के बाद धामपुर स्थित डॉक्टर सुफियान आई केयर क्लीनिक नजीबाबाद से धामपुर प्रेक्टिस करने जा रही थी धामपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर जैसे ही उसने रेलवे ट्रैक पर उतरना चाहा तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे रेलवे ट्रैक पर जा गिरी और ट्रेन की चपेट में आ गयी और वह गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे देख वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई आधे घंटे तक भी एंबुलेंस वहां पर नहीं पहुंची और लड़की तड़पती रही बाद में उसे सीएचसी अस्पताल भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया इस घटना का पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया तुरंत परिवार वाले धामपुर अस्पताल पहुंचे और उसकी मौत से उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है

## अनियमित जीवनशैली और गलत खानपान से बढ़ रहे मधुमेह रोगी : डा.अखिलेश सैनी

# वेदांता हॉस्पिटल में विश्व मधुमेह दिवस पर हुआ शिविर का आयोजन

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। विश्व मधुमेह दिवस पर नगर के नईगंज स्थित वेदांता हॉस्पिटल एवं हार्ट डायबिटीज सेन्टर में डॉ. अखिलेश कुमार सैनी एमडी फिजिशियन, डिप डीएम डायबिटीज के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 350 शुगर के मरीजों का निःशुल्क शुगर व कोलेस्ट्रॉल की जांच की गई। अन्य मरीजों का कार्डियक ऑटोनॉमिक न्यूरोपैथी टेस्ट, वैस्कुलर डॉपलर टेस्ट, डिजिटल बायोथेसियोमैट्री टेस्ट और फुट स्कैनिंग टेस्ट 50 प्रतिशत की छूट पर किया किया गया। इस मौके पर डॉ. अखिलेश कुमार सैनी ने बताया कि इस समय भारत में करीब 10 करोड़ शुगर के मरीज हैं। 15 करोड़ प्री डायबिटीज के लोग हैं। हर राज्य में शुगर के मरीजों का आंकड़ा अलग-अलग है जिसमें केरल और पुडुचेरी 25 से 26 प्रतिशित और सबसे कम हमारा उत्तर प्रदेश 5 प्रतिशत के आसपास है लेकिन यहां पर भी 18 प्रतिशत प्री डायबिटीज मरीजों की संख्या है। अगर जीवनशैली और खान-पान में बदलाव नहीं किया गया तो आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में भी शुगर के मरीजों की संख्या ज्यादा होगी। इसका मुख्य लक्षण बार-बार प्यास लगना, बार-बार पेशाब होना, ज्यादा भूख लगना, वजन कम हो जाना, कमजोर हो जाना, नजर कमजोर हो जाना



है। डा. सैनी ने बताया कि डायबिटीज आज के समय में एक साइलेंट किलर बन गई है। जिसको भी एक बार शुगर हो जाती है उनको कम से कम 5 बीमारियां और हो जाती है। डायबिटीज से बचाव के लिये जीवनशैली में विशेष ध्यान देना होगा। खानपान पर भी ध्यान देना होगा और नियमित रूप से व्यायाम करना होगा। सुबह कम से कम आधे घण्टे मॉर्निंग वॉक करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि डायबिटीज टाइप 1 को इंसुलिन डिपेंडेंट भी कहा जाता है। इस डायबिटीज में बच्चों के पेनक्रियाज में बनने वाला इंसुलिन पूरी तरह से खत्म होने की वजह से शुगर बढ़ता है। इसके पीछे कारण है जिन्हें हम बॉडी के फाइटर सेल्स बोलते हैं वही अपने पेनक्रियाज के बेटा सेल्स जहां से इंसुलिन बनता है उसको खत्म कर देते हैं। दूसरे टाइप का डायबिटीज जो बच्चों में पाया जाता है उसे कहते हैं अर्ली अनसेट टाइप टू। टाइप टू डायबिटीज ज्यादातर बड़ों में पाया जाता है लेकिन पिछले 20 सालों से बच्चों में बढ़ना शुरू हो गया है। इस डायबिटीज में इंसुलिन पूरी तरह से बनना बन्द नहीं होता इसमें इंसुलिन काम करना कम कर देता है। इसकी वजह है मोटापा। अगर परिवार में डायबिटीज की हिस्ट्री स्ट्रांग है तो बच्चे में डायबिटीज जाने का चांस 100 प्रतिशत बढ़ जाता है। अगर पैदा होते समय बच्चे का वजन 3.30 किलो से ज्यादा है तो बच्चे में टाइप टू डायबिटीज होने का चांस ज्यादा रहता है। चौथा रीजन है अगर मां को प्रेग्नेंसी में डायबिटीज होता है तो बच्चे को 20 साल से पहले डायबिटीज होने का चांस भी बढ़ जाता है। इस मौके पर पंकज कुमार सैनी फार्मासिस्ट, डॉ. रवि कुमार सैनी फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ. आदर्श कुमार सैनी, सीनियर स्टाफ विशाल, साहिल यादव, पवन, प्रिंस सैनी, नीरज, आंचल, रति मौर्य, मानसी, पूजा यादव, सनी यादव, मिथिलेश यादव, लव यादव, अंकुश यादव, अवनीश कुमार यादव डायबिटिक मिनी लैब एक्सपर्ट, मैनेजर गौतम कुमार, अवनीश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## पण्डित नेहरू आधुनिक भारत के निमार्ता : प्रबन्धक

# श्री चितरंजन कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों ने खेलकूद कर मनाया बाल दिवस

## विद्यालय के शिक्षकों ने सभी बच्चों को विद्यालय की ओर से उपहार वितरित किया

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

मडियाहू, जौनपुर। स्थानीय नगर क्षेत्र में स्थित श्री चितरंजन कान्वेंट स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन पर नेहरू जी को याद कर बाल दिवस धूम धाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने खेलकूद में भाग लेकर बाल दिवस को यादगार बनाया। खेलकूद प्रतियोगिता के कार्यक्रम में प्रतियोगी छात्र एवं छात्राओं को स्कूल के प्रधानाचार्य नूरुजमा सिद्दीकी ने उन्हें पुरुस्कृत कर प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। नन्हें मुन्ने बच्चों के साथ ही उनके कक्षा अध्यापक भी साथ में जमे रहे। बच्चों ने प्रमुख रूप से कबड्डी दौड़ आदि खेलों में अपने-अपने क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस मौके पर बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुति किया। प्रधानाचार्य नूरुजमा सिद्दीकी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निमार्ता थे। देश की आजादी से लेकर स्वतंत्र भारत को समृद्ध बनाने एवं भारत को लोकतांत्रिक गणराज्य बनाए रखने में पंडित नेहरू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि विविधतापूर्ण विशाल आबादी वाले देश को एकजुट करने की चुनौती का सामना



करते हुए पंडित नेहरू ने सफलतापूर्वक विभिन्न आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक सुधारों के लिए भरपूर प्रयास किया जिससे उन्हें लाखों भारतीयों का सम्मान और प्रशंसा मिली। उन्होंने शिक्षा से लेकर उद्योग जगत को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाया जिसे भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम पाठक, प्राइमरी की प्रधानाचार्य श्रीमती लक्ष्मी तिवारी, अनुशासन समिति के सदस्य नीरज मिश्रा और आदर्श तिवारी के साथ ही अवधेश यादव, सोनिया बानो, अजीत कुमार, रेशम खान, मोनी श्रीवास्तव, नीतू मौर्य, मोनी पाल, दरखशा परवीन, वरिष्ठ अध्यापक वीरेंद्र बहादुर मौर्य, नितेश श्रीवास्तव, प्रदीप यादव , रविकांत यादव, नन्हे लाल मौर्य, रोजी फारुकी शाहिद विद्यालय के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश गुप्ता के निधन की खबर से साथी की हुई मौत

### चेयरमैन व उनके साथी की अन्तिम यात्रा में उमड़ा पूरा नगर

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

शाहगंज, जौनपुर। नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन जय प्रकाश गुप्ता का इलाज के दौरान वाराणसी के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर पुराने साथी विजय मोदनवाल परेशान हो गये। कुछ देर बाद ही हृदयाघात से उनकी भी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर नगर में शोक में डूब गया। सोमवार की सुबह दोनों साथियों की एक साथ अंतिम यात्रा निकाली गई। शव यात्रा में लोगों की भारी भीड़ से नगर में जाम के हालात बन गए। दोनों साथी की अंतिम यात्रा देख लोगों के आंख से आंसू निकल पड़े। जानकारी के अनुसार 68 वर्षीय जय प्रकाश गुप्ता इन दिनों काफी समय से बीमार चल रहे थे। जिनका इलाज वाराणसी के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। जहां रविवार की देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। जय प्रकाश गुप्ता नगर की राजनीतिक के बडे नेताओं में शुमार किए जाने वाले अख्खड़ सियासी व प्रखर वक्ता 1995 में भाजपा के टिकट पर नगर पालिका चेयरमैन बने थे। उसके बाद अगले चुनाव में महिला आरक्षित सीट पर पत्नी को चुनाव में उतारा और सफलता हासिल की। अगले चुनाव में पार्टी के द्वारा टिकट न दिए जाने पर निर्दल प्रत्याशी के रुप में किस्मत आजमाई लेकिन सफल नही हो सके। उसके बाद से वह तीन चुनाव लडे जिसमें असफल रहे लेकिन चर्चा के प्रमुख बिंदु लगातार बने रहे। सोमवार को पूर्व चेयरमैन के मौत की खबर नगर में सनसनी की तरह फैलते ही स्व गुप्ता के पुराने साथी अलीगंज मोहल्ला निवासी (59) वर्षीय विजय मोदनवाल को मिली तो इस दुख को सहन करना उनके लिए भारी पड़ गया। कुछ ही देर बाद घबराहट और सीने में दर्द शुरू हो गई। परिवार के लोग जबतक कुछ समझ पाते। हृदय घात से उन्होंने अपने भी प्राण त्याग दिए। दोनों साथियों की अंतिम यात्रा उनके घरों से निकली तो चूडी मोहल्ले में मिल गई। जहां से दोनों साथियों की शव यात्रा एक साथ निकली तो भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। बाजार में भीषण जाम लग गया। दोनों का अन्तिम संस्कार जौनपुर के राम घाट पर किया गया। जिसकी चर्चा नगर में जोरों पर है।

आप सभी प्रदेशवासियों को भईया दूज की हार्दिक शुभकामनाएँ

# गौ तस्कर को पुलिस ने देशी बम के साथ किया गिरफ्तार

## तस्कर पहले से ही खेतासराय थाने का है हिस्ट्रीशीटर

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

खेतासराय, जौनपुर। पुलिस ने सोमवार को एक शातिर पशु तस्कर व गैंग लीडर को लेदरही नहर पुलिया के पास से दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से पांच देशी बम बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपित को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में चालान न्यायालय भेज दिया। वह स्थानीय थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। पुलिस के अनुसार जरायम के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एसओ चंदन राय मय हमराह उपनिरीक्षक मंहगू यादव, कांस्टेबल राजुकमार यादव व अन्य के साथ इलाके में गश्त पर थे। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने लेदरही नहर पर घेरा बंदी कर एक संदिग्ध को दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक तलाशी में उसके




पास से पाँच देशी जिंदा बम बरामद हुआ है। उसकी पहचान मो दिलशास पुत्र स्व मुस्लिम निवासी रानीमऊ के रूप में हुई। उस पर खेतासराय थाना व शाहगंज कोतवाली में गोवध निवारण अधिनियम व पशुक्रूरता, आर्म एक्ट, हत्या का प्रयास, गैंगेस्टर, मारपीट, हेराफेरी तथा एनडीपीएस एक्ट समेत कुल चौदह संगीन मामले पंजीकृत है। आरोपित तस्कर गैंग डी- 71 का सदस्य है। थानाध्यक्ष चन्दन राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित बदमाश बहुत ही शातिर है। वह गो तस्करी गैंग का लीडर है। अपराधियों के खिलाफ पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा।

# बाल दिवस पर बच्चों ने प्रस्तुत किया विभिन्न कार्यक्रम

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

खेतासराय, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के शिक्षण संस्थानो में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन पर बाल दिवस धूम धाम से मनाया गया। छात्र और छात्राओं ने कई संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुति की। स्कूल के जिम्मेदारों ने उन्हें पुरुस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। नन्हें मुन्ने बच्चों के साथ ही अभिभावक भी स्कूल में जमे रहे। आसमां ग्रुप कालेज में रोबोट,राकेट, कम्प्यूटर, मोबाईल तथा मानचित्र बनाकर बौद्धिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस मौके पर बच्चों ने कई संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किया। प्रबंधक डॉ. अब्दुल वहीद कासमी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निमार्ता हैं। देश की आजादी से लेकर स्वतंत्र भारत को समृद्ध बनाने एवं भारत को लोकतांत्रिक




गणराज्य की स्थापना में पंडित नेहरू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि विविधतापूर्ण विशाल आबादी वाले देश को एकजुट करने की चुनौती का सामना करते हुए पंडित नेहरू ने सफलतापूर्वक विभिन्न आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक सुधारों की स्थापना की जिससे उन्हें लाखों भारतीयों का सम्मान और प्रशंसा मिली। उन्होंने शिक्षा से लेकर उद्योग जगत को बेहतर बनाने के लिए कई काम किया जिसे भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर अम्मार वहीद, मोहमद शाहिद, मोहम्मद आसिफ, फरहान, जाकिर, हसन, मालती गुप्ता आदि उपस्थित है।

# बच्चों ने मदरसा चश्म-ए-हयात में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। जलालपुर क्षेत्र के मदरसा चश्म ए हयात रेहटी में बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को पंडित जवाहर लाल नेहरू का बच्चों के प्रति प्रेम एवं बच्चों की शिक्षा को लेकर किये जाने वाले प्रयास आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। वहीं बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति लगाव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिये खेलकूद का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने दौड़ प्रतियोगिता, रस्सी प्रतियोगिता, कुर्सी पकड़ प्रतियोगिता आदि मनोरंजक खेलों में हिस्सा लिया एवं अपने खेल क्षमता से सबको सम्मोहित किया। उनके खेल प्रदर्शन को देखकर उपस्थित



सभी लोगों ने उनके बेहतर भविष्य की प्रार्थना की। उन्हें समझाया कि जिस तरह आपकी रुचि खेल में है। इसी तरह आपकी रुचि शिक्षा ग्रहण करने में भी होनी चाहिए क्योंकि जब आप सभी क्षेत्र में कुशल एवं सक्षम होंगे तो आप ही की तरह हमारा देश भी हर क्षेत्र में कुशल एवं सक्षम बनेगा। मदरसा के प्रधानाचार्य गुफरान सज्जाद ने बच्चों के प्रदर्शन को देखते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। मदरसा के समस्त बच्चों को कॉपी, पेन, चॉकलेट आदि वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गुफरान सज्जाद, दिलशाद अहमद, हयातुल्लाह, तौफीक अहमद, निशात अहमद, मोहम्मद जावेद, शाहिद, अफजल, कलीमुल्लाह, मोहम्मद शौकत आदि उपस्थित रहे।

## जेपी इण्टरनेशनल स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

# जीवन में बचपन अनमोल है : सीमा द्विवेदी

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

सुजानगंज, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र स्थित जेपी इण्टरनेशनल स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि चाचा नेहरू का बच्चों से बड़ा प्रेम था। उन्होंने बच्चों से कहा कि हमें उनके प्रेम को याद कर अपने माता-पिता, दादा-दादी सभी की सेवा करनी चाहिये। शिक्षा के साथ-साथ हमें नैतिक एवं अनुशासित होने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष सैयद हुसैन मुंतजार ने भी बच्चों के द्वारा बनाये गये विभिन्न प्रकार के मॉडलों का निरीक्षण करते हुए उनको प्रोत्साहित किया। विद्यालय द्वारा आयोजित बाल मेले में बच्चों ने साइंस, आर्ट, सोशल, गणित, भाषा आदि पर मॉडल




बनाकर प्रस्तुत किया। आये हुए अभिभावकों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. जय प्रकाश तिवारी ने आये हुए अतिथियों को अंग वस्त्रम व तुलसी का पौधा भेंटकर स्वागत किया। स्वागत भाषण विद्यालय के ट्रस्टी प्रो. विनोद कुमार त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक डॉ. जयप्रकाश तिवारी ने की। आभार प्रधानाचार्य निशा किरण उपाध्याय ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख संतोष तिवारी, पिंटू सतहरिया, वेद प्रकाश तिवारी, लाल बिहारी तिवारी, राघवेन्द्र मणि तिवारी, राम खेलावन मिश्रा, संजीव शुक्ला, डॉ. विनय कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साधु की मौत

फिरोजाबाद। थाना नगला खंगर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक साधु की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक केशव का पोस्टमार्टम कराया है।

नगला लाल निवासी 55 वर्षीय




अशोक कुमार पुत्र जोध सिंह साधु थे। वह नित्य ही पैदल मंदिर जाया करते थे। वह सोमवार को पैदल मंदिर जा रहे थे। इस दौरान हनुमंत खेड़ा तथा हनुमानगढ़ की बीच तेज गति से आ रहे किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। कुछ देर बाद वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। लोगों उन्हें उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए। उनकी गंभीर हालत देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आगरा रेफर कर दिया।

उन्हें उपचार के लिए लोग आगरा ले गए। आगरा में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद साधु के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में बाल मेले का शानदार आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के सुप्रसिद्ध शिक्षा केंद्र सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अंतर्गत सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बड़े उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया ।उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की निदेशक डॉ प्रीति सिंह थी। सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, सत्यदेव डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर अमित रघुवंशी, सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी, उपस्थित रहे। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ प्रीति सिंह द्वारा फीता काटकर पंडित जवाहरलाल नेहरू और माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। उसके पश्चात ' बाल मेला 'का आरंभ हुआ। इस मेले में नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्टॉल लगाकर बाल मेले का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक और आसपास के लोग मेला देखने




पहुंचे । इस बाल मेला से बच्चों ने समाज को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। इस मेले के माध्यम से बच्चों के अंदर उत्साह , उमंग से अभिभावक भी उत्साहपूर्ण थे । उन्होंने विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिए और बच्चों के जीवन मे बेहतर विकास के प्रति आसान्वित



एवं संतुष्टि महसूस किए । अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने बच्चों को चाचा नेहरू के बारे में बताते हुए यह संदेश दिया की उन्हें भी अपने देश भारत के प्रति प्रेम ,सद्भावना , कर्मठता , ईमानदारी का आचरण धारण कर परिपूर्ण जीवन में प्रगति करने का लक्ष्य दिखा। बच्चों के साथ-साथ अपने जीवन को देश के प्रति समर्पित करने की तथा आर्थिक रूप से मजबूत बनाने तथा पैसे का महत्व समझने की जरूरत है। अंततः उन्होंने बाल मेला में आत्मनिर्भर बच्चों को उनके द्वारा की हुई मेहनत का फल बताते हुए बाल मेला में सबसे अधिक आय करने वाले प्रथम स्थान पर कक्षा - 9 कक्षा अध्यापक अक्षय उपाध्याय , द्वितिय कक्षा - 7 कक्षा अध्यापक विष्णु दत्त शर्मा, तृतीय स्थान कक्षा - 10 कक्षा अध्यापक शिवांगी सिंह तथा पार्टिसिपेंट्स विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दिये। अंततः उन्होंने सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया साथ ही सभी अतिथिगण, अभिभावकगण तथा सभी कर्मचारीगण, उप प्रधानाचार्य आवेश कुमार, विद्यालय की सीसीए कोऑर्डिनेटर शिवांगी सिंह प्रकाश सिंह कोकिला तिवारी तथा सभी शिक्षक गण का बाल मेला को सफल बनाने के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित कर बाल मेला का समापन किए।

# अनियंत्रित बाइक ने मारी ग्रामीण में टक्कर हुई मौत

दैनिक समाज जागरण फिरोजाबाद। थाना जसराना के गांव उतरारा निवासी साइकिल सवार ग्रामीण की बाइक की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीण की मौत के बाद जहां बाइक सवार बाइक छोड़कर फरार हो गया वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव उतरारा निवासी 46 वर्षीय भगवान सिंह पुत्र हाकिम सिंह साइकिल पर सवार होकर अपने भाई को खाना देने जा रहा था। इसी दौरान एटा शिकोहाबाद मार्ग को पार करते समय जसराना की तरफ से आ रही अनियंत्रित एवं तेज रफ्तार अपाचे बाइक ने ग्रामीण में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीण की मौत के बाद भीड़ को आता देख बाइक सवार बाइक छोड़कर फरार हो गया। इस दौरान लोगों ने जानकारी पुलिस एवं परिवारीजनों को दी। हादसे में ग्रामीण की मौत की जानकारी मिलते ही परिवारीजन और पुलिस भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक विनय मिश्रा ने बताया सड़क हादसे में ग्रामीण की मौत।

# अखंड भारत के नक्शे के बीच बनाई गोवर्धन महाराज की झांकी

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद । जसराना के पलिया बहत में मौजूद महर्षि दयानंद आर्ष गुरुकुल आश्रम में गोवर्धन पूजा पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बनवासी बच्चों द्वारा गोवर्धन महाराज की आकर्षक झांकी बनाई गई। वहीं हवन पूजन के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम अन्नकूट प्रसाद वितरण के साथ पूर्ण हुआ।

आरएसएस द्वारा संचालित गुरुकुल आश्रम नागालैंड, मिजोरम एवं असम राज्यों के आदिवासी बच्चे अध्ययन करते हैं। मंगलवार को गोवर्धन पूजा के मौके पर गुरुकुल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन



पूजन के साथ हुई। इस दौरान आश्रम के संचालन में सहयोग कर रहे नागरिकों एवं बच्चों द्वारा गोपूजन कर उन्हें गुड और आटा खिलाया गया। वहीं सभी ने मिलकर गोवर्धन महाराज की पूजा की। वहीं बच्चों द्वारा अखंड भारत के नक्शे के बीच भगवान गोवर्धन की आकर्षक झांकी सजाई गई। झांकी के बीच देव प्रतिमाओं एवं गोवंश की झांकी भी लगाई गई। बच्चों द्वारा बनाई गई झांकी की सभी ने सराहना की। इस दौरान आश्रम के संचालक राघवेंद्र सिंह ने बताया बच्चों द्वारा अखंड भारत के नक्शा बनाकर उसमें भगवान गोवर्धन महाराज की झांकी सजाकर अखंड भारत की स्थापना करने का संदेश दिया है। अखंड भारत की स्थापना करने के साथ संकल्प लिया है।

# भारतीय लोक कल्याण समिति द्वारा किया गया विशाल गोवेर्धन पूजा का आयोजन।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। विगत वर्ष की भांति इसलिए वर्ष भी भारतीय लोक कल्याण समिति द्वारा विशाल सामूहिक गोवर्धन पूजा का आयोजन बी एस गुप्ता की बगीची पर किया गया। सामूहिक पूजा के लिए गाय के गोबर से विशाल गोवर्धन महिला शक्ति द्वारा बनाये गए। बाद में सभी ने सामूहिक रूप से मन्त्रोंचार के साथ पूजा अर्चना की गई और उपस्थिति सभी भक्तो ने जयकारे लगाते हुए परिक्रमा भी लगाई।

तत्पश्चात मंच का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी ओ सदर हीरालाल कन्नौजिया रहे। साथ ही बी एस गुप्ता, एस एच ओ शेर सिंह व एम एल सी डॉ दिलीप यादव भी कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। सभी अतिथियों ने गोवर्धन पूजा की और बाद में प्रसाद भी ग्रहण किया।भारतीय लोक कल्याण समिति के प्रबंधक महासचिव सुनील दत्त गुप्ता ने उपस्थिति सभी अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही समिति के पदाधिकारियों और पत्रकार बंधुओ को भी सम्मानित किया गया।

आज के कार्यक्रम में सुनीलदत्त गुप्ता, कुलभूषण गुप्ता, अनिल कुमार झा, सुनील राठौर, डॉ अमिता चौरसिया, डॉ इंद्रजीत सिंह चौरसिया, आर्यन गुप्ता, महिमा गुप्ता, मीनू अग्रवाल अंजली गुप्ता रजनी गुप्ता, तृप्ति गुप्ता ,विजय, ल

## जीआरपी ने चलाया ट्रेन व स्टेशन पर चेकिंग अभियान

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। रेल्वे स्टेशन पर मंगलवार को जीआरपी एक्शन मोड पर रही। जीआरपी ने सोमवार सुबह से ही रेल्वे स्टेशन और ट्रेन में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान जीआरपी प्रभारी ने यात्रियो को जागरूक किया।



जीआरपी प्रभारी योगेंद्र सिंह ने मंगलवार सुबह से ट्रेन और प्लैटफार्म पर मौजूद यात्रियों का समान चेक किया। इस दौरान कोई भी व्यक्ति संदिग्ध समान लेकर सफर न कर सके। इस दौरान उन्होंने यात्रियों को जागरूक भी किया और बताया कि किसी भी व्यक्ति से ट्रेन में अपरचित लोगो के साथ खाने पीने की कोई भी वस्तु शेयर नहीं करने चाहिए। त्योहार के दिनों में जेब कतरे सक्रिय हो जाते है। इसलिए सभी यात्रियो को अपने समान की स्वयं सुरक्षा करनी चाहिए। जिससे किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। चेकिंग अभियान के समय जीआरपी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इस बारे में जीआरपी प्रभारी ने बताया कि त्यौहार के सामय जेब कतरे ओर शातिर किस्म के अपराधी सक्रिय हो जाते है, जिससे जहर खुरानी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसी क्रम में सोमवार से दो दिवसीय अभियान चलाकर यात्री सवारी गाड़ी में चेकिंग की जा रही।

## अयोध्या के 1000 मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव आज, 56 व्यंजनों से भगवान श्रीराम का हुआ स्वागत

**दैनिक समाज जागरण**

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में भगवान श्रीराम के 14 साल बाद वनवास से वापस लौटने के उपलक्ष्य में दीपावली भव्य रूप से मनाई गई। इसके दूसरे दिन प्रभु का स्वागत विविध व्यंजनों से किए जाने की तैयारी है। पूरी अयोध्या से अनेक प्रकार के पकवानों की सुगंध उठ रही है। दोपहर 12 बजे के बाद मंदिरों में इन व्यंजनों से भगवान श्रीराम, जानकी लक्ष्मण आदि का भव्य स्वागत किया गया।



श्रीरामजन्मभूमि, कनक भवन हनुमानगढ़ी, श्रीरामवल्लभा कुञ्ज, मणिराम छावनी, दशरथ महल, राजगोपाल मंदिर, विजय राघव मंदिर, नई छावनी, छोटी देवकाली, हनुमत निवास, राजसदन में अन्नकूट का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कोशलेश सदन में जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य ने 1056 प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाये गये।

श्रीरामवल्लभा कुञ्ज में यह उत्सव अयोध्या एडवर्ड तीर्थ विवेचिनी सभा के अध्यक्ष व श्रीरामवल्लभाकुंज के प्रमुख स्वामी राजकुमार दास की देखरेख में महा उत्सव भव्य रूप से मनाया जा रहा है। आचार्य पीठ लक्ष्मण किला, सियाराम किला, मणिराम दास जी की छावनी, रामलला सदन, जानकी महल अशर्फी भवन, रंग महल, वेद भवन, बानव मंदिर, बधाई भवन, गहोई मन्दिर आदि मंदिरों में उत्सव की धूम है।

पौराणिक पीठ श्री हनुमानगढ़ी मंदिर नाका अयोध्या में हो रहा है। अन्नकूट के पावन पर्व पर विराजमान संकट मोचन श्री हनुमान जी महाराज को छप्पन भोग लगा। पीठ के महंत रामदास के संयोजन में भोग प्रसाद तैयार किया गया था। पूड़ी कचौड़ी, मालपुआ, चूरमा महा प्रसाद, कढ़ी, दाल, खीर, सूरन का चोखा, आंवला, सोया मेथी पालक, सीताफल अगस्त के फूल दही, बड़ा पंच मेवा, ऋतु फल आदि छप्पन प्रकार के व्यंजन तैयार किए हैं। भोग के बाद जेवनार गीत प्रस्तुत किया गया। गायन के बीच छप्पन भोग की आरती महंत रामदास ने की।

## अमानीगंज बाजार में खुला डिजिटल लाइब्रेरी

अयोध्या। अमानीगंज बाजार में सैनिक कैरियर एकेडमी के संचालक राम अनुज यादव ने डिजिटल लाइब्रेरी खोला जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चो को भी यहां पर सुविधा मिल सके। मुख्य अतिथि सदस्य क्षेत्र पंचायत कोटिया/ जिला अध्यक्ष बी.डी.सी संघ अयोध्या मिशन यादव ने फीता काट कर सैनिक डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया और बच्चो के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं व बधाई देते हुए संचालक महोदय का आभार प्रकट किया। प्रमुख रूप से रविंद्र प्रताप प्रदीप यादव (सभासद प्र.नि) गणेश कुमार वैष्णो दत्त मिश्रा अंकित गोस्वामी व संस्था के सभी बच्चे मौजूद रहे



खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत,हत्या की आशंका

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार क्षेत्र में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने मौत हो गई। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है।

ठार गुरुदयाल निवासी 27 वर्षीय छाया शर्मा पत्नी बंटी शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई। उसे फंदे पर लटका देख परिवारीजन घबरा गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों तथा वहां मौजूद लोगों से घटना के बारे में जानकारी की। कानूनी प्रक्रिया पूरी का पुलिस मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उसके दो बेटियां तथा एक बेटा है। पता चलते ही मायके के लोग भी वहां आ गए। उन्होंने हत्या की आशंका व्यक्त की है।

## बाल दिवस पर आयोजित किया गया बाल मेला

**दैनिक समाज जागरण**

अयोध्या। अयोध्या जनपद में अमानीगंज विकासखंड के रामनगर अमावस सूफी गांव में स्थित आदर्श कान्वेंट पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया जहां नन्हे मुन्ने बच्चों ने मेले में लगी दुकानों पर अपनी पसंद के खाने-पीने के सामानों की जमकर खरीदारी की और उनका चटकारे लगा कर लुफ्त उठाया इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और विजयी प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया बाल मेले में चाचाट पकौड़ी और खिलौने की दुकान लगाई गई बच्चों ने रंगोली भी बनाई बाल मेले का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती कमलेश कुमारी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अशोक मिश्रा आदर्श शुक्ला आदर्श उपाध्याय रोशनी मौर्य रिचा सिंह गायत्री मौर्या रश्मी मिश्रा राम लाल आदि लोग मौजूद रहे



## पॉल्यूशन को लेकर अलर्ट मोड में योगी सरकार, पराली जलाने की घटनाओं पर रोक के लिए उठाया ये कदम

सर्दियां आने के साथ पराली जलाने के मामले सामने आने लगते हैं। पंजाब और हरियाणा से सबसे ज्यादा पराली जलाने की घटनाएं सामने आती हैं। इससे दिल्ली और आस-पास के इलाकों की हवा जहरीली हो जीत है। वहीं, उत्तर प्रदेश के भी कई हिस्से से पराली जलाने की घटनाएं सामने आती हैं। इस बीच, पराली जलाने की वजह होने वाले पॉल्यूशन को लेकर योगी सरकार अलर्ट मोड में है।



### बायो-डीकम्पोजर का वितरण

पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए योगी सरकार की ओर से शुरू से तैयारी की गई है। किसी भी सूरत में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जागरूकता अभियान के साथ सरकार ने किसानों में निःशुल्क बायो-डीकम्पोजर का वितरण किया है, तो वहीं फसल अवशेष प्रबंधन के लिए अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्र वितरित किए जा रहे हैं।

### एकल कृषि यंत्र बांटे गए

मुख्य सचिव के समक्ष पराली प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग के प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि एकल कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है। अब तक 44,363 एकल कृषि यंत्र वितरित किए जा चुके हैं। 2023-24 में 4439 एकल कृषि यंत्र की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। वहीं, एफपीओ सहकारी समिति एवं ग्राम पंचायत मद में अब तक कुल 7621 फार्म वितरित किए जा चुके हैं। 2023-24 में 296 को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। गत वर्ष 1322250 बायोडीकम्पोजर वितरित किए गए हैं, जबकि 2023-24 में 17 लाख बायोडीकम्पोजर वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### पूर्ति प्रक्रिया में बायोडीकम्पोजर

2023-24 में अब तक 166600 बायोडीकम्पोजर पूर्ति प्रक्रिया में है। इसके अलावा जनपद स्तर पर गन्ना, बेसिक शिक्षा, राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, स्थानीय निकाय, पुलिस एवं परिवहन, कृषि जैसे विभाग के अधिकारियों में समन्वय करके प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। जनपद में या निकटवर्ती जनपद में स्थापित फसल अवशेष आधारित इकाइयों का प्रचार-प्रसार करके उनमें पराली की आपूर्ति कराना सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्राम, न्याय पंचायत, विकास खंड, तहसील, जनपद स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया जा रहा है।

## सेक्टर-75 में छठ पूजा की तैयारियां जोरों से चल रही है,छठ घाट का निर्माण कार्य अंतिम चरण में।

**समाज जागरण डेस्क**

नोएडा,14 नवंबर 2023 सूर्योपासना के महान पर्व छठ की तैयारियां नोएडा के कई सेक्टरों में जोरों से चल रही हैं। सेक्टर-75 में श्री छठ पूजा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।महोत्सव की आयोजक संस्था श्री सूर्यदेव पूजा समिति नोएडा के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने हेतु छठव्रतियों के लिए सेक्टर-75 स्थित गोल्फसिटी,प्लाट-8 के सेंट्रल पार्क में 60 फीट लंबा,25 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा छठ घाट का निर्माण जोरों से चल रहा है। निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। छठ घाट में अर्घ्य हेतु शुद्ध जल की व्यवस्था की जायेगी। घाट पर प्रकाश की उत्तम व्यवस्था रहेगी।घाट और पार्क को साफ- सुथरा किया जाएगा।

श्री छठ पूजा महोत्सव के आयोजक श्री सूर्यदेव पूजा समिति नोएडा के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि 19 नवंबर के सायंकाल अस्ताचलगामी भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य प्रदान करने के उपरांत सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। हिंदी, भोजपुरी, मैथिली,अंगिका, मगही, पंजाबी सहित विभिन्न लोकभाषाओं में गीत और संगीत का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुर संग्राम विजेता एवं प्रख्यात भोजपुरी गायक वीरेंद्र भारती, भोजपुरी गायिका पूनम पांडे, प्रख्यात हिंदी गायक एस डी सिंह, भजन गायिका मोनिका वर्मा आदि गायक गायिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य प्रस्तुतीकरण किया जाएगा




महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज छठ घाट पर श्री सूर्यदेव पूजा समिति की आयोजन समिति की बैठक हुई,जिसमें समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा,एएमजी डेवलपर्स के जीएम बसंत उपाध्याय,संयोजक ओ.पी.तिवारी,महासचिव राजीव त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभात राय,एओए अध्यक्ष मल्लिकेश्वर झा, एओए के सदस्य सुनील अग्रवाल,उपाध्यक्ष डॉ. शशांक शेखर,सुशील श्रीवास्तव,अमरीश श्रीवास्तव, मधुरेंद्र सिंह,राजीव मिश्रा,आरकेश्रीवास्तव, अतुल जैन, ज्ञानेश मिश्रा,वीएनअग्रवाल,विनय ठाकुर, किरण कुमार,मनीष झा, विनोद श्रीवास्तव,प्रभात चंदन,चंदन झा,आदि उपस्थित थे।

खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे

## अरविंद केजरीवाल व प्रियंका गांधी पर गिरी गाज, चुनाव आयोग ने इस मामले को लेकर जारी किया नोटिस

चुनाव आयोग ने अलग-अलग मामलों को लेकर अरविंद केजरीवाल व प्रियंका गांधी को एक नोटिस जारी किया है। बता दें कि प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी को लेकर अपुष्टि बयान दिए हैं, जबकि आप ने ट्वीट के माध्यम से पीएम को अपमानजनक तरीके से दशार्या है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुसीबत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अभी हाल ही उन्हें ईडी ने नोटिस देकर समन किया था, अब चुनाव आयोग ने केजरीवाल के खिलाफ एक नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग से बीजेपी ने शिकायत की थी कि आम आदमी ने अपने आधिकारिक हैंडल पर पीएम मोदी को अपमानजनक तरीके से दिखाया है। इसके अलावा प्रियंका गांधी को भी चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है।




### बीजेपी की शिकायत पर लिया संज्ञान

इसी पर संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग (एउ) ने अअढ के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। दरअसल, बीजेपी ने इलेक्शन कमीशन से शिकायत की थी कि आप के आधिकारिक हैंडल पर पोस्ट किए गए दो ट्वीट्स में कथित तौर पर पीएम मोदी को अपमानजनक, अपमानजनक और अपमानजनक तरीके से चित्रित किया गया है।

### नोटिस में मांगा गया जवाब

चुनाव आयोग ने नोटिस में कहा, "पोस्ट प्रथम दृष्टया मॉडल कोड आफ कंडक्ट यानी आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ चुनाव और दंडात्मक कानूनों के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं; इसलिए इस पर 16 नवंबर तक आप अपना बयान स्पष्ट करें, कि एमसीसी के उल्लंघन के साथ-साथ प्रावधानों के लिए उचित कार्रवाई क्यों न की जाए? साथ ही चुनाव और दंडात्मक कानूनों को आपके विरुद्ध क्यों नहीं किया जाए।"

### प्रियंका गांधी को भी नोटिस

इसके अलावा चुनाव आयोग ने प्रियंका गांधी को भी शो-कॉज नोटिस भेजा है। चुनाव आयोग ने पीएम मोदी के खिलाफ 'अपुष्ट' बयान के लिए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया

## दिवाली के दौरान भर गया दिल्ली सरकार का खजाना, इतने अरब रुपये की दारू गटक गए राजधानी वाले

बीते साल के मुकाबले इस साल दिवाली के दौरान बेची गई शराब की बोतलों की संख्या करीब 42 प्रतिशत अधिक रही है। दिवाली से केवल तीन दिन पहले ही दिल्ली की दुकानों में कुल 64 लाख से अधिक शराब की बोतलें बिकीं हैं।

दिवाली के सीजन में हर साल शराब की बिक्री में बढ़ोतरी देखने को मिलती है। इस साल भी राजधानी दिल्ली में लोगों ने जमकर शराब की खरीदारी की है। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि आम दिनों के मुकाबले दिवाली से कुछ दिनों पहले शराब की बिक्री में तेजी देखने को मिली। शराब की बंपर बिक्री के कारण दिवाली सीजन में दिल्ली सरकार के खजाने में कुल 525.84 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

### इतने अरब की दारू बिकी

पीटीआई के मुताबिक, दिवाली के दौरान शुक्रवार से रविवार के बीच लोगों ने 121 करोड़ रुपये मूल्य की 64 लाख शराब की बोतलें खरीदीं। वहीं, दिवाली पर्व से एक हफ्ते पहले एक करोड़ से अधिक शराब की बोतलों की बिक्री हुई जिससे सरकार को 234.15 करोड़ रुपये मिले। इसी तरह दिवाली से पहले के 17 दिनों के भीतर कुल 3 करोड़ से अधिक शराब की बोतलें बिकीं जिससे सरकार को कुल 525.84 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

### दिवाली ठीक पहले तेजी

दिवाली व होली जैसे त्योहारों के दौरान शराब की बिक्री में तेजी देखी जाती है। अधिकारियों के अनुसार दिल्ली की दुकानों में गुरुवार को 17.33 लाख, शुक्रवार को 18.89 लाख और शनिवार को 27.89 लाख बोतलें बिकीं। केवल इन तीन दिनों में ही 64 लाख से अधिक शराब की बोतलें बिकीं जिससे दिल्ली सरकार को कुल 120.92 करोड़ रुपये की कमाई हुई। दिवाली ते दिन दुकानों को बंद रखा गया था।

### पिछले साल से ज्यादा बिक्री

बीते साल के मुकाबले इस साल दिवाली के दौरान बेची गई शराब की बोतलों की संख्या करीब 42 प्रतिशत अधिक रही। अधिकारियों के अनुसार, बीते साल दिवाली से तीन दिन पहले क्रमशः 13.46 लाख, 15 लाख और 19.39 लाख शराब के बोतलों की बिक्री हुई थी।

## दिवाली के बाद इन राशि के जातकों का बिगड़ेगा बजट, यहां जानें आपके आर्थिक राशिफल में क्या लिखा है ?

दिवाली के बाद इन राशि के जातकों का बिगड़ेगा बजट, यहां जानें आपके आर्थिक राशिफल में क्या लिखा है ?




नया हफ्ता आरंभ होने जा रहा है। ऐसे में मेष, वृष, मिथुन समेत सभी 12 राशियों के लिए ये सप्ताह काफी अहम रहेगा। आइए मशहूर ज्योतिषी चिराग बेजान दारूवाला से जानते हैं इस हफ्ते आपकी आर्थिक स्थिति कैसी रहेगी? जानिए आर्थिक राशिफल।

मेषः जब वित्त की बात आती है, तो यह सप्ताह मेष राशि वालों के लिए विकास और स्थिरता के अवसर प्रस्तुत करता है। आपकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता रंग लाएगी क्योंकि आपको आय में वृद्धि या वित्तीय लाभ में अप्रत्याशित लाभ देखने को मिल सकता है।

वृषभः वित्त के मामले में वृषभ राशि वालों के लिए यह सप्ताह आपको व्यावहारिक और सतर्क दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह आपकी वित्तीय स्थिति का आकलन करने और आवश्यक समायोजन करने का एक अच्छा समय है।

मिथुनः यह सप्ताह वित्तीय मामलों को व्यावहारिकता और सावधानी के साथ अपनाने की याद दिलाता है। अपनी खर्च करने की आदतों का मूल्यांकन करें और अनावश्यक खर्चों में कटौती करने के तरीके खोजें।

कर्कः कर्क राशि वालों के लिए यह सप्ताह आपको वित्त के मामले में सतर्क और व्यावहारिक रहने की याद दिलाता है। वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपने बजट और खर्च करने की आदतों का मूल्यांकन करें। आवेगपूर्ण खरीदारी से बचें और भविष्य की सुरक्षा के लिए बचत पर ध्यान दें।

सिंहः वित्त के मामले में, यह सप्ताह सिंह राशि के लिए वित्तीय विकास और स्थिरता के अवसर प्रस्तुत करता है। आपकी निर्भीकता और उद्यमशीलता की भावना आय या व्यावसायिक उद्यमों के नए स्रोत खोल सकती है।

कन्याः वित्त के मामले में, कन्या राशि वालों के लिए यह सप्ताह सावधानीपूर्वक बजट बनाने और व्यावहारिक निर्णय लेने की आवश्यकता पर जोर देता है। कन्या राशि का साप्ताहिक वित्त राशिफल सुझाव देता है कि आप अपने वित्तीय लक्ष्यों की समीक्षा करें और अपनी खर्च करने की आदतों का आकलन करें।

तुलाः तुला राशि, इस सप्ताह आपकी आर्थिक स्थिति आशाजनक दिख रही है। धन का सकारात्मक प्रवाह या अप्रत्याशित अवसर उत्पन्न हो सकते हैं, जो आपकी वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देंगे।

वृश्चिकः इस सप्ताह आपका वित्तीय दृष्टिकोण अनुकूल दिख रहा है। आय बढ़ने या समझदारी भरा निवेश करने की संभावना हो सकती है। अपने वित्तीय लक्ष्यों का मूल्यांकन करने और दीर्घकालिक स्थिरता की योजना बनाने के लिए समय निकालें।

धनुः इस सप्ताह आपका वित्तीय दृष्टिकोण आशाजनक दिख रहा है। आय में वृद्धि या अप्रत्याशित वित्तीय लाभ के अवसर मिल सकते हैं। हालाँकि, संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखना और आवेगपूर्ण खर्च से बचना महत्वपूर्ण है।

मकरः इस सप्ताह आपका वित्तीय दृष्टिकोण स्थिर और सुरक्षित दिख रहा है। यह आपके वित्तीय लक्ष्यों का मूल्यांकन करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए एक व्यावहारिक योजना विकसित करने का एक उत्कृष्ट समय है।

कुंभः इस सप्ताह आपका वित्तीय दृष्टिकोण आशाजनक दिख रहा है। अप्रत्याशित वित्तीय लाभ या अवसर आपके सामने आ सकते हैं, जिससे आपकी वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

मीनः इस सप्ताह आपका वित्तीय दृष्टिकोण स्थिर दिख रहा है। यह आपके वित्तीय लक्ष्यों की समीक्षा करने और अपनी खर्च करने की आदतों का आकलन करने का समय है। मीन साप्ताहिक वित्त राशिफल सुझाव देता है कि आप व्यावहारिक बजट और बचत योजना विकसित करने के लिए पेशेवर सलाह लेने पर विचार करें।

# डेहरी में सवेरा नमकीन प्रोडक्ट का हुआ उद्घाटनं

**लाल बिहारी गुप्ता दैनिक समाज जागरण तिलौथू रोहतास**

डिहरी विधानसभा अंतर्गत डिहरी ग्रामीण प्रखंड क्षेत्र के भैंसहा पंचायत में भारत सरकार एवं बिहार सरकार के सूक्ष्म एवं लघु उद्योग विभाग अंतर्गत मां वैष्णो फूड प्रोडक्ट का नया प्रोडक्ट सबेरा नमकीन (निमकी) का उद्घाटन बिहार विधान परिषद के मा0 सभापति सह नवनिर्वाचित विधान पार्षद श्री अवधेश नारायण सिंह के जिला प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी द्वारा फीता काटकर किया गया। नए फूड प्रोडक्ट के उद्घाटन के मौके पर प्रकाश गोस्वामी ने उपस्थित लोगों को बताया कि यह संस्थान भारत सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के आत्म निर्भर भारत बनाने एवं ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को स्वरोजगार देने में विशेषकर महिलाओं को रोजगार देने में काफी सार्थक सिद्ध होगा। यहां एक तरफ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। वहीं इससे अन्य उद्यमियों की भी प्रेरणा लेकर क्षेत्र में अन्य छोटी छोटी इकाइयों को बैठाने के लिए आगे आएंगे। उन्होंने इस फूड प्रोडक्ट के व्यवस्थापक अभिषेक मिश्रा एवं एमडी हिमांशु चौधरी को इस तरह के स्वालंबन रोजगार देने की काम करने के लिए



उनको बधाई एवं आभार व्यक्त किए। कहा कि इस कार्य के लिए जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने बताया कि आज हमारे लिए यह बहुत गौरव का क्षण है। आज प्रधानमंत्री के आत्म निर्भर भारत योजना से प्रभावित होकर लोग अपना स्वयं का कारोबार खड़ा करने के लिए भोकल फॉर लोकल के सिद्धांत पर अपने प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण भागों में इस संस्था को स्थापित किया। ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। यहां पर प्रतिदिन बहुत से लोग नियमित रूप से काम करेंगे एवं प्रशिक्षित, कुशल कारीगरों पुरुष एवं महिलाएं द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत कार्य कर शुद्ध सामग्रियां तैयार करने की समुचित व्यवस्था हैं। मौके पर अमन कुमार, गीता देवी, निक्की चंद्रवंशी, बिंदा देवी, लक्ष्मण प्रसाद जयप्रकाश सिंह, रीना देवी मीना देवी रेणु देवी मोनू गुप्ता, लखन चन्द्रवँशी, रामधनी सिंह,अनिल कुमार,राकेश कुमार आदि मौजूद थे।

# तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने खड़ी बाइक में मारी ठोकर एक वृद्ध महिला हुई घायल

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत थाना क्षेत्र के कोचस बस स्टैंड के समीप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार मे आ रही एक अज्ञात बाइक ने खड़ी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी जिसमें बाइक सवार 75 वर्षीय वृद्ध महिला गिर बुरी तरह घायल हो गई। घायल महिला बक्सर जिला ग्राम कला कैथहर निवासी मोहन सिंह की 75 वर्षीय पत्नी प्यारो देवी बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार वृद्ध महिला प्यारो देवी अपने नाती के साथ पेंशन का पैसा आधार से निकालने के लिए कोचस आई थी की नगर पंचायत स्थित बस स्टैंड के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार मे अज्ञात बाइक ने एक खड़ी बाइक मे जोरदार ठोकर मार दी जिसमें बाइक सवार वृद्ध महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। स्थानीय लोगो की मदद से उक्त महिला को कोचस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां मौके पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर विकास कुमार ने इलाज दौरान वृद्ध की दाहीना हाथ टूटने की बात कह तथा स्थिति बिगड़ने देख बेहतर इलाज के लिए सासाराम के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

# अग्निशमन विभाग ने माकड्रिल कर आग से बचाव की जानकारी दी

**साहिल राज दैनिक समाज जागरण दावथ रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत अनुमंडल अग्निशमालय बिक्रमगंज के अंतर्गत सुर्यपुरा प्रखंड क्षेत्र खरोज पंचायत के बलिहार में अग्निशमन विभाग द्वारा मंगलवार को माकड्रिल कराया गया। अग्निक चालक सुनील कुमार पासवान की नेतृत्व में विभाग के जवानों ने आगलगी की घटना को



रोकने एवं इससे बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर जवानों ने सिलिंडर में आग लगने के बाद बिना घबरायें घरेलू संसाधनों से ही आग पर काबू पाने का गुर लोगों को सिखाया।आगे सुनील कुमार ने कहा की आगे अलग-अलग जगहों पर विभिन्न तरीकों से लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी अपनाकर बड़ी घटना को रोका जा सकता है। हवा की तेज गति होने पर खुले में खाना बनाते समय पानी अवश्य रखें। संभव हो तो ज्वलनशील कपड़ा जैसे नायलान, ऊलेन, कपड़ा पहन कर आग के पास न बैठें।

# किसान चौपाल का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

बिक्रमगंज प्रखंड के कुसुम्हरा पंचायत के धर्मागतपुर गांव में किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड कृषि पदाधिकारी वेद प्रकाश, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह, सरपंच प्रतिनिधि धनंजय सिंह, प्रखंड तकनिकी प्रबंधक सह कुसुम्हरा पंचायत के कृषि समन्वयक प्रशांत कुमार शर्मा, सहायक तकनीकी प्रबंधक कुमारी रागनी चौहान, किसान सलाहकार जितेंद्र कुमार, जावेद हुसैन मौजूद थे। किसान चौपाल में खेती की नई तकनीक पर चर्चा की गई और नई तकनीक में ही फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में बताया गया। फसल अवशेष नहीं विशेष है इस पर भी चर्चा की गई। किसान चौपाल का मुख्य मुद्दा किसानों को खेतों में पराली जलाने से बचाने को लेकर और जलने के बजाय मिट्टी में मिलने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है , तो दूसरी तरफ उर्वरक का कम उपयोग से उत्पादन भी अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण होता है । जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान कम और आर्थिक लाभ ज्यादा होता है। किसान चौपाल में जैविक खेती कृषि यंत्रीकरण बैंक किसान समूह, उद्यानिकी फसल, सामूहिक खेती, दलहन खेती का विस्तार, पीएम किसान सम्मन निधि योजना,पक्का वर्मी बेड योजना ,बीज वितरण और शून्य बजट पर खेती के



बारे में जानकारी दी गई ।जिससे किसानों में ऊर्जा का संचार देखा गया ।किसानों का कहना था कि अगर शून्य बजट पर खेती किया जाएगा तो किसान खुशहाल हो जाएंगे और किसान का दुख दूर हो जाएगा। किसानों का कहना था कि इस तरह का कार्यक्रम हर समय करना चाहिए। यह कार्यक्रम किसानों के लिए हितकारी है।

# शराब के साथ वारंटी सहित फरार प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत चेनारी थाना क्षेत्र के बेलासपुर से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 5 लीटर महुआ शराब बरामद कर भोला पासवान पिता स्वर्गीय शिवपूजन पासवान को गिरफ्तार किया गया। वहीं एनबीडब्लू वारंटी विंध्याचल सेठ राजू सेठ संजय सेठ सुनील सेठ चारों पिता शंकर सेठ ग्राम भारंडुवा से गिरफ्तार किया गया। थाना कांड संख्या 307/23 धारा 341 /323 /325 /307 /504/ 34 आईपीसी के फरार प्राथमिकी अभियुक्त शि-वकुमार प्रजापति पिता मुनेश्वर प्रसाद दीपक कुम्हार पिता शिव कुमार प्रसाद दोनों ग्राम कर्णपुरा थाना चेनारी के बताए गए घटना की जानकारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने दी। बताया कि शराब तस्कर सहित वारंटी एवं प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

# खेल स्टेडियम और इंटर कॉलेज का सांसद ने लिया जायजा

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

काराकाट लोकसभा सांसद महाबली सिंह ने शहर के आनंद नगर स्थित इंटर कॉलेज और उससे सटे हुए बिक्रमगंज के एक मात्र खेल स्टेडियम का जायजा लिया। अनुमंडलाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल ने सांसद महाबली सिंह के सामने स्टेडियम के रखरखाव और साथ में उसके प्रांगण में कुछ खिलाड़ियों के कपड़े बदलने के लिए ड्रेस रूम के लिए प्रस्ताव रखा था। जिसे सांसद ने अपने सांसद निधि से उसे बनाने व रखरखाव के लिए के लिए सहमति प्रदान की। उन्होंने आनंद नगर के लोगों के बीच जाकर औपचारिक मुलाकात भी की। आनंद नगर के लोगों ने सड़कों के बारे में भी जिक्र किया कि थोड़ी सी बारिश



होने पर सड़कों पर कीचड़ फैल जाता है और जो बच्चे विद्यालय या स्टेडियम आते-जाते हैं उनके लिए बड़ी दिक्कत होती है। आनंद नगर की सड़कों की हालत बेहद जर्जर और कई दिनों से प्रशासन को आगाह करने के बाद भी केवल आश्वासन ही मिलता है। सांसद महाबली सिंह के साथ जदयू पार्टी के कार्यकारिणी सदस्य जगनारायण सिंह यादव , राष्ट्रीय जनता दल के राजीव रंजन 'सुमन, अयूब खान, सुभाष यादव, लालटेस मुखिया, प्रो. सुरेंद्र सिंह आदि गणमान्य लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया। वहीं अंगवस्त्र से योगेश कुमार ने उन्हें सम्मानित किया।

# गोवर्धन पूजा के अवसर पर दंगल एवं बिरहा का आयोजन

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिला अन्तर्गत दिनारा प्रखंड क्षेत्र के चिल्हरुआं पंचायत अंतर्गत खैरही खुर्द गांव में गोवर्धन पूजा के अवसर पर मंगलवार को दंगल प्रतियोगिता तथा बिरहा का आयोजन किया गया। दंगल में पहलवान की जबरदस्त भीड़ंत से दर्शन काफी उत्साह में दिखे। प्रथम कुश्ती बनारस के नागेंद्र पहलवान एवं बलिया के बबलू पहलवान के बीच हुआ जिसमें चार मिनट के दंगल में नागेंद्र पहलवान ने बबलू पहलवान को पटकनी दे मारी। वही दूसरी कुश्ती में कैमूर के रियासत पहलवान और सिसौढ़ा के रामानंद पहलवान के बीच हुआ जिसमें रियासत पहलवान विजई रहे। एक अन्य कुश्ती में सिसौढ़ा के दीपक पहलवान ने सिस-ुरहां के मोहन पहलवान से कड़े संघर्ष में बाजी मारी। दंगल में रेफरी का कार्य गंगा विष्णु सिंह ने कुशल निभाया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक विजय कुमार मंडल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा भगवान श्री कृष्ण द्वारा अहंकारियों का अहंकार नाश करने को लेकर मनाया जाता है। भगवान कृष्ण ने इंद्र के घमंड का दमन करते हुए गोकुल वासियों से गोवर्धन पूजा की परंपरा



प्रारंभ कराई। उन्होंने पूजा समिति द्वारा दंगल प्रतियोगिता के आयोजन पर धन्यवाद देते हुए कहा कि यह भारत का परंपरागत खेल है और इसको ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद रूप देने की आवश्यकता है। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए करगहर विधायक संतोष मिश्रा ने आयोजन समिति को इस दंगल आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस आयोजन का और बृहद रूप होना चाहिए। इसके लिए हम जनप्रतिनिधि भी सहयोग देने के लिए तैयार हैं। जिस तरह पंजाब और हरियाणा में कुश्ती को एक व्यापक रूप दिया गया है उसी तरह हमारे यहां भी गांव-गांव में युवाओं को मोबाइल की बीमारी से हटाकर इस तरह की प्रतियोगिता से जोड़ना होगा। कुश्ती प्रतियोगिता को एक अंतरराष्ट्रीय खेल के रूप में शामिल किया जा चुका है अतः यु-वाओं का भविष्य भी इसमें बेहतर हो सकता है। उन्होंने संचालन समिति के अध्यक्ष संजीत यादव, सचिव लाल बिहारी सिंह, संजय यादव, अभिषेक यादव, शिवनाथ सिंह, बुद्धन साह सहित अन्य सदस्यों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुग्रीव सिंह एवं संचालन दीनानाथ सिंह ने किया। मौके पर टुनटुन साह, ज्वाला सिंह, सुभाष राय, राजबली तिवारी, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# विद्युत चोरी के जुर्म मे थाने में 11 लोगों पर प्राथमिकी हुई दर्ज

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह**

रोहतास जिला अन्तर्गत परसथुआं थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में विद्युत विभाग



के द्वारा छापामारी की गई। जिसमें मीटर बायपास कर विद्युत चोरी मामले में ओपी थाना में 11 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।थानाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने बताया की कनीय अभियंता संतोष कुमार ने लिखित आवेदन देकर ओपी क्षेत्र के शोभीपुर निवासी विपिन कुमार पर 10379 रुपये, इसरावती देवी पर 29764 रु कोमल चौधरी पर 7398 रु, कामता सिंह पर 4484रु, विनोद चौधरी पर 11239 रु, मनिंद्रा पाल पर 20072 रुपये की चोरी का मामला दर्ज कराया गया है। जबकि कथराई निवासी अर्जुन साह पर 4856 रु बहादुर पासवान पर 13964 रु,बबलू साह पर 6909 रु, लालजी पासवान पर 13864 रु, संतोष साह पर 11754 रु का जुमार्ना करते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# बाल दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री चाचा नेहरू को बच्चों ने याद किया

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

बाल दिवस के अवसर 14 नवंबर को रोहतास जिला के विभिन्न स्कूलों में बाल दिवस की धूम रही। इस मौके पर बहुत से स्कूलों के बच्चों ने उत्साह पूर्वक रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किया। इस अवसर पर रोहतास जिला अन्तर्गत बिक्रमगंज के नगर परिषद के स्थित कृष्ण कोचिंग संस्थान में नन्हें-मुन्नें बच्चों ने मंगलवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री सह बच्चों के चाचा पंडित जवाहर लाल नेहरू के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर याद किया। जबकि मौके पर उपस्थित सैकड़ों बच्चों के बीच कोचिंग संचालक कृष्ण प्रसाद ने किताब, कॉपी, कलम, मिठाई, टॉफी देकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही साथ बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री



जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन 14 नंबर को बाल दिवस रूप में मनाया जाता है। जो अपने जीवन काल में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु को बच्चों से काफी ज्यादा प्यार था। जिन्हें बच्चे उनको प्यार से चाचा नेहरू कह कर भी बुलाते थे।मासूम बच्चों ने चाचा नेहरू के याद में विभिन्न आकर्षक एवं मोहक कविताओं की प्रस्तुति कर सबको भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर शिक्षक पवन कुमार, रोहित कुमार व पुचक कुमारी, अन्यया कुमारी, नित्या कुमारी, गुलगुल कुमारी, अंजू कुमारी, अमन, लक्की कुमार, साक्षी कुमारी, रंभा कुमारी, आयुष पटेल, राजा कुमार, ज्योति कुमारी, आयुषी कुमारी, दिव्या कुमारी, राज नंदनी, खुशी कुमार, करण कुमार सहित अन्य छात्र-छात्रा उपस्थित थें।

# तीन शराब तस्कर गिरफ्तार तीस लीटर देशी शराब बरामद

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिला अन्तर्गत नटवार थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से मंगलवार को तीन शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही तीस लीटर देशी शराब को भी जप्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि पूर्व के शराब के आरोपी सरांव टोला निवासी विरा मुशहर को गिरफ्तार कर लिया वहीं रामपुर टोला बगीचा से तीस लीटर देशी शराब के साथ मुन्ना चौधरी एवं दारा चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला स्थित काराकाट नगर पंचायत के नाद टोला पर गोवर्धन पूजा समिति के अध्यक्ष विकास यादव के नेतृत्व में भव्य स-ांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारी भीड़ देखने को मिला। इस



कार्यक्रम उद्घाटन मुख्यपार्षद प्रत्याशी नगर पंचायत काराकाट के राम अवधेश सिंह अहिर के द्वारा फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम को चालू कराया गया। गायिका अर्चना पांडे, गायक दीनबंधु निराला, मितेल यादव इत्यादि बहुत सारे कलाकारों के द्वारा रात भर सांस्कृतिक कार्यक्रम चला जिससे जनता झूमते नजर आए। उद्घाटन में उपस्थित-जिला परिषद काराकाट उमेश सिंह, रविशरंजन(उप मुख्यपार्षद नगर पंचायत काराकाट)वार्ड पार्षद संजय राम,वार्ड पार्षद अभिभावक-संतोष यादव,दिलीप प्रसाद, शिक्षक-अनिल कुमार पासवान, विश्वजीत कुमार, गोवर्धन पूजा समिति के सदस्य-विकास यादव,मितेल यादव,नितेश,रितेश,छोटू इत्यादि सभी सक्रिय सदस्य एंव स्त्रोता उपस्थित थे।

# श्री विजय राघव मंदिर ठाकुरबाड़ी मे मनाया गया अन्नकूट त्योहार लगाया गया छप्पन भोग

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 14 नवंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर के शनीचर बाजार स्थित श्री विजय राघव मंदिर पुरानी ठाकुरबाड़ी एवम नई ठाकुरबाड़ी मे आज अन्नकूट त्योहार मनाया गया। श्री विजय राघव मंदिर के पुजारी आचार्य बालदेव मिश्र ने बताया कि अन्नकूट त्योहार के अवसर पर ठाकुर जी को 56 प्रकार का भोग लगाया गया।पुजारी ने कहा कि आज का दिन ठाकुर जी को 56 प्रकार का भोग लगाने की



परंपरा सदियों से चली आ रही है।इस भोग मे मेवा ,मिष्ठान,दूध से बनी सामग्री,फल,एवम पुआ पुड़ी का भोग ठाकुर जी को लगाया जाता है।इस अवसर पर उपस्थित लोगो के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया।

मौके पर श्री विजय राघव मंदिर कमिटी के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार, मनीष अग्रवाल,श्यामजी अग्रवाल, मंजूषा पांडे, मेघा अग्रवाल, दीक्षा अग्रवाल,राजेश कुमार अग्रवाल,विनय कुमार सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

# गोवर्धन पूजा के अवसर पर दंगल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**लाल बिहारी गुप्ता दैनिक समाज जागरण तिलौथू रोहतास**

श्रीकृष्ण चेतना परिषद पतलुका द्वारा श्री राधा-कृष्ण मंदिर परिसर पतलुका में आयोजित श्री गोवर्धन पूजा महोत्सव धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर दंगल (कुश्ती) प्रतियोगता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखण्ड क्षेत्र के दर्जनों पहलवानों ने अपनी पहलवानी दिखाई। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी



इंस्पेक्टर अनिल यादव ने कहा कि कुश्ती हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ गाँव मे गौरव की भी पहचान है। यह परंपरा द्वापर युग से चली आ रही है। भगवान श्री कृष्ण ने कहा था कि गोवर्धन पर्वत गौधन का संरक्षण करता है।जिससे पर्यावरण भी शुद्ध होता है। इसलिए गोवर्धन पर्वत की पूजा की जानी चाहिए। मौके पर समाजसेवी राकेश यादव, बब्लू यादव, छोटन यादव, बाबुनन्द सिंह, सुनील सिंह, अशोक कुमार, हीरा यादव समेत प्रखंड क्षेत्र के कई अन्य समाजसेवी व ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के द्वारा ली गई क्विज प्रतियोगिता में 12वीं का छात्र श्रेयांस कुमार तो दसवीं के छात्र शुभम कुमार ने मारी बाजी।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता**

औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के चार स्कूलों में 5 नवंबर को शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा 2563 छात्र छात्रों के बीच जो लिया गया था जिसका परिणाम आज 14 नवंबर मंगलवार को केबीसी के तर्ज पर परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया।आयोजकों ने खुले मंच पर नवम दशम एवं 11 ,12 छात्रों में सफल 30 छात्रों के बीच केबीसी के तर्ज पर भास्कर रिसॉर्ट देव में जनता के बीच खुले मंच पर क्यूज परीक्षा लिया।जिसमे 5 राउंड में 17 सफल हुए उसके बाद तीन राउंड में 3 सफल छात्र को चुना गया।उन तीनों में प्रथम दूसरा और तीसरा के लिए 3 राउंड टेस्ट ली गई जिसमें तीनो सवालों का सही जवाब देने वाला



छात्र देव नगर पंचायत स्थित दतु बिगहा निवासी संजय शर्मा के पुत्र श्रेयांस कुमार जो 12वीं का छात्र है उसने प्रथम स्थान चुना गया।जबकि देव दीवान बिगहा निवासी राकेश सिंह की पुत्री ब्यूटी कुमारी ने दो सवालों का उत्तर देकर दूसरा स्थान प्राप्त की और केताकि गांव निवासी शैलेश कुमार की पुत्री प्रज्ञा कुमारी ने तीन सवाल में 1 सवाल का सही जवाब देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह नवमी और दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान देव निवासी जगदीश यादव के पुत्र शुभम कुमार तो दूसरा स्थान केताकी निवासी नंद चौधरी के पुत्र नीतीश कुमार और तीसरा स्थान इसरौर गांव निवासी अखिलेश मेहता के पुत्र गौरव कुमार ने मारी बाजी।कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद सुसील सिंह फाउंडेशन के संरक्षक मदन मोहन मिश्रा और अध्यक्ष शक्ति मिश्रा ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया।जिसका मंच संचालन शिक्षक दिलीप राज ने किया।कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार कुमार विशाल ने किया।निर्णायक मंडली में केताकि उच्य विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार और प्रोजेक्ट कन्या उच्य विद्यालय देव के शिक्षक गुंजन कुमार शामिल रहें कार्यक्रम के अंत फाउंडेशन के अध्यक्ष शक्ति मिश्रा ने सभी फाउंडेशन को कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया इस-के बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को समापन किया गया।

# ग्राम पंचायत किरहीं में जनकल्याण शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत किरहीं



के पंचायत भवन में मंगलवार को जनकल्याण शिविर का आयोजन जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में सभी विभागों के पदाधिकारी के द्वारा आवेदन प्राप्त किया गया। जिस शिविर कार्यक्रम में आवास से संबंधित 182, राशनकार्ड 40, अंचल जमीन विवाद 05 , पंचायती राज से 05 ,पेंशन-14 , बिजली विभाग 0 ,कृषि विभाग 0,मनरेगा से 04, स्वास्थ्य विभाग से 12, स्वच्छता 03 आवेदन प्राप्त हुए।

# छठ पूजा को लेकर नगर पंचायत काराकाट के छठ घाटों की सफाई

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अन्तर्गत नगर पंचायत काराकाट में छठ पूजा को लेकर छठ घाटों की सफाई का कार्य किया गया। नगर पंचायत मुख्य पार्षद राधिका कुमार व मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती के नेतृत्व में सफाई का कार्य किया गया। नगर पंचायत के विभिन्न छठ घाटों में गोड़ारी सकला रजवाहा के तट पर



छठ घाट, नाद, बाद, चिल्हा में जयश्री रजवाहा में छठ घाट जमूआ तथा करूप में छठ घाटों की साफ सफाई जेसीबी तथा मजदूरों से छठ घाटों की सफाई की गई। सफाई के दौरान नगर ईओ व काराकाट बीडीओ ने निरीक्षण किया तथा कई छठ घाटों से सम्बंधित कई दिशा निर्देश दिया गया। छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस पर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

# आजाद समाज पार्टी की प्रदेश सचिव बनाई गई, दधपा पंचायत की मुखिया खुशबू कुमारी।

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जौहर आजाद द्वारा पंचायत चुनाव मे बिहार के दूसरे नंबर पर विजय प्राप्त करने वाली दधपा पंचायत के मुखिया खुशबू कुमारी को आजाद समाज पार्टी का प्रदेश सचिव बनया गया। जिसको लेकर भीम आर्मी औरंगाबाद के कार्यकर्ताओ मे खुशी की लहर है, पार्टी को खुशबू कुमारी जैसी संघर्षशील महिला की जरुरत थी, इनके पार्टी मे आने से संघठन और पार्टी को काफी मजबूती मिलेगा। वही भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष करण पासवान ने खुशबू कुमारी को पार्टी का प्रदेश



सचिव बनाये जाने पर बधाई दिए! वही पार्टी एवं संगठन के लोगो ने प्रदेश अध्यक्ष जौहर आजाद का शुक्रिया अदा किया, इस मौके पर उपस्थित जिला प्रभारी मनीष अम्बेडकर, जिला प्रवक्ता रमेश पासवान, जिला उपाध्यक्ष करण रेडी, जिला सचिव विशाल कुमार , नवीनगर प्रखंड अध्यक्ष मंटू पासवान, दीपक सूर्या इंजिनियर, रविंदर कुमार, सप्पू बादशाह, राहुल राज, नीरज पासवान, जिला कार्यकारिणी सदस्य दिवाकर पासवान, गोह प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार, राजेश पासवान अन्य सभी लोगो ने बधाई दिया एव उज्जवल भविष्य का कामना किए!

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में सोमवार की देर शाम हाईटेंशन तार की चपेट मे आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी शिवपूजन यादव के पुत्र उदय कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह देर शाम शौच करने की बात कहकर घर से बाहर निकला था। इसी दौरान ट्रांसफार्मर के समीप अर्थिंग में विद्युत धारा प्रवाहित हो रही थी। जिसके चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। हालांकि आसपास के लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचा और जिंदा समझकर गोह सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इस मामले में गोह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अत्यंत परिक्षण हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज कर मंगलवार को परिजनों को सौंप दी है। वहीं क्षेत्र संख्या (6) के जीप प्रतिनिधि श्याम सुंदर व समाजसेवी चंदन कुमार ने परिजनों से मिलकर पीड़ित परिवारों को संतावना दी है। तथा मुआवजा दिलाने के लिए आश्वासन दिया है। उदय कुमार की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। तो वहीं परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है।



# बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास( बिपार्ड) के तत्वाधान में समूह( घ) कार्यालय परिचारी कर्मियों को छः दिवसीय आवासीय सेवाकालीन प्रशिक्षण द ईगल व्यू प्रशिक्षण केंद्र संपतचक में आयोजित

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

पटना( बिहार)- बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान बिपार्ड के तत्वाधान में समूह 'घ' कार्यालय परिचारी कर्मियों का छः दिवसीय आवासीय सेवाकालीन प्रशिक्षण द ईगल व्यू प्रशिक्षण केंद्र संपतचक में आयोजित किया गया. जिसमें बिहार के औरंगाबाद , भोजपुर, समाहरणालय के कर्मियों ने भाग लेकर प्रशिक्षण में भाग लिया . बताया जाता है कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक- 13.11.2023 से दिनांक 18. 11. 2023 तक आयोजित की जाएगी. ऐसे तो औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी ने ज्ञापांक- 717 स्थापना/ दिनांक- 11.11.2023 के आलोक में पत्र निर्गत करते हुए 25 प्रशिक्षणार्थियों को रवाना किया. वही संबंधित पदाधिकारी को प्रतिलिपि के माध्यम से सूचना देकर अवगत भी कराई गई .मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि सरकार के दी गई दिशा-निर्देश के आलोक में प्रशिक्षण का कार्य समयअनुसार निर्धारित अवधि के अनुसार किया जा रहा है . प्रशिक्षणार्थियों ने आगे बताया कि जिन कर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण कार्यालय में पहुंचे हैं उनके लिए खाने-पीने से लेकर सोने की व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है. उन्होंने आगे बताया कि व्यवहारिक ज्ञान से लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने तथा अतिथि देवोः भवः के तर्ज पर कार्य करने हेतु विस्तार पूर्वक प्रशिक्षको द्वारा प्रकाश डाला गया. उपस्थित कर्मियों ने बताया की यूनिफार्म के साथ कर्मियों का प्रशिक्षण दी जा रही है. उन्होंने आगे बताया कि सुबह में पीटि एवं संध्या काल में योगा से संबंधित भी जानकारियां दी जा रही है . उपस्थित कार्यालय परिचारियों ने कार्य की सराहना करते हुए बिहार सरकार को कर्मियों के प्रति जागरूक होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा की छोटे कर्मियों पर सरकार स्वास्थ्य के प्रति चिंतित है इसके लिए बिहार सरकार को धन्यवाद देता हूं .



# बाल दिवस के पूर्व संध्या पर मां निर्दोष सेवा केंद्र के तत्वाधान में केसपा पंचायत के ईटहोरी ग्राम में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की मनाई गई जयंती समारोह.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- बाल दिवस की पूर्व संध्या पर माँ निर्दोष सेवा केंद्र के तत्त्वाधान में केसपा पंचायत के ईटहोरी ग्राम में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती समारोह मनाई गई। सर्वप्रथम इस जयंती समारोह में सभी उपस्थित लोगों ने पंडित नेहरू के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया एवं अपने विचारों को रखा। ग्रामीणों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, एवं भविष्य में आगे भी इस तरह के कार्यक्रम को आयोजित कराने का अनुरोध किया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है,एवं बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाना ही बाल दिवस का उद्देश्य है। इस अवसर पर बच्चों ने काव्य पाठ की प्रस्तुति किया एवं संस्था की ओर से सभी बच्चों को पुस्तिका और कलम भेंट किया गया। कार्यक्रम में माँ निर्दोष सेवा केंद्र के सचिव हिमांशु शेखर, वीपीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक नमित राजा, एसभीटी कोचिंग के निदेशक मनीष अवस्थी, पूर्व सरपंच सुनील चंद्रवंशी, राजू पासवान सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।



# कार्यालय परिचारी कर्मियों का छः दिवसीय आवासीय सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित।

**दैनिक समाज जागरण, विश्वनाथ आनंद ,वरीय संवाददाता, मगध प्रमंडल.**

गया ( बिहार) बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान बिपार्ड के तत्वाधान में समूह 'घ' कार्यालय परिचारी कर्मियों का छः दिवसीय आवासीय सेवाकालीन प्रशिक्षण द ईगल व्यू प्रशिक्षण केंद्र संपतचक में आयोजित किया गया. जिसमें बिहार के औरंगाबाद , भोजपुर, समाहरणालय के कर्मियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया .

बताया जाता है कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13.11.2023 से दिनांक 18. 11. 2023 तक आयोजित की जाएगी. ऐसे तो औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी ने ज्ञापांक- 717 स्थापना/ दिनांक- 11.11.2023 के आलोक में पत्र निर्गत करते हुए 25 प्रशिक्षणार्थियों को रवाना किया.वही संबंधित पदाधिकारी को प्रतिलिपि के माध्यम से सूचना देकर अवगत भी कराई गई .



मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि सरकार के दी गई दिशा-निर्देश के आलोक में प्रशिक्षण का कार्य समयअनुसार निर्धारित अवधि के अनुसार किया जा रहा है . प्रशिक्षणार्थियों ने आगे बताया कि जिन कर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण कार्यालय में पहुंचे हैं उनके लिए खाने-पीने से लेकर सोने की व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है . उन्होंने आगे बताया कि व्यवहारिक ज्ञान से लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने तथा अतिथि देवोः भवः के तर्ज पर कार्य करने हेतु विस्तार पूर्वक प्रशिक्षको द्वारा प्रकाश डाला गया. उपस्थित कर्मियों ने बताया की यूनिफार्म के साथ कर्मियों का प्रशिक्षण दी जा रही है.

उन्होंने आगे बताया कि सुबह में पीटि एवं संध्या काल में योगा से संबंधित भी जानकारियां दी जा रही है . उपस्थित कार्यालय परिचारियों ने कार्य की सराहना करते हुए बिहार सरकार को कर्मियों के प्रति जागरूक होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा की छोटे कर्मियों पर सरकार स्वास्थ्य के प्रति चिंतित है इसके लिए बिहार सरकार को धन्यवाद देता हूं .

# खेलो इंडिया स्मॉल सेन्टर (बॉक्सिंग) का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

खेलो इंडिया योजनान्तर्गत बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के दिशा निर्देश तथा जिला प्रशासन के सहयोग से औरंगाबाद के इंडोर स्टेडियम में खेलो इंडिया के तहत बॉक्सिंग केंद्र का उद्घाटन आज दिनांक 14 नवंबर बाल दिवस के शुभ अवसर पर शुभारंभ किया गया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी श्री अमृत ओझा और जिला नियोजन पदाधिकारी श्री दिनेश तिवारी मौजूद थे।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि खेलों में अब आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं और सरकार बेहतर सुविधा मुहैया कराने हेतु प्रयासरत है। खिलाड़ी अगर लगन से एवं कठिन मेहनत कर खेले तो कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं होती। साथ ही खिलाड़ियों को सलाह दी की खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है जिससे शारीरिक तथा मानसिक स्वाथ्य के साथ साथ टीम स्पिरिट भी बना रहता है।



बॉक्सिंग कोच अखिल राज के द्वारा सुबह शाम निशुल्क प्रशिक्षण इंडोर स्टेडियम में दिया जाएगा। साथ में खिलाड़ियों को फ्री में किट भी उपलब्ध कराया जाएगा। 10 नवंबर को हुए चयन ट्रायल में 12 से 14 वर्ष के कुल 30 खिलाड़ियों को फ्री बॉक्सिंग ट्रेनिंग के लिए चयन किया गया है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा कोच की भी नियुक्ति कर दी गई है तथा आवश्यक ट्रेनिंग कीट भी उपलब्ध कराया गया है।

इस कार्यक्रम में शुभम कुमार ,अभिमन्यु कुमार, अमित, रवि रंजन, दीपक राज, संस्कृति सिंह, नित्या पांडे तथा अन्य खिलाड़ी मौजूद थे। आयोजन को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षक संतान कुमार सिंह, विनोद कुमार, चंदन कुमार, विवेक कुमार ,नीतू सिंह, अजय कुमार, तथा साधना कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भाजपाईयों ने की बूथ कमेटी के प्रगति की समीक्षा बैठक

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 14 नवंबर 2023 :- बूथ कमेटी के प्रगति की समीक्षा के लिए कुटुंबा मंडल भाजपा कार्यालय में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने बूथ सशक्तिकरण, इक्कीस सदस्यीय बूथ कमिटी के प्रगति की समीक्षा व बीएलए टू के फॉर्मेट पर मतदाता सूची में नाम क्रमांक,मोबाइल नंबर व बूथ संख्या अंकित कर हर हाल में दो-तीन दिन के अंदर प्रपत्र को जिला कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने जिला अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द प्रपत्र तैयार कर जिला कार्यालय को सौंप दिया जाएगा। मंडल कमेटी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों का अनुपालन करने के लिए सदैव तत्पर है। इस दौरान जिला मंत्री सह बीएलए वन रेखा पासवान ने सभी शक्तिकेंद्र प्रमुख से बीएलए टू की सूची जमा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पार्टी में नये महिला कार्यकताओं को जोड़ा जोड़ कर पार्टी को मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में मंडल महामंत्री अमरेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष चंदन तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सकील खान, मुन्ना पांडेय,पिंटू सक्सेना, जयप्रकाश सिंह,अजय तिवारी, गुलाम रसूल व पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष प्रेमकुमार, सभी शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित थें।



# विवेकानंद मिशन स्कूल में धूमधाम से प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन मनाई गई

**दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार सिंह प्रखंड संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर गया रोड स्थित विवेकानंद मिशन स्कूल के सद्भावना प्रांगण में प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित प्रबंधक सुनील कुमार, प्राचार्य शैलेश कुमार शर्मा, शिक्षक बृजेश कुमार यदि ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर शंभू शरण सिंह ने अपने संदेश में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वह कर्म योद्धा, राजनेता तथा शिक्षा के शिल्पकार थे ।बच्चों से उनका विशेष लगाव था देश के विकास में उनका मूल्य योगदान रहा। वे भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में निर्वाचित होकर देश के अर्थव्यवस्था की नींव रखी तथा देश के विकास को गति प्रदान किया। ईस अवसर पर शिक्षक लोकेश पांडे ,शिवेंद्र कुमार अधिवक्ता, शिक्षक धनंजय कुमार सिंह ,सत्येंद्र कुमार ,राजेश कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।



# नवनियुक्त शिक्षकों का ओरियंटेशन कार्यक्रम जारी

**दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार सिंह, प्रखंड संवाददाता दाउदनगर ।**

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय के अशोक इंटर स्कूल मे बीपीएससी द्वारा चयनित शिक्षकों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम जारी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयशंकर प्रसाद ने बताया कि शिक्षकों ने बी आर सी के आदेश अनुसार सोमवार को विद्यालय में योगदान किया है तथा 18 नवंबर तक उनका ओरिएंटेशन कार्यक्रम जारी रहेगा ।कार्यक्रम के दूसरे दिन भी शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई। शिक्षकों को अलग- अलग समूह में विभिन्न कमरों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार ने प्री मैट्रिक , पोस्ट मैट्रिक , तकनीकी छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में शिक्षकों की जानकारी दी गई। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने भी शिक्षकों को विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। औरंगाबाद से आए कनिय अभियंता रवि कुमार ने भी शिक्षकों के तकनीकी जानकारी प्रदान किया। बी आर से आए एनुल्हक ने भी विभिन्न कमरों में प्रशिक्षण दिया। ईस अवसर पर लालदेव राम ,नंदू कुमार , विजय कुमार , आदित्य कुमारी, गुड्डू कुमार, उदय कुमार , निवास मंडल आदि उपस्थित थे।



# मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम की तैयारी पर हुई चर्चा

**दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार सिंह, प्रखंड संवाददाता दाउदनगर ।**

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय के 27 नवंबर से दो दिसंबर तक चलने वाले मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम को लेकर आशा फैसिलिटेटर एवं आशा की समीक्षात्मक बैठक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित की गई ,जिसमें कार्यक्रम से पूर्व की तैयारी, बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण एवं अन्य सुविधाओं के लिए सर्वे और प्रचार -प्रसार की समीक्षा की गई ।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिव शंकर झा, बीसीएम अमृता कुमारी एवं यूनिसेफ के बीएमसी गिरीश चंद्र वर्मा ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।बताया गया कि चार दिसंबर से शुरू होने वाले परिवार नियोजन पखवाड़ा की समीक्षा भी की गई ,जिसमें पुरुष नसबंदी को प्राथमिकता दिए जाने का निर्देश दिया गया है ।16 नवंबर को अनुमंडल अस्पताल में लगने वाले रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक और प्रेरित करने हेतु आवश्यक दिशा -निर्देश दिए गए ।मौके पर प्रखंड मूल्यांकन एवं अनुश्रवण सहायक आलोक कुमार, प्रखंड लेखापाल सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।



# आवास को पूर्ण कराने का दिया गया निर्देश।

**दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार सिंह, प्रखंड संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर**

बीडीओ योगेंद्र पासवान ने अपने कार्यालय कक्ष में ग्रामीण आवास सहायकों के साथ बैठक कर उ नके कार्यों की समीक्षा की और उन्हें आवश्यक दिशा -निर्देश दिए ।बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा की गई और आवास का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया ।बीडीओ ने बताया कि कुछ दिन पहले वैसे लाभुकों के साथ बैठक किया गया था, जिन्होंने आवास योजना की राशि लेने के बावजूद अपने मकान निर्माण में काम नहीं लगाया था ।ऐसे लोगों की संख्या 51 थी ।इसकी भी समीक्षा बैठक में की गई। पाया गया कि उक्त बैठक के बाद दो लाभुकों द्वारा काम लगा दिया गया है। आवास सहायकों को निर्देश दिया गया है कि शेष बचे 49 मकान का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराएं।

# जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह दिवस का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

आज सदर अस्पताल से लेकर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर स्तर तक के संस्थानों में डायबिटीज अर्थात मधुमेह के विरुद्ध जन जागरूकता के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले वर्ल्ड डायबिटीज डे का आयोजन किया गया.

इस आशय की जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष 14 नवंबर को इंसुलिन हार्मोन के खोजकर्ता सर फ्रेडरिक बेंडिंग के जन्मदिन को वर्ल्ड डायबिटीज डे के रूप में मनाया जाता है. इस अवसर डायबिटीज के जोखिमो, समय पर पहचान और इलाज के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संपूर्ण विश्व में आयोजित किए जाते हैं.

इस क्रम में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र औरंगाबाद में एक संगोष्ठी आयोजित की गई. जिसमें मुख्य वक्तव्य जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन द्वारा दिया गया. गैर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु कार्यक्रमो के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी ने बताया गया कि डायबिटीज एक मेटाबॉलिक डिसऑर्डर है. इससे पीड़ित व्यक्ति के शरीर में शुगर की मात्रा अधिक हो जाती है. परिणाम स्वरुप आंख, हृदय, गुर्दे जैसे अंग बुरी तरह प्रभावित होते हैं और नियंत्रण नहीं हो पाने के अभाव में पीड़ित की जान भी चली जाती है. डायबिटीज के रोगियों को स्वस्थ खान-पान एवं जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता होती है. वस्तुतः डायबिटीज खराब लाइफस्टाइल के कारण होने वाली एक बीमारी है. शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में डीपीसी नागेंद्र कुमार केसरी, डॉ. शरमद आलम, डॉ. अजितेश द्वारा भी संगोष्ठी में वक्तव्य दिए गए.

# घरेलू कलह के कारण किशोर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी का असफल प्रयास

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

रोहतास जिला के दावथ थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में सोमवार की सुबह घरेलू कलह के कारण एक किशोर ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने का असफल प्रयास किया है। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आनन-फानन में आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक रोहतास जिला के दावथ थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी स्व.कयामुद्दीन अंसारी का 16 वर्षीय पुत्र अब्बास अंसारी है एवं वह पेशे से मजदूर है। घटना को लेकर आसपास के इलाके सनसनी फैल गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की सुबह घरेलू कलह के कारण उसकी परिवार वालों से तीखी नोंकझोंक हुई। जिसके बाद गुस्से में आकर उसने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे से लटक कर फांसी लगाकर खुदकुशी करने का असफल प्रयास किया। लेकिन जैसे ही परिवार वालों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने फौरन उसे पंखे से नीचे उतरा और आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए।

# प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी ने मनाया बाल दिवस

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 14 नवंबर 2023:-प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी अंबा में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक वेद प्रकाश तिवारी, प्राचार्या कुमारी शशि,उप प्राचार्य जय मंगल सिंह एवं प्ले ग्रुप इंचार्ज रीता सिंह के द्वारा समवेत रूप से दीप प्रज्वलित किया और पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। संस्थापक ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। पहले भारत में 20 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता था, परंतु वर्ष 1964 में नेहरू जी के निधन के बाद उनके जन्मदिवस को बाल दिवस घोषित कर दिया गया। इस दिन का मकसद बच्चों के सेहत एवं सुरक्षा का बढ़ावा देना है। वहीं बच्चों को सही शिक्षा, पोषण, अच्छा बचपन और उनकी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर सुनिश्चित करना है। विद्यालय की प्राचार्या ने चाचा नेहरू के देश के प्रति निष्ठा और बच्चों के प्रति अपार प्यार, स्नेह को गिनाया। इस दौरान सभी बच्चों के बीच विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा गुब्बारे, मिठाइयाँ और टॉफी बांटी गई। बाल दिवस कार्यक्रम में अकाउंटेंट शिवम कुमार, शिक्षक पंकज कुमार, हिमांशु पाठक, करुणा कुमारी, प्रिया सिंह, गायत्री कुमारी, कंचन सिन्हा, नंदनी कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।



# पंचदेव धाम परिसर ,चपरा में होगा सातवां सामूहिक विवाह समारोह

**दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद(बिहार) 14 नवंबर 2023:- बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति द्वारा सातवें सामूहिक विवाह का आयोजन 27 जनवरी को पंचदेव धाम चपरा में किया जाएगा। उक्त आशय से कुटुम्बा प्रखंड के डिहरी गांव स्थित देवी - स्थान के प्रांगण में समिति की बैठक की गई । जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक युगेश सिंह ने की। विदित हो कि बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र में दहेज प्रथा व बाल विवाह जैसी कुप्रथा के उन्मूलन हेतु लगातार प्रयासरत है। बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं सामूहिक विवाह के मुख्य आयोजनकर्ता बरुण कुमार सिंह उर्फ जब्बर सिंह ने बताया कि यह बिल्कुल ही निःशुल्क आयोजन है। जिसमें वर व वधु पक्ष के लोगों का एक रुपया भी खर्च नहीं होता और धूम-धाम से विवाह करवाया जाता है। विवाह के उपरांत वर-वधु को उपहार स्वरूप रोजमर्रा के जीवन में उपयोग की आवश्यक चीजें प्रदान की जाती है। जिसका सारा खर्च समिति वहन करती है। अध्यक्ष ने बताया कि समिति के द्वारा कहीं चंदा नहीं कटवाया जाता, किन्तु जो स्वेच्छा से दान देना चाहते हैं, उनका स्वागत किया जाता है ।

बैठक में अध्यक्ष बरूण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मनेश सिंह, सचिव राकेश पाठक, कोषाध्यक्ष जे.पी. गुप्ता, विकास विश्वकर्मा, अजय स्वर्णकार, प्रदीप सिंह, मृत्युंजय सिंह, मोहित सिंह, धर्मेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह,पुरुषोत्तम सिंह, अभिषेक सिंह, अंकित सिंह इत्यादि दर्जनों लोग सम्मिलित थे ।



# 15 लीटर शराब बरामद

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने सोमवार की दोपहर गस्ती के दौरान झिकटीया गांव के समीप चचरी पुल के पास पहुंचा तो एक बाइक को आते हुए देखा और उसे जब पुलिस रोकवाने लगा तो बाइक सवार पुलिस को चकमा देते हुए प्लास्टिक के बोरे में रखा शराब सहित बोरे को फेंक कर भागने में सफल रहा। जब पुलिस बरामद बोरे की तलाशी ली तो पोलीथिन में बंधा पांच - पांच लीटर का तीन पीस पोलोथिन में बंधा कुल पंद्रह लीटर देसी महुआ शराब बरामद कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि मामले में एएस आई लतिफूर रहमान के बयान पर अज्ञात के विरुद्ध कांड संख्या 350/23 दर्ज किया गया है। वहीं शराब धंधेबाज के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है।

# समाजसेवी व्यवसाई को दी गई श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**


औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के देवकुंड निवासी व्यवासाई बसंतलाल गुप्ता (75) के 1 नवंबर 2023 को आकस्मिक निधन होने के पश्चात उनके पैतृक आवास पर मंगलवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा ब्रह्मभोज कार्यक्रम में उपस्थित होकर गणमान्य लोगों ने दिवंगत आत्मा के तैल चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर नमन किया। समाजसेवी आशुतोष मिश्रा ने स्व. गुप्ता के पुत्र शैलेश , नवलेश , सुधीर व सुबोध से मुलाकात कर संत्वाना देते हुए कहा कि स्व. गुप्ता क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसाई थे साथ ही वे समाजिक क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। इस मौके पर व्यवसाई संघ अध्यक्ष राघवेन्द्र गुप्ता, आचार्य शिवकुमार पांडेय , डॉ संजय मिश्रा , अभाविप छात्र नेता गौरव मिश्रा , सुमित कुमार , उदय गुप्ता , विकास गुप्ता , रविंद्र गुप्ता , राकेश रंजन , रामध्यान राम, दयानंद शर्मा, जयप्रकाश राम, धर्मेंद्र ठाकुर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# किसान चौपाल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के देवहरा पंचायत के शेखपुरा व फाग पंचायत के सिंघाड़ी गांव में मंगलवार को किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को जलवायु अनुकूल खेती करने की जानकारी दी गई। साथ ही रबी फसल आधुनिक तरीके, कृषि उपकरण, जैविक खेती आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत प्रतिनिधियों ने की। चौपाल कार्यक्रम में आत्मा अध्यक्ष विनय पटेल, किसान सलाहकार अंशुमानकांत, एटीएम अमित पासवान, बीटीएम राजेश कुमार , किसान गिरजा सिंह, संजय शर्मा , अजय त्रिगुणायत, पंकज शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का बहुजन समाज पार्टी गठबंधन के बाद भी मुकाबले से हुई बाहर मुख्य मुकाबला कांग्रेस एवं भाजपा के बीच

समाज जागरण ब्यूरो विजय तिवारी

उमरिया।मध्यप्रदेश के उमरिया जिले की बांधवगढ़ एवं मानपुर विधानसभा में अब चुनाव को 2दिन शेष हैं और मतदाताओं के रुझान आने शुरू हो गये है और इस विधानसभा से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने बाल सिंह टेकाम को बांधवगढ़ एवं राधेश्याम कोकरिया को मानपुर से प्रत्याशीखड़ा किया है सूत्रों की माने तो दोनों विधानसभा क्षेत्र में जनता के साथ रुझान जाता नहीं दिख रहा है और दोनों विधानसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के ही बीच दिखाई दे रहा है। और वही भारतीय जनता पार्टी कितना भी एक जुटता होने का दावा करे लेकिन पार्टी के कार्यकर्ता भितरघात कर सकते हैं जिसका नुकसान बांधवगढ़ एवं मानपुर के भाजपा प्रत्याशी को भोगना पड़ सकता है तो वही कांग्रेस पार्टी प्रचार प्रसार में भाजपा से पीछे दिख रही है । मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने महाजन संपर्क अभियान चलाते हुए घर-घर दस्तक दी । सूत्रों की माने तो भारतीय जनता पार्टी को उमरिया नगर पालिका ,नरोजाबाद नगर परिषद क्षेत्र में कड़ी टक्कर भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस को दे रही है और चंदिया सहित आसपास के क्षेत्र में भाजपा बढ़त बनाए हुए दिख रही है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में ऐसी टक्कर देखने को मिल रही है जो कि दोनों पार्टियों में कभी देखने को नहीं मिली। जिले की दोनों विधानसभा सीट में कई दशकों से भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है और कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं का प्रयास है कि इस बार बदलाव हो जाएगा वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एक बार फिर दोनों सीटों पर कब्जा जमा रहे हैं । दोनों विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी की घोषणा के बाद हालांकि भारतीय जनता पार्टी के आम कार्यकर्ता एवं नेता भी असंतुष्ट बताई जा रहे हैं ।जन चर्चा के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी में मिथिलेश मिश्रा आशुतोष अग्रवाल ,राकेश शर्मा, तीरथ विश्वकर्मा, देवेश शर्मा धनुषधारी सिंह आदि ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी द्वारा मानपुर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे व्यक्ति को प्रभारी बनाया गया जिसके परिवार से पार्षद पद तक का प्रत्याशी हार गया था वही बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भले ही प्रभारी का मनोनियां किया गया लेकिन पूरी बागडोर उमरिया नगर पालिका से पार्षद पद का चुनाव हार चुकी महिला के परिवार के व्यक्ति को सोपा गया है । दोनों प्रभारी अपने अपने समर्थकों से सम्पर्क साधने में लगे हुए हैं और पूरा चुनावी मैनेजमेंट देख रहे हैं। दीपक छतवानी एवं शंभू लाल खट्टर अपने आप को किंग मेकर का दावा कर रहे हैं। उमरिया जिले में कांग्रेस के दोनों प्रत्याशियों को टिकट दिलाने के पीछे जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय सिंह की भूमिका रही है। बाल सिंह टेकाम बांधवगढ़ विधानसभा से प्रबल दावेदार रहे लेकिन उन्हें टिकट नहीं दी गई जिसके कारण भी असंतुष्ट होकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से चुनावी मैदान में है। अजय सिंह भी पूर्व में उमरिया विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं। बांधवगढ़ प्रत्याशी के पिता ज्ञान सिंह ने अजय सिंह को विधानसभा चुनाव में पराजित भी किया था। वर्ष 2023 में जहां शिवनारायण सिंह चुनाव लड़ रहे हैं और उनके पिता ज्ञान सिंह पूरी ताकत से लगे हुए हैं वहीं कांग्रेस पार्टी से सावित्री सिंह को जीतने के लिए अजय सिंह ताकत झोक रहे हैं। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पर्दे के पीछे चुनाव ज्ञान सिंह वर्सेस अजय सिंह ही हो रहा है। वही मानपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी से सुश्री मीणा सिंह एवं कांग्रेस पार्टी से तिलक राज सिंह के बीच मुकाबला दिखाई दे रहा है।

# बागी बिगाड़ रहे भाजपा का समीकरण, संगठन के पुराने कार्यकर्ता दिख रहे असंतुष्ट

समाज जागरण ब्यूरो

शहडोल। मध्य प्रदेश का विधानसभा चुनाव अब अंतिम चरणों में पहुंच गया है प्रत्याशियों के लिए मतदान 17 नवंबर को होना है। पूरे प्रदेश में जहां भाजपा को एंटी इनकमबेसी का सामना करना पड़ रहा है वही शहडोल जिला भी इससे अछूता नहीं दिखाई देता। शहडोल जिले में जिस तरह पहले कांग्रेस पार्टी गुटबाजी के लिए प्रसिद्ध थी आज वही स्थिति भाजपा में देखने को मिल रही है। जिले का संगठन चलाने वाले भाजपा का नेतृत्व भाजपा के असंतुष्टों को मनाने में अक्षम साबित हो रहा है आलम यह है कि शहडोल जिला के आधे पदाधिकारी जो सिर्फ जिला कार्यालय में सिर्फ कार्यालय में बैठकर ही रणनीति तैयार कर रहे हैं जो की जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है और वही संगठन की मनमानी के कारण जमीनी कार्यकताओं को तवज्जो भी नहीं मिल पा रहा है जिस कारण में नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो जिले के भाजपा के प्रति समर्पित कार्यकर्ता चाहे वह युवा वर्ग के हो या वरिष्ठ कार्यकर्ता सामने से भले ही पार्टी का साथ दे रहे हैं लेकिन दबी जुबान में दूसरी पार्टियों का समर्थन भी करते नजर आते हैं इधर चर्चा है कि भाजपा जिला संगठन की बागडोर जिसके हाथ में सौंप गई है वह हमेशा की तरह मनमानी पर उतारू है जिसके चलते एक वर्ग काफी नाराज दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता काफी नाराज है और इस बार हो रहे विधानसभा चुनाव में भले ही भाजपा के साथ चल रहे हैं लेकिन स्थिति पलट भी सकती है। वही यह भी चर्चा है कि भाजपा का युवा मोर्चा तो युवाओं को जोड़कर चुनावी प्रचार प्रसार तो कर रहे हैं लेकिन महिला मोर्चा सहित अन्य मोर्चा उस प्रकार सक्रिय नहीं है जैसा चुनाव में होना चाहिए ।यही स्थिति रही तो भाजपा की डगर कठिन है। महिला मोर्चा के अलावा अन्य कहीं कोई मोर्चा भी सक्रिय नजर नहीं आ रहा है जो पार्टी के लिए सही संकेत नहीं है।

## चुनाव में दिख रही निष्क्रियता

भारतीय जनता पार्टी शहडोल में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी के उदासीनता के चलते भारतीय जनता पार्टी के कई प्रकोष्ठों के पदाधिकारी नाराज बताए जा रहे हैं जिन प्रकोष्ठों के दम पर भाजपा जीत का दावा करती है वह आज भाजपा के जिला नेतृत्व के कार्य प्राणी से खासे नाराज बताए जा रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के कई प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नजर नहीं आ रही हैं जिसका खामियाजा विधानसभा के चुनाव में भाजपा को देखने को मिल सकता है और पार्टी के बीच काफी खींचतान भी मची हुई है। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जो की विधानसभा क्षेत्र के दावेदार थे अपना विधानसभा छोड़कर दूसरी विधानसभा क्षेत्र में दस्तक दे रहे हैं जिसके कारण भी इस विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता नाराज बताए जा रहे हैं। जयसिंहनगर विधानसभा के चुनाव में भाजपा के मध्य काफी खींचतान मची हुई है।

ग्रुप बाजी के कारण ही प्रभारी हुए चेंज



जिले में ग्रुप बाजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शहडोल जिले की जैतपुर विधानसभा सीट से नवगठित नगर परिषद बकहो के लिए सेक्टर प्रभारी एवं सह सेक्टर प्रभारी के नाम की घोषणा की गई जिसमें नगर परिषद की प्रथम नागरिक एवं उपाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई लेकिन कुछ दिनों बाद ही सेक्टर प्रभारी बदल दिए गए और जिला भाजपा अध्यक्ष के समर्थकों को प्रभारी बनाया गया। प्रभारी बदल देने के कारण भाजपा भी यहां दो खेमे में बटी हुई दिख रही है। भाजपा के पुराने कार्यकताओं का कहना है कि नवगठित नगर परिषद में किसी की भी पूछ परख नहीं हो रही है। नगर परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को मिली हार का खींझ विधानसभा चुनाव में निकाला जा रहा है। नगर परिषद के पूर्व जब क्षेत्र ग्राम पंचायत का हिस्सा था तब यहां भारतीय जनता पार्टी को लीड मिलती थी लेकिन इस विधानसभा चुनाव में नगर परिषद क्षेत्र में भी भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के मध्य संघर्ष दिखाई दे रहा है। सूत्रों की माने तो जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में भले ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शहडोल प्रकाश जगबानी को प्रभारी बनाया गया है लेकिन यहां मनवाणी चल रही है और युवा इकाई का पूर्व जिला अध्यक्ष अपने को चुनावी मैनेजमेंट का प्रमुख व्यक्ति भी बता रहा है। यदि इस विधानसभा क्षेत्र में मिल रहे वोटो की बात की जाए तो प्रत्याशी के पर्सनल वोट एवं भारतीय जनता पार्टी के वोट मिलते हुए दिखाई दे रहे हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्र में इस बार कांग्रेस मजबूत दिखाई दे रही है।

## भाजपा के गढ़ में अन्य दलों की दिख रही हनक

शहडोल जिले की तीनों विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी का गढ़ रहा है लेकिन इस बार भारतीय जनता पार्टी के गढ़ में भी अन्य दलों की हनक दिखाई दे रही है। जयसिंह नगर विधानसभा क्षेत्र के कुछ ऐसे गांव के भाजपा कार्यकर्ता एवं वोटर हैं जो भाजपा के लिए समर्पित बताई जा रहे थे वह आज भाजपा से दूरी बना रहे हैं। , देवरी, चूहेरी गोहपारु, नयागांव ,भुरसी, शहडोल नगर पालिका आदि इलाकों से भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की उपेक्षा से भाजपा से दूरी बनाते हुए दिख रहे हैं।

भाजपा के कई मोर्चे दिख रहे विफल

वर्तमान में भाजपा सहित सभी पार्टियों द्वारा जोर-जोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है लेकिन भाजपा का चाहे महिला मोर्चा हो या पिछड़ा वर्ग मोर्चा या फिर अनुसूचित जनजाति मोर्चा वह पूरी तरह से निष्क्री दिखाई दे रहा है। पूरे क्षेत्र में युवा मोर्चा ही चुनावी हिसाब से कम कर रही है।

## फूलमती बिगाड़ रही भारतीय जनता पार्टी का समीकरण

चुनाव अंतिम पड़ाव पर है और शहडोल जिले की जयसिंहनगर विधानसभा सीट में विंध्य जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती फूलमती सिंह भारतीय जनता पार्टी का समीकरण बिगाड़ रही है। श्रीमती फूलमती सिंह जोकि भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष भी रह चुकी है और जिला पंचायत शहडोल की उपाध्यक्ष है। यहां से भारतीय जनता पार्टी ने श्रीमती मनीषा सिंह को चुनाव में मैदान में उतारा है और कांग्रेस पार्टी ने नरेंद्र मरावी को प्रत्याशी बनाया है। विधानसभा क्षेत्र में मुकाबला त्रिकोणीय होता दिख रहा है।

## तो क्या रिंकू हुए प्रचार प्रसार से बाहर

शहडोल जिले की व्यौहारी विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी ने शरद कोल को प्रत्याशी बनाया है। यहां प्रमुख मुकाबला भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के मध्य दिखाई पड़ रहा है और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी गठबंधन मैदान से बाहर होती दिख रही है। जबकि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी यहां दूसरे स्थान पर रही। सूत्रों की माने तो विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता और जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रह चुके वीरेश सिंह रिंकू को किसी भी प्रकार का दायित्व एवं तवज्जो भी नहीं दी जा रही है जिसके कारण उनके समर्थक निराश भी बताई जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के कुछ महत्वपूर्ण वीरेश सिंह ने भारतीय जनता पार्टी में वापसी की थी। हालांकि विधानसभा क्षेत्र में रिंकू एवं शरद के मध्य राजनीतिक अदावत किसी से छिपी नहीं है। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन, व्यवहारी विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की सभा के अलावा भारतीय जनता पार्टी की चुनावी गतिविधियों एवं बैठक में वीरेश सिंह रिंकू का नदारत रहना चचाओं का विषय बन चुका है। यह भी माना जाता है कि रिंकू का विधानसभा क्षेत्र में काफी जन आधार भी है लेकिन उन्हें विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के नेताओं द्वारा किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या प्रचार प्रसार का दायित्व क्यों नहीं सोप जा रहा है। जन चर्चा के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला पदाधिकारी रहे और जनपद पंचायत की जिम्मेदारी संभाल चुके एक नेता अपने आप को किंगमेकर बता रहे हैं। उनके समर्थकों द्वारा उन्हें किंग मेकर की भूमिका भी अदा करने की बात कही जा रही है। वहीं भाजपा कार्यकताओं का कहना है कि सभी की मेहनत से भाजपा चुनाव लड़ रही है और इसमें सभी का सहयोग है। जिस नेता की किंग मेकर की बात कही जा रही है वह जनपद अध्यक्ष पद का चुनाव भी हार चुका है।

# मतदान दिवस के 24 घंटे बाद रात 12 बजे तक धारा-144 होगी लागू,आज से थम जायेगा चुनाव प्रचार

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (15 नवम्बर )विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन कराने और निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 लागू करने के आदेश जारी कर दिये है। जिले की राजस्व सीमा के अलावा छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र राज्य की सीमा से लगे होने के कारण असामाजिक तत्व अवैध सामग्री की आवाजाही और जिले में लोकशांति कायम रखने के लिये मतदान दिवस के एक दिन बाद 18 नवम्बर की रात्रि 12 बजे तक की अवधि के लिये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गए है।जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति, समूह, संगठन, संस्था, राजनितिक दल या अभ्यर्थी बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के सभा, बैठक, जुलूस या रैली का आयोजन किसी भी सार्वजनिक




स्थान पर नही कर सकेगा। ऐसे व्यक्ति जो निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नही है वे आज बुधवार शाम 6 बजे से पहले निर्वाचन क्षेत्र छोड़ देंगे। इसके अलावा 48 घंटे की अवधि मे लाउड स्पीकर और मेगाफोन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि के दौरान किसी व्यक्ति अभ्यर्थी या दल को हॉस्पिटल, शैक्षणिक संस्थान व मतदान केंद्र से 200 मी. क्षेत्र में पार्टी या अभ्यर्थी का कार्यालय खोलने की भी अनुमति नही होगी। वही निर्वाचन प्रचार के लिये किसी भी धार्मिक स्थलों का भी उपयोग नहीं कर सकेंगे। ऐसे वाहन जो लोक परिवहन कार्यो में लगे है जैसे एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड, स्कूल बस, दुध, पानी, सब्जी, तथा अनिवार्य सेवाओं में लगे वाहनों के अतिरिक्त वाहनों के परिवहन की अनुमति नही होगी। प्रचार के उद्देश्य से पूर्व में सक्षम अधिकारियों द्वारा पूर्व में दी गई वाहनों की अनुमतियॉ स्वतः निरस्त हो जायेगी। वहीं मतदान दिवस के लिये रिटर्निंग आफिसर से अधिकतम 3 वाहनों की पृथक से अनुमति लेनी होगी। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि के दौरान जब निर्वाचन प्रचार समाप्त हो जाता है ऐसे समय में किसी भी प्रकार से निर्वाचन संबंधी आमसभा का आयोजन प्रतिबंधित रहेगा। मतदान समाप्ति के 72 घंटे पूर्व ओपिनियन या एक्सिट पोल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। मतदान केंद्र से 200 मीटर के भी तर 4 या 4 से अधिक व्यक्तियों का जमावड़ा भी प्रतिबंधित किया गया है।

# चुनाव प्रभारी अनिल गुप्ता के कारण भाजपा प्रत्याशी मंत्री, विधायक की इज्जत लगी दांव पर

भाजपा के लिये गड्ढा खोद अपने लोगो को पहुँचा रहे है फायदा, चुनाव प्रचार फंड कर रहे हैं दुरुपयोग

अनूपपुर /जिले की अनूपपुर, कोतमा व पुष्पराजगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये 17 नवंबर को मतदान होना है। अनूपपुर विधानसभा में भाजपा के बिसाहू लाल सिंह का सीधा मुकाबला पूर्व डिप्टी कलेक्टर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह के साथ है। वहीं पुष्पराजगढ़ व कोतमा में भी भाजपा प्रत्याशी की सीधी टक्कर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों से है। जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे चुनाव कांटे की टक्कर में तब्दील होता जा रहा है। जनता और पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं का मौन सत्तारुढ दल के लिये खतरनाक संकेत है। वहीं जिला और विधानसभा प्रभारियो की कार्य शैली से प्रत्याशियों को नुकसान हो रहा है।




## भाजपा प्रत्याशी के कारनामे

बिसाहू लाल सिंह इसी सीट से कांग्रेस पार्टी से कई बार विधायक व मंत्री रह चुके है, मगर पिछले चुनाव के बाद बिसाहू लाल सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए और उपचुनाव में भाजपा से विधायक चुनकर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री पद पर विराजमान हैं। कांग्रेस में रहकर जो हमेशा भाजपा खराब पार्टी बताकर कोसने वाले बिसाहू लाल अब भाजपा का गुणगान करते हुए नही थक रहे हैं। पूरी उम्र कांग्रेस पार्टी के दम पर राजनीति करके विधायक मंत्री बनकर अपनी छवि बनाने वाले बिसाहू लाल अब कांग्रेस को खराब पार्टी बताकर लगातार आग उगल रहे है। पिछले बार कांग्रेस प्रत्याशी विश्वनाथ सिंह जो काफी कमजोर थे उनको हराकर वाह वाही लूटने वाले बिसाहू लाल का इस बार कांग्रेस के दमदार प्रत्याशी रमेश सिंह के सामने डगर आसान नही है। भाजपा प्रत्याशी की उम्र ज्यादा होने के कारण पूरी तरह स्वस्थ नही है इस कारण से भी उतनी मेहनत चुनाव में नही कर पा रहे है। अपने हितैसी के दम पर चुनाव की नैया पार लगाने में लगे हैं, मगर उनके हितैसी बने चुनाव प्रभारी और अन्य लोग उनके लिए बड़े बड़े गड्ढा खोदकर नुकसान करने में लगे हैं। जिससे ठंड के मौसम में भाजपा प्रत्याशी को पसीना आ रहा है। भाजपा के गरम बागी लोगो के सामने पार्टी का बिसाहू लाल का एसी अच्छे से काम नहीं कर पा रही हैं। बिसाहू लाल कई मामलों में विवादों में रह चुके हैं। पिछले उप चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी विश्वनाथ सिंह की पत्नी को रखैल बोलकर विवादों में फंस गए थे तब हजारों महिलाओ ने अनूपपुर कोतवाली के सामने चूड़ी लाकर प्रदर्शन किया था। उसके बाद एक बार और क्षत्रिय महिलाओ के बारे में विवादित बयान देकर क्षत्रिय समाज का विरोध झेलना पड़ा था बिसाहू लाल के खिलाफ जमकर नारे बाजी हुई थी मामला मुख्यमंत्री तक पहुँचने पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी थी।इनको भाजपा से टिकट मिलने के बाद पार्टी के नाराज वरिष्ठ नेताओ ने इनके खिलाफ लिखित ज्ञापन भी सौपा था। खाद्य मंत्री होने के बाद जिले में खाद्यान्न मामले में जमकर काला बाजारी हेरफेर का मामला लगातार सामने आते रहे है। इस चुनाव में जनता किसको आशीर्वाद देती हैं यह मतदान के दिन पता चल जाएगा और मतगणना के साथ सब कुछ साफ हो जाएगा।

## चुनाव प्रभारी के कारण मंत्री की इज्जत दांव पर

मंत्री बिसाहूलाल सिंह को भाजपा से दूसरी बार टिकट मिलने के बाद भाजपा नेता विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष , भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता को चुनाव प्रभारी बनाकर विधानसभा की बागडोर इनके हाथों में सौप दिया। जबकि जिले का प्रभारी ब्रजेश गौतम को बनाया गया है। श्री गुप्ता के चुनाव प्रभारी बनते ही भाजपा पार्टी के अंदर असंतोष व बगावत सामने आ रहा है। भाजपा का एक बहुत बड़ा हिस्सा विधानसभा प्रभारी का खुलकर विरोध तो नहीं कर रहे हैं, मगर अंदर ही अंदर बागी और नाराज लोग भाजपा का ही गड्ढा खोदने में लगे हैं। जिससे चुनाव प्रचार सही तरीके से नही हो रहा है। जिसे चुनाव प्रभारी नही संभाल पा रहे है। अगर यही हाल रहा तो इससे पार्टी का बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है। जिसकी भरपाई करना नामुनकिन हैं।

## अपने लोगो को पहुँचा रहे हैं फायदा

अनिल गुप्ता के चुनाव प्रभारी बना कर अनूपपुर विधानसभा की बागड़ोर इनके हाथों में होने के बाद सब कुछ इनके मर्जी पर निर्भर हो गया हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि चुनाव प्रचार व कार्यकताओं के खर्च लिए पार्टी फंड इनके पास है। जिसे वो अपने अंदाज से मनमाना रूप से खर्च कर रहे है । भाजपा को फायदा मिले या न मिले चुनाव प्रभारी अपना और अपने लोगो के फायदा के लिए लगे हुए है। चुनाव प्रभारी द्वारा पार्टी के व अन्य लोग जो इनके खास माने जाते है उनको मन मुताबिक रुपए देकर चुनाव फंड का दुरुपयोग कर रहे हैं। चुनाव प्रभारी इस चुनाव में लाखों का व्यारा नारा करके किनारे हो जाएंगे भाजपा प्रत्याशी की जीत से इनको कोई मतलब नही है, वो बस अपना उल्लू सीधा करना चाहते है।

## भाजपा ने अपने पैरों में मारी कुल्हाड़ी

अनिल गुप्ता को चुनाव प्रभारी बनाकर भाजपा पार्टी ने अपने पैरों में खुद कुल्हाड़ी मार ली है जैतहरी नगर परिषद के चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष पद के अनिल गुप्ता चुनाव लड़े थे और अपने अहम के कारण हार गए थे। जिसके बाद पार्टी के अंदर काफी छीछा लेदर हुई थी। ये हमेशा विवादों में बने रहते हैं सोशल मीडिया में अश्लीलता फैलाने के कई बार इनके ऊपर कई बार आरोप लग चुके हैं और इनके खिलाफ थाना में रिपोर्ट भी हो चुकी हैं। ऐसे लोगो को चुनाव प्रभारी बनाकर पार्टी खुद अपना नुकसान कर रही है। सूत्र बता रहे है कि बूथ प्रभारियों को चुनाव में खर्च के लिए जो रुपए बांटे गए है उनमें जो इनके खास लोग थे उनको ज्यादा रुपए दिया गए और अन्य लोगो को कम रुपए दिए गए इस तरह के भेदभाव से पार्टी कार्यकताओं में असंतोष नजर आ रहा है। पार्टी कार्यकर्ता जो पूरा दिन रात गांव-गांव जाकर भाजपा के लिए प्रचार कर रहे है उनको पेट्रोल, डीजल, नास्ता का खर्च नही मिल रहा हैं। कार्यकर्ता कब तक अपने जेब से रुपया खर्च करके चुनाव प्रचार कब तक करते रहेगे। कुछ कार्यकर्ताओ का कहना है कि चुनाव प्रभारी कार्यकर्ताओ के साथ अच्छा वार्ताव नही कर रहे है प्रचार फंड का रुपया अपने लोगो को जमकर बांट रहे है इस लापरवाही के कारण चुनाव प्रचार के लिए पर्याप्त झण्डा बैनर व अन्य सामग्री की कमी देखी जा रही हैं। अनिल गुप्ता केवल कार्यालय में बैठकर लोगो को आदेश देकर चुनाव जिताने का सपना देख रहे है। कभी क्षेत्र में जाकर नहीं देख रहे है कि वहाँ प्रचार का क्या हाल है। बस कार्यकर्ताओ की दम पर पूरा विधानसभा क्षेत्र छोड़ दिये हैं। यही हाल रहा तो मतदान तक कहानी कुछ अलग ही नजर आएगी।

# ग्राम घोरमरा में अमावस्या को बड़े हर्षोल्लास के साथ भाईदूज ,गोवर्धन पूजा कर, मौनी बाल उत्सव समिती द्वारा गाय को पूजा गया, एवं गाय के छोटी सी बछिया के मौन धारण कर नीचे से नका गया

उमरिया। उमरिया जिले भर में मंगलवार को अमावस्या को जिले भर में भाईदूज ,गोवर्धन पूजा पर्व पर गौमाता की पूजा अर्चना कर मां लक्ष्मी मौनी रहकर गौमाता का पूजा अर्चना कर नीचे गौ माता के नीचे से नका जाता है।। इस तरह जनपद पंचायत करकेली के अंतर्गत ग्राम पंचायत जरहा के ग्राम घोरमरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल उत्सव समिती द्वारा बछिया के नीचे से नका गया, हम आपको बता दे की हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी मां लक्ष्मी की असीम अनुकम्पा से हमारे ग्राम घोरमरा में मौनिहारो द्वारा मौन धारण कर नका गया, सूत्रों से माने तो बताया जाता है



की हर वर्ष दिवाली पर्व के बाद गोवर्धन पूजा के दिन जो भी बालक मौनी का व्रत रख कर गौ पूजा करता है, और बछिया के नीचे से नका जाता है, और पुरे दिन मौन व्रत रह कर गौमाता को जंगल में चराने जाते हैं। साथ- साथ शक्कर ,आटा, चिटियों को चराते हैं ,और पूरा दिन मौन रहते हैं।

वही शाम को भी उसी तरह मौनी फिर से नका जाता है। मौन होकर बछिया के 7 बार पुनः नक कर गौ माता को नारियल अगरबत्ती से पूजा अर्चना कर नारियल तोड़कर अपना-अपना व्रत समाप्त किया गया।

# ऐसा परिसीमन हुआ कि दांव पर लगी नेताओं की राजनीति

समाज जागरण ब्यूरो विजय तिवारी

शहडोल। सोहागपुर विधान सभा में ऐसा परिसीमन हुआ कि अधिकांश नेताओं की राजनीति दांव पर लग गई। जैतपुर विधानसभा क्षेत्र उनमें से एक है। परिसीमन के पहले ये अनारक्षित सीट थी और पहले सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के नाम से जानी जाती थी लेकिन परिसीमन के बाद यह अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट हो गई। जिससे उस क्षेत्र के सामान्य वर्ग के नेताओं की राजनीति दांव पर लग गई।

जैतपुर विधानसभा सीट का क्षेत्र में शहडोल जिले की बुढार ब्लॉक के पूरे 102 ग्राम पंचायत एवं सोहागपुर ब्लॉक के दर्जन भर ग्राम पंचायत आती है। ग्राम पंचायत के अलावा धनपुरी नगर पालिका बुढार नगर परिषद एवं नवगठित नगर परिषद बकहो इस विधानसभा का हिस्सा है।

## जाति समीकरण....

विधानसभा सीट हिंदू और आदिवासी बहुल सीट है। आशिक संख्या में मुस्लिम, जैन ,गुप्ता और भी यहां निवास करता है। विधानसभा सीट में बड़ी संख्या में ओबीसी मतदाता, आदिवासी वर्ग है

## परिसीमन ने नेताओं को घर बैठाया...

जैतपुर विधानसभा में चुनावी उठापटक को परिसीमन ने काफी ज्यादा प्रभावित किया। परिसीमन से पहले सोहागपुर जो कभी स्व कृष्ण पाल सिंह की सीट हुआ करती थी। 2005 परिसीमन के बाद यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गई। साल 2003 में भाजपा के वरिष्ठ नेता छोटेलाल शरावगीको बीजेपी ने मौका दिया था, वहीं कांग्रेस की ओर से शिवकुमार नामदेव जाना-माना नाम थे। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। वे




1998 में कांग्रेस के केपी सिंह विधायक निर्वाचित हुए थे। उनके निधन के बाद उठाना हुआ इसमें किन्नर विधायक शबनम मौसी निर्वाचित हुई ।2003के बाद परिसीमन जब लागू हुआ है तो इस क्षेत्र के अधिकांश नेताओं का राजनैतिक करियर खत्म हो गया क्योंकि यह सीट सामान्य से अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गई।हालांकि विधानसभा क्षेत्र में ब्राम्हण और सवर्ण मतदाता बड़ी संख्या में निवास करते हैं।

## कृषि आमदनी का स्रोत,

जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में आमदनी का प्रमुख स्त्रोत कृषि ही है। क्षेत्र में खनिज में बालू की खदानें मौजूद हैं। इसके अलावा कोयले की खदाने हैं, ओरिएंट पेपर मिल भी इसी विधानसभा क्षेत्र में स्थापित हैं। हालांकि प्रमुख रूप से कृषि पर ही आधारित है।

## खास पहचान

जैतपुर विधानसभा सीट में खास पहचान के रूप में भटिया ग्राम में सिंहवहिनी मंदिर है, धनपुरी में मां ज्वालामुखी मंदिर है । यह मंदिर क्षेत्रवासियों के लिए श्रद्धा का केंद्र है। एशिया का सबसे बड़ा कारखाना ओरिएंट पेपर मिल सभी इस विधानसभा का हिस्सा है।

## सबसे बड़ी चुनावी उठा पटक

परिसीमन के पूर्व सोहागपुर में सबसे बड़ी चुनावी उठापटक के रूप में साल 2000 का उपचुनाव ही जाना जाता है। यहां के पूर्व विधायक स्व लल्लू सिंह कद्दावर नेता थे, उनकी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अच्छी पैठ भी थी, इनके अलावा विधायक स्व कृष्ण पाल सिंह के पुत्र बृजेश सिंह अपने पिता की विरासत संभाल रहे थे। विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने लालू सिंह एवं कांग्रेस ने बृजेश सिंह को प्रत्याशी बनाया था और किन्नर शबनम मौसी निर्दलीय रूप में चुनावी मैदान में उतरी थी । उपचुनाव के परिणाम में पहली बार देश में किन्नर विधायक के रूप में शबनम मौसी निर्वाचित हुई । परिणाम के अनुसार कांग्रेस एवं भाजपा प्रत्याशी के वोट मिलकर भी निर्वाचित विधायक शबनम मौसी से कम रहे ।2003 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी छोटेलाल सरावगी ने जीत दर्ज की इस चुनाव में वर्तमान विधायक किन्नर शबनम मौसी ने भी किस्मत आजमाई लेकिन उन्हें मात्र 2000 वोट से संतुष्ट होना पड़ा और जमानत भी जप्त हो गई । विधानसभा में पहले कांग्रेस का एकाधिकार रहा। भारतीय जनता पार्टी से यहां स्व लल्लू सिंह कद्दावर नेता के रूप में उभरे। साल 1993 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के कृष्ण पाल सिंह को ने शिकस्त दे दी।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6

# पूणिया कैंप ने दिल्ली कैंप को हराया 94 रन से

**बांका इलेवन ने अखण्ड इंडिया फाउंडेशन कसबा को 6 विकेट से हराकर दूसरे चरण में**

**दिल्ली कैंप के लिए अहम मुकाबला विराटनगर (नेपाल) से आज**

**नेपाल - दिल्ली एवं पूणिया कैंप प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज**

**पूर्णियां।**
पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का पांचवां एवं छठा चरण जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर पूर्णिया में चलता हुआ।

नेपाल - दिल्ली एवं पूणिया कैंप प्रतियोगिता के द्वितीय मैच दिल्ली कैंप एवं पूणिया कैंप मुकाबला का शुभारंभ ग्लोबल भारत के चैयरमेन श्री पंकज ठाकुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं राष्ट्रीय गण गाकर विधिवत खेल की शुरूआत किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पनोरमा ग्रुप बहुत ही बेहतरीन काम कर रहे हैं । युवा पीढ़ी जमकर प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता कई माने में बेहतरीन है। जितनी भी तारीफ किया जाए वह कम है इधर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर " स्वयं उपस्थित थे खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन करने



हेतु। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर " ने कहा कि दिल्ली कैंप के युवा खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे थे। हम सभी दिल्ली के खिलाड़ियों का खेल देख काफी प्रभावित हैं। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा ग्रुप के द्वारा पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का पांचवां एवं छठा चरण चलता हुआ। खिलाड़ियों की उत्साह देखने लायक है।

दिल्ली कैंप बनाम पूणिया कैंप के बीच मुकाबला खेला गया। पूणिया कैंप टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 170 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें मौसम शर्मा ने 3 छक्के व 7 चौके की मदद से 38 गेंदों में 63 रन, वेदांत ने 1 छक्के व 5 चौके की मदद से 42 गेंदों में 52 रन एवं अल्तरअठ ने 1 छक्के व 4 चौके की मदद से 36 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

दिल्ली कैंप की ओर से गेंदबाजी करते हुए विराट पंकज ठाकुर ने 4 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट, मुकेश कुमार झा ने 4 ओवर में 30 रन देकर 1 विकेट एवं विनायक मल्लिक ने 4 ओवर में 42 रन देकर 1 विकेट प्राप्त किया।

दिल्ली कैंप जीत के लिए 171 रनों का पीछा करते हुए 16 ओवर 5 गेंदों में आल आउट होकर 76 रन ही बना पाई। पूणिया कैंप ने यह मुकाबला 94 रन से जीत कर फाइनल मुकाबला में पहुंचने की उम्मीद बनाया रखा है। जिसमें रुबीर छत्रपाल ने 26 गेंदों में 2 छक्के व 1 चौंके की मदद से 27 रन का योगदान दिया।

पूणिया कैंप की ओर से गेंदबाजी करते हुए चेतन राज ने 3 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट, शिवम् राज ने 4 ओवर में 1 मेडन 24 रन देकर 3 विकेट, अमीर अमन ने 4 ओवर में 13 रन देकर 2 विकेट एवं वेदांत सायन राय और हम्जा ने 1-1 विकेट प्राप्त किया।

आमंत्रित क्रिकेट प्रतियोगिता में वाका इलेवन ने अखण्ड इंडिया फाउंडेशन कसबा को 6 विकेट से हराकर दुसरे चरण में प्रवेश किया।

मैच के अंपायर एस एस प्रसाद पिंटू,बिमल मुकेश स्कोरर प्रिंस पटेल एवं उद्घोषक मो जाहीद आलम थे।

दिनांक 15/11/2023 को दिल्ली कैंप बनाम विराट नगर (नेपाल) के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

अपरा 12:00 बजे से फाइनल मुकाबला भी खेला जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" , हरिओम झा, मो मंजर मोहशिम, मो नैयर अली, एस एस सिंह " गुड्डू, " मिथिलेश राय, जितेन्द्र कुमार सिन्हा "गोपी" , दीपक कुमार झा, रितेश कुमार झा, आशुतोष कुमार, कुंदन कुमार सिंह, दीपक कुमार, फुलटू झा के साथ - साथ खिलाड़ियों के अभिभावक गण भी उपस्थित थे।

# विधान परिषद डॉ अजय कुमार सिंह ने विधान परिषद में उदाकिशनगंज अनुमंडल मुख्यालय में एक अतिथि गृह निर्माण का मुद्दा सदन में उठाया

**पटना/उदाकिशुनगंज ।**
एम एल सी डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने सदन में कहा कि उदाकिशुनगंज के सीमावर्ती जिले हैं पूर्णिया भागलपुर खगड़िया सहरसा है ।विभागीय कार्य से जाने पर या किसी समीक्षात्मक बैठक में रहने के बावजूद जनप्रतिनिधियों को जिला मुख्यालय आना पड़ता है अतः अनुमंडल मुख्यालय में एक अतिथि गृह का निर्माण हो जिससे पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को सुविधा होगी और सरकारी काम और तेजी से निष्पादित होंगे। सदन में जवाब देते



हुए सरकारी मंत्री ने कहा कि सरकार इस पर सकारात्मक रुख है और जल्द ही निर्णय लेगी और अतिथि गृह का निर्माण होगा।

इधर लोगों ने डा.सिंह के द्वारा उठाए गए सवाल का लोगों ने स्वागत किया। स्वागत एवम बधाई देने वालों में इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन , देवेश कुमार सिंह, डॉ प्रो पूजा भारती, डॉ डिके सिन्हा, डॉ इंन्द्र भुषन कुमार, डॉ मनोज, डॉ एसके संत, डॉ एके मिश्रा, डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ विवेक भारती,, डॉ संतोष कुमार यादव, अमृत कुमार, चितरंजन कुमार सिंह,कुलकुल सिंह, बिक्रम सिंह कुमोद कुमार उपमुखिया आदि हैं।

# सूबे के शिक्षा मंत्री के भाई ने बापू सभागार में थामा भाजपा का दामन

पटना।
जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का वक्त नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे कार्यक्रमों के जरिए पार्टियां अपनी तैयारी को भी दिखा रही हैं. राजधानी पटना में आज मंगलवार (14 नवंबर) को बीजेपी एक कार्यक्रम के जरिए अपनी ताकत का एहसास कराया। यदुवंशी समाज से हजारों लोग भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। इसी कड़ी में सूबे के शिक्षा मंत्री के भाई ने मधेपुरा से आकर जहां भाजपा का दामन थामा वहीं अररिया लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के कद्दावर युवा नेता रंजीत यादव की अगुवाई में सैंकड़ों लोगों ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए। सम्मेलन में रंजीत यादव की दबदबा देखने को मिली।



इधर पत्रकारों से रूबरू होते हुए युवा नेता रंजीत यादव ने कहा कि आज बापू सभागार पटना में भारतीय जनता पार्टी में यदुवंशी मिलन समारोह" में कार्यकताओं संग शामिल हुआ ।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आप सभी का बहुत बहुत धन्यवाद !

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक युवक की मौत

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**
भोजपुर जिला अंतर्गत सहार सकद्दी स्टेट हाईवे 81पर बंशीडिहरी गांव के पुल के समीप सड़क दुर्घटना में एक बाइक चालक की मौत हो गई है ।मिली जानकारी के अनुसार अरवल जिला के ओझा बीघा गांव निवास बिरेंद्र राम का 23 वर्षीय पुत्र अर्जुन राम के रूप में पहचान किया गया है। आनन फानन में ग्रामीणों के द्वारा सहार सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक सदर अस्पताल अरवल में सफाई कर्मी का काम करता था। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। कुछ वर्ष पहले ही रानी देवी से शादी हुआ था जिसकी डेढ़ साल का एक पुत्री करीना कुमारी है।

## तरारी के दर्जनों गांवों में धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पूजा

**दैनिक समाज जागरण : नीरज त्रिपाठी**
भोजपुर जिला क्षेत्र अंतर्गत तरारी प्रखंड के दर्जनों गांवों में मंगलवार को गोवर्धन पर्व बड़े धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीणों ने अपने घरों में पूरी आस्था के साथ गाय के गोबर से गिरिराज गोवर्धन की आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजा किया। फतेहपुर, खुटहा, मोपती, सिकरौल, देव, कुरमुरी, ओरशी, तरारी, धनगावा, इमादपुर, बिहटा सहित दर्जनों गांवों में पूजा-अर्चना किया गया। जहां पर गाय का गोबर उपलब्ध नहीं था, वहां पर लोगों ने रंगोली के रंगों से भगवान की आकृति बनाकर उनकी विधि-विधान से पूजा किया। भक्तों ने भगवान गोवर्धन को अन्नकूट का भोग लगाया। वहीं मंदिरों में भी भक्तों ने सामूहिक रूप से भगवान गोवर्धन के पूजा के साथ गौ माता और भगवान श्री कृष्ण का भी विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। पुजा पाठ के बाद लोगो के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

## सहार कौशल विकास केंद्र पर प्रशिक्षण के नाम पे खानापूर्ति

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**
भोजपुर जिला अंतर्गत सहार प्रखंड मुख्यालय में स्थित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में शिक्षा के नाम पे बस खान पूर्ति किया जा रहा है। बिहार सरकार के




द्वारा संचालित कौशल विकास मिशन के तहत कौशल विकास केंद्र सहार प्रखंड मुख्यालय परिसर में अवस्थित बीएसडीसी में शिक्षा के नाम पर बच्चों को गुमराह किया जा रहा है। सरकार के द्वारा बने बिल्डिंग को मौजूद शिक्षक अपना घर समझते है वहां पर साफ सफाई के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति किया गया है। कचड़ा के साथ कई तरह के कार्ड कलेंडर जैसे तैसे फेके नजर आए। पीने के लिए लायक पानी से लेकर साफ सफाई बिलकुल भी नहीं दिखी। जब मीडिया कर्मी इस विषय पर उपस्थित शिक्षक से बात करना चाहा तो बात करने से माना किया गया तथा बोला गया की ये मेरा सेंटर है हम जो चाहें वो करेंगे। बच्चों तो दूर शिक्षक को भी आईडी कार्ड पहना हुआ नहीं देखा गया। शिक्षा के नाम पर बस टाइम पास किया जा रहा है ना किसी बच्चो के बीच किताब भी वितरण नहीं किया जा रहा है । जो की जांच का विषय है ।साफ सफाई के लिए एक महिला रखी गई है लेकिन उनका नाम और कांटेक्ट नंबर मौजूद शिक्षक को जानकारी नहीं है जो उच्च स्तरीय जांच का विषय है।

# यू भी के कॉलेज कड़ामा में छुट्टियों के दिन में भी छात्र छात्राएं कर रहे हैं ऑनलाइन पढ़ाई

आलमनगर ।
छुट्टियों के दिन में भी यू भी के कॉलेज कड़ामा के नामांकित छात्र छात्राएं ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं ।मालूम हो की शिक्षण संस्थानों में दिवाली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज और लोक आस्था के महापर्व छठ को देखते हुए 22 नवम्बर तक छुट्टी है ऐसे में यूभीके कॉलेज कड़ामा के प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा ने बताया की विद्यार्थियों की पढ़ाई छुट्टी के दिनों में भी अवरूद्ध न हो इसके लिए प्रत्येक दिन आनलाइन क्लास करवाया जा रहा है जिसमें तय रूटीन के अनुसार आईटी सेल की मदद से सभी विषय के शिक्षक आनलाइन विद्यार्थियों को पढा रहे हैं।

महाविद्यालय के इस सदप्रयास से विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

महाविद्यालय नामांकित छात्र अल्का कुमारी, रीमा कुमारी, छोटी कुमारी, तारा, स्वीटी, प्राची, रिचा, अभिनव, राजा, अनिरुद्ध सहित अन्य




विद्यार्थियों ने बताया कि नामांकन के बाद हम लोग प्रत्येक दिन विद्यालय में क्लास कर रहे थे और 10 दिनों की छुट्टी पड़ने की वजह से ऐसा लग रहा था कि सिलेबस पीछे रह जाएगा लेकिन महाविद्यालय प्रशासन के इस प्रयास से हम लोग अत्यंत खुश हैं और ऑनलाइन माध्यम से प्रत्येक दिन क्लास कर रहे हैं।

आईटी सेल निदेशक डॉ सिप्पू कुमार ने बताया कि हमारा लक्ष्य सिर्फ महाविद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं को परीक्षा में बैठा कर सिर्फ पास करवाना ही नहीं है बल्कि उसकी नींव को मजबूत करते हुए स्वयं की बुद्धि विवेक के आधार पर उनके भविष्य को भी तय करना है इसीलिए छुट्टियों के दिनों में भी ऑनलाइन क्लास करवाया जा रहा है।

# जिले के अररिया एवम फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का डीएम एस पी ने किया निरीक्षण

अररिया।
जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान एवं पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह के द्वारा आज अररिया एवं फारबिसगंज अनुमंडल स्थित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस क्रम में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं तकनीकी पदाधिकारी उनके साथ थे। नगर परिषद अररिया क्षेत्र अंतर्गत त्रिसुलिया घाट नदी, हरियाली घाट, बस स्टैंड नहर घाट आदि एवं फारबिसगंज स्थित सुल्तान पोखर, कोठीहाट नहर छठ घाट आदि तथा नरपतगंज स्थित भी विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के क्रम में लोक आस्था के महापर्व छठ की पूर्व तैयारी को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी को चिन्हित गहरे घाट को बांस से बैरिकेटिंग कराने, छठव्रतियों के आने जाने के लिए रास्ते को दुरुस्त करने और घाट पर व्रतियों को कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम निर्माण करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त घाटों की साफ सफाई, चुना और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव के साथ समुचित रोशनी का भी प्रबंध करने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, संबंधित सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता, नगर कार्यपालक पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज एवं संबंधित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। वहीं छठ घाटों के सम्पूर्ण तैयारियाँ का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु जिलाधिकारी द्वारा



आदेश जारी कर श्री राज मोहन झा, अपर समाहर्त्ता, अररिया को अररिया अनुमंडल क्षेत्र तथा श्री जनमेजय शुक्ला, अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, अररिया को फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया है। नोडल पदाधिकारी अपने-अपने आवंटित अनुमंडल क्षेत्र में कैम्प कर छठ घाटों पर छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं हेतु समुचित व्यवस्थाएँ यथा छठ घाटों का बैरिकेडिंग, साफ- सफाई, चेंजिंग रूम का निर्माण, शौचालय की व्यवस्था, वाच टॉवर का निर्माण, लघु नियंत्रण कक्ष की व्यवस्थाएँ, ध्वनिविस्तारक यंत्र की व्यवस्था, विडियोग्राफर की व्यवस्था, प्रोपर साइनेज की व्यवस्था, छठ घाटों तक पहुँच पथ, प्रवेश एवं निकास का मार्ग, छठ घाटों के किनारे एवं रास्ते पर पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, घाटों पर पार्किंग व्यवस्था, खतरनाक / भीड़-भाड़ वाले घाटों पर गोताखोर/मोटर चालक/नाव/लाईफ जैकेट आदि की व्यवस्था, छठ घाटों पर चिकित्सकों पारामेडिकल टीम की व्यवस्था, आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु कंटिजेंसी प्लान पर अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी एवं तकनीकी पदाधिकारी के साथ समन्वय कर सभी घाटों पर दिनांक 17.11.2023 तक सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# थाना अध्यक्ष ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण नीरज त्रिपाठी**
भोजपुर जिला क्षेत्र तरारी के छठ के तैयारी व घाटों की व्यवस्था को ले आज सिकरहटा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिकरहटा थाना अध्यक्ष पवन कुमार ने मंगलवार को जनप्रतिनिधियों के साथ बागर गांव स्थित दो सूर्य मन्दिर और छठ घाट का निरीक्षण किया। साफ सफाई , चेंजिंग रूम व लाइटिंग की उत्तम व्यवस्था करने को ले जनप्रतिनिधियों और छठ घाट कमेटी के अध्यक्ष को निदेश दिया और कहा कि यहां व्यवस्था सही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व में साफ सफाई की विशेष ध्यान दिया जाता है। साथ ही कहा कि छठ महापर्व से पहले सभी छठ घाटों की बेहतर साफ सफाई कर दी जाएगी। उन्होंने लोगों से भी अपील किया कि स्वच्छता अभियान के तहत वे अपने आस पास साफ सफाई रखें। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करें।

## भोजपुरी गायक दीपक तिवारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रोताओं को झुमाया

**दैनिक समाज जागरण विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**
भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड अंतर्गत पसौर गांव में दीपावली के शुभ अवसर पर श्री श्री काली पूजा समिति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन पसौर पंचायत के मुखिया पप्पू साह और पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह ने फीता काटकर किया ।वहीं मंच का संचालन संदीप बाबा ने किया ।स्वागतकताओं द्वारा आये हुए सभी कलाकारों को अंगवस्त्र और फूलमाला से स्वागत किया गया ।कार्यक्रम में पहुँचे भोजपुरी गायक दीपक तिवारी ने अपने गीतों से श्रोताओं को रात भर झूमने पर मजबूर कर दिया ।कार्यक्रम में भोजपुरी गायक दीपक तिवारी,बिट्टू बिहारी,राजा बाबू,नूतन तिवारी,टाइगर पासवान वहीं स्वागतकर्ता अमरजीत कुमार,विकास पासवान,सुमित कुमार,सोनू कुमार,अंकित कुमार अन्य लोग शामिल हुए।

# सोनापुर में नम आंखों से हुई मां कालिके की विदाई ,उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

फारबिसगंज
दीपावली के शुभ मुहूर्त पर आयोजित होने वाली और तीन दिनों तक चलने वाली पूजा का आज समापन हो गया। पूजा की समाप्ति के बाद प्रतिमा विसर्जन के लिए उमरी भक्तों की भीड़। झांकियां रही मुख्य आकर्षण का केंद्र। काली मंदिर सोनापुर प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी अपनी साज सज्जा और भव्य पंडाल को लेकर जिले में सुर्खियों में रहा। खास-कर पंडाल का प्रारूप जो दक्षिणेश्वर काली स्थान कोलकाता के प्रारूप में तैयार करवाया गया था लोगों को अपनी और आकर्षित किया। प्रतीक साल इस पूजा पंडाल को नया-नया आयाम दिया जाता है और रचनात्मक कार्य इतनी कुशलता और कारीगरी के साथ किया जाता है कि लोगों को अगले साल के कार्यक्रम को लेकर उत्सुकता बनी रहती है प्रतिमा



विसर्जन में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। विसर्जन के दौरान ढोल नगरों की ताल पर थिरकने से लोग खुद को रोक नहीं पाए।

चंद्रयान-3 विक्रम लैंडर को मंदिर के प्रांगण में स्थापित किया गया था जो लोगों के प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। कमिटी मेंबर्स और स्थानीय पुलिस प्रशासन की मदद से शांतिपूर्ण माहौल में प्रतिमा का विसर्जन संपन्न हुआ। कमेटी के सदस्यों में विश्वनाथ भगत धीरेंद्र साह बबलू भगत उर्फ ललित भगत विद्यानंद यादव संदीप यादव जितेंद्र साह पंकज गोस्वामी मुकेश साह विकास ठाकुर बलराम गोस्वामी बसंत पंडित मनोज मंडल संजय भगत सुरेश साह नीरज सुनील आदि अन्य स्थानीय युवाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर सम्मानित हुए टीचर्स ऑफ बिहार के टीम लीडर्स, मॉडरेटर्स, डिस्ट्रिक्ट मेंटर्स एवं ब्लॉक मेंटर्स

पटना/डा. रूद्र किंकर वर्मा।
शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को देखते हुए भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिन की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा विशेष थीम निर्धारित किया जाता है। इस वर्ष भी शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से एक विशेष थीम निर्धारित की गई है। इस वर्ष की थीम "एम्ब्रेसिंग इनोवेशन" है जो रचनात्मक और अद्वितीय शिक्षण विधियों को बढ़ावा देने के लिए नवीन दृष्टिकोण के महत्व पर जोर देता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु निर्मित बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स आफ बिहार के द्वारा बिहार के विभिन्न जिले के शिक्षकों के द्वारा अपने-अपने विद्यालयों में आयोजित होने वाली नवाचारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य करने वाले टीम लीडर्स, डिस्ट्रिक्ट मेंटर्स, ब्लॉक मेंटर्स एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के मॉडरेटर्स को एनसीईआरटी नई दिल्ली की प्रोफेसर उषा शर्मा, प्रभारी, राष्ट्रीय साक्षरता केंद्र प्रकोष्ठ, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, एससीईआरटी पटना की संयुक्त निदेशक (डायट) डॉ. रश्मि प्रभा, प्रभारी, अकादमिक समन्वयक, भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, चंदन श्रीवास्तव एवं टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार के संयुक्त हस्ताक्षर से निर्गत डिजिटल सर्टिफिकेट "आजाद कंट्रीब्यूशन एक्सीलेंस अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया।

"आजाद कंट्रीब्यूशन एक्सीलेंस अवॉर्ड" की घोषणा टीचर्स ऑफ बिहार के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पेज पर ऑनलाइन मोड में आयोजित समारोह के माध्यम से की गई। "आजाद कंट्रीब्यूशन एक्सीलेंस अवॉर्ड" से सम्मानित होने वालों में ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन को टेक्निकल टीम लीडर, अररिया जिले के शिक्षक सत्यनारायण साह को फेसबुक टीम लीडर, पूर्वी चंपारण जिले के शिक्षक मृत्युंजय ठाकुर को कुटुंब टीम लीडर, भागलपुर जिले की शिक्षिका खुशबू कुमारी को ट्वीटर टीम लीडर, अररिया जिले के शिक्षक रंजेश कुमार को कू एप एवं न्यूज टीम लीडर, शिक्षिका मधु प्रिया को लिंकडिन एप एवं पोस्टर टीम लीडर, भागलपुर जिले की शिक्षिका शालिनी कुमारी को पिनिंट्रेस्ट एप टीम लीडर, मधेपुरा जिले की शिक्षिका शिवानी प्रिया को यूट्यूब एप टीम लीडर, सिवान जिले की शिक्षिका अनुपमा प्रियदर्शिनी को राइटर्स टीम लीडर, गोपालगंज जिले की शिक्षिका पुष्पा प्रसाद को फोटो ऑफ द डे टीम लीडर, औरंगाबाद जिले की शिक्षिका मृदुला सिन्हा को वीडियो ऑफ द डे टीम लीडर, बांका जिले की शिक्षिका रूबी कुमारी को बाल मंच टीम लीडर, समस्तीपुर जिले के शिक्षक अनिल कुमार प्रभाकर को दैनिक पत्रिका चेतना टीम लीडर, औरंगाबाद जिले के शिक्षक चंद्रशेखर प्रसाद साहू को ई-मैगजीन टीम लीडर, सुपौल जिले के शिक्षक सौरभ सुमन को दक्ष टीम लीडर कैमूर जिले के शिक्षक धीरज कुमार को बाल मन टीम लीडर कैमूर, कमलेश कुमार को बाल मन टीम लीडर कुदरा, प्रमोद कुमार निराला को बाल मन टीम लीडर चांद एवं बिहार के विभिन्न जिले के डिस्ट्रिक्ट एवं ब्लॉक मेंटर का नाम शामिल है। उक्त जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार ने दी।

## स्व0ललन सिंह स्मृति फुटबॉल मैच में भोजपुर की टीम 2-0 से विजयी

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**
भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में किशोर क्लब चरपोखरी द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक स्व०ललन सिंह के पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर एकदिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन शहीद सर्वेश्वर पाण्डेय फुटबॉल क्लब भोजपुर और रोहतास स्पोर्ट्स क्लब रोहतास की टीम के बीच किया गया ।एकदिवसीय मैच का उद्घाटन चरपोखरी बीडीओ मोनिका कुमारी,सीओ ऋतिका कृष्णा व थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर करने के बाद गेंद को किक मारकर किया गया ।जिसके बाद खिलाड़ियों और अतिथियों द्वारा राष्ट्रगान गाने के बाद दो मिनट का मौन रखकर स्व०ललन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की ।मैच के पहले हाफ के निर्धारित समय में भोजपुर की टीम के आरिफ सिद्दीकी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई वही दूसरे हाफ के निर्धारित समय में रोहतास जिले की टीम जद्दोजहद करती नजर आई ।मैच के निर्धारित समय में भोजपुर की टीम ने 2-0 की टीम से रोहतास को हराकर शील्ड पर कब्जा जमा लिया ।भोजपुर की टीम में अजित कुमार, विशाल सिंह, अंकित कुमार, मो०आरिफ, आसिफ, सलात, उत्तम, आरिफ सिद्दीकी, धीरज, सन्नी वही रोहतास की टीम में रौशन सिंह, उपेंद्र तिवारी, मेराज अंसारी, धन्नू, मनीष, कृष्णा, उपेंद्र, नरेंद्र, भोला, विकास, टप्पू, अतुल, जितेंद्र, सोनू, लखन सहित अन्य खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया ।मैच के समापन के बाद अतिथियों ने विजेता भोजपुर की टीम और उपविजेता रोहतास की टीम को शील्ड दिया गया ।मौके पर किशोर क्लब के संचालक पूर्व मुखिया विजय बहादुर सिंह,आयोजक उदय सिंह,अनिल सिंह बीजेपी प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार उर्फ विक्की सिंह,जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष चिंटू बाबा,बीजेपी नेता विनय सिंह सहित किशोर क्लब चरपोखरी के सभी सदस्य और सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।




## आरा में कीटनाश खाने से महिला की बिगड़ी तवियत, हालत गंभीर

**दैनिक समाज जागरण विकाश सिंह आरा भोजपुर**
भोजपुर जिले के सरस्वती मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में मंगलवार की सुबह कीटनाशक का सेवन करने से एक महिला की हालत काफी गंभीर हो गई। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार उक्त महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी सारा खातून है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर जब घर के सभी सदस्य अपने काम में व्यस्त थे। उसी बीच उक्त महिला ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उनकी हालत काफी गंभीर हो गई। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देते हुए पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि उक्त महिला ने कीटनाशक का सेवन क्यों किया। इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

# केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया बालदिवस, चाचा नेहरू के छाया चित्र पर किया गया माल्यार्पण

बालाघाट।( 15 नवम्बर )मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं बच्चों के प्यारे चाचा का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्राचार्य तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा नेहरू जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात कक्षा छठवीं की छात्रा साक्षी तोमर द्वारा भारत की बेटी गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा सातवीं के छात्र देव कुमार जैन द्वारा ए देश मेरे गीत की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। इसी तारतम्य में कक्षा पहली के छात्र-छात्राओं द्वारा क्रमशः चंदा मामा ,मछली जल की रानी, है ट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टार, एवं अन्य बाल गीत प्रस्तुत किए गए। एक मां की बेबसी शीर्षक पर सक्षम ठाकरे



द्वारा भाव पूर्ण कविता प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा सातवीं की छात्रा कृतिका गुप्ता एवं समूह द्वारा झांसी की रानी कविता प्रस्तुत की गई। कक्षा दसवीं की छात्रा पौराणी ब्रह्मे द्वारा ए मेरे वतन के लोगों देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक श्री चित्रसेन ठाकरे द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू का जीवन परिचय बताते हुए, सामान्य ज्ञान पर आधारित महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरित किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अर्चना कावडे द्वारा किया गया।

# कटंगी पहुंचे मुख्यमंत्री भगवन्त मान, आप प्रत्याशी के लिए किया रोड शो

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।( 15 नवम्बर )कटंगी विधानसभा के आप प्रत्याशी प्रशांत मेश्राम के लिए रोड शो करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्त मान आने वाले थे लेकिन तय समय पर भगवन्त मान ही पहुंचे, किन्ही कारणों से अरविन्द केजरीवाल नहीं आ सके जिससे मुख्यमंत्री भगवन्त मान ने रोड शो कर आप प्रत्याशी प्रशांत मेश्राम व बालाघाट के प्रत्याशी शिव जायसवाल के लिए जनता से वोट करने की अपील किया।



नागपुर से अपने काफिले के साथ सड़क मार्ग से होते हुए भगवन्त मान कटंगी पहुंचे।खुले छत वाले वाहन पर सवार होकर भगवन्त मान के साथ दोनों विधानसभा के प्रत्याशी सहित अन्य नेता सवार थे।इस दौरान सैकड़ो कार्यकर्त्ता साथ में मौजूद थे। रोड शो कटंगी के प्रमुख मार्गो से होकर बस स्टैंड पहुंच कर समापन किया गया।

आप सभी प्रदेशवासियों को समाज जागरण परिवार की ओर से भईया दूज की हार्दिक शुभकामनाएँ

# गोवर्धन पूजा पर की गयी गायों की पूजा, राउत नाचा की रही धूम

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।( 15 नवम्बर )जिले में गोवर्धन पूजा-अन्नकूट पर्व धूमधाम से मनाया गया। दीपावली के दूसरे दिन अन्नूकूट पर्व या गोवर्धन पूजा मनाने का प्रावधान है किंतु इस वर्ष सूर्यग्रहण के कारण दीपावली के तीसरे दिन यह पर्व मनाया गया। सनातनी परिवारों के आंगनों में गाय के गोबर से गोवर्धन की मानवाकृति बनाई गई। इसके बाद उसका विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया।

विभिन्न व्यंजन बनाकर गोवर्धन को भोग लगाया गया। गो-धन को पहले स्नान कराया गया फिर श्रृंगार करके उसका भी पूजन किया गया। पौराणिक मान्यता है कि गाय की पूजा से मोक्ष की प्राप्ति सुगम हो जाती है, इसीलिए गोवर्धन व अन्नकूट महोत्सव के साथ गो-पूजन का विशेष महत्व है।गौ पूजन के बाद राऊत लोग रंग बिरंगे कपडे पहनकर लाठी लेकर नाचते एवं लाठी खेलते नजर आये जहाँ पूरा गांव एकत्रित होकर लुप्त उठाता हैं।इस पर्व पर किसान एवं यादव परिवारों में गो-पूजन को लेकर उत्साह देखते ही बना।



प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी सभी लोगों ने अपने अपने गौ धन को स्नान कराने के बाद श्रंगार किया।सभी लोग सुबह से ही नहा धोकर साफ सुथरे कपडे पहनकर घर के मुख्य द्वार पर गाय के गोबर से गोवर्धन की लेटी आकृति बनाई।जिसके नाभि स्थान पर एक माटी की दीया रखा। इस दीये में दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे डाले गए। साथ ही गोबर का गोवर्धन पर्वत बनाया। पास में ग्वाल बाल, पेड़-पौधों की आकृति भी बनाई। इन सभी को फूलों से सजाया। मध्य में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति रखी। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण, ग्वाल-बाल और गोवर्धन पर्वत का पूजन किया। पकावान व पंचामृत का भोग लगाया। गोवर्धन पर धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल अर्पित किए। पूजा के बाद गोवर्धन की सात परिक्रमाएं की गई। गोवर्धन की जय-जयकार की गई। परिक्रमा के समय हाथ में लिए लोटे से जल गिराते हुए और जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी की गई। ऐसी मान्यता है कि गोधवर्धन पूजा से धन, संतान व गौरस की अभिवृद्धि होती है।

### जगह जगह पर हुआ राऊत नाचा

जिले के कई स्थानों पर राऊत नाचा का आयोजन होता है जिसमे यादव परिवार सहित राऊत लोग लाठी खेल खेलते है जिसमे विशेष भेषभूषा धारण कर दो दो की संख्या में राऊत लोग लाठी लेकर एक मारता है तो दूसरा उसके वार को रोकने का प्रयास करता है जो खतरों से भरा होता है जिसमे कभी कभी राऊत लोग घायल भी हो जाते है इसके बावजूद हर साल हर्षोल्लास से यह पर्व मनाया जाता है।

# जैतो की महिला को 10 साल की कैद और 1 लाख रुपए जुमार्ने की सजा

समाज जागरण

जैतो, 14 नवंबर (रघुनंदन पराशर): जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री राजीव कालरा की अदालत ने जैतो की एक महिला को नशीली गोलियां बेचने के मामले में 10 साल कैद और 1 लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना नहीं भरने पर उसे 3 साल और जेल में रहना होगा।जानकारी के मुताबिक इस मामले में 21 दिसंबर 2020 को जब थाना जैतो के पुलिस अधिकारी गश्त व चैकिंग के दौरान जैतो, सेवेवाला, चंदभान आदि इलाकों में जा रहे थे।जब वे बस सेवावाला के पास पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो पुलिस पार्टी ने उपरोक्त महिला को शक के आधार पर रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके हाथ में मौजूद लिफाफे से भारी मात्रा में नशीली गोलियां बरामद हुईं। थाना जैतो के पुलिस अधिकारियों ने महिला मनजीत कौर उर्फ मुन्नी पत्नी अंग्रेज सिंह निवासी जैतो के खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया।

# कल से अमृतसर हवाई अड्डे से शिमला के लिए उड़ान होगी शुरू

समाज जागरण

जैतो,14 नवंबर (रघुनंदन पराशर) :पंजाब के अमृतसर जिले से शिमला के लिए 16 नवंबर से उड़ान सेवा शुरू होगी। जिसमें, एक तरफ का किराया 1919 रुपए निर्धारित किया गया है। ह्यउड़ान योजनाह्ल के तहत किराए पर सरकार 50 प्रतिशत सबसिडी दे रही है। इस उड़ान सेवा के शुरू होने से यात्री एक घंटे में अमृतसर से शिमला पहुंच पाएंगे। इससे पर्यटन उद्योग को फायदा मिलने की उम्मीद है। यह उड़ान सेवा प्रत्येक मंगलवार, वीरवार और शनिवार को होगी।

शिमला से अमृतसर के लिए सुबह 8 बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरेगी, जो सुबह 9 बजकर 10 मिनट पर अमृतसर पहुंचेगी। अमृतसर से शिमला के लिए सुबह 9 बजकर 35 मिनट पर उड़ान होगी और शिमला में सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर पहुंचेगी। पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी इस सेवा का फायदा उठा सकेंगे और आने-जाने समय की बचत होगी। प्रदेश में विंटर टूरिस्ट सीजन शुरू हो गया है। पहाड़ों पर जैसे ही ज्यादा बर्फबारी होगी, उसके बाद अधिक संख्या में पर्यटक पहाड़ों का रुख करेंगे।




# बाल दिवस पर विभिन्न स्कूलों/संगठनों के बच्चों ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात की

समाज जागरण

जैतो,14 नवम्बर( रघुनंदन पराशर ): राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि विभिन्न स्कूलों/संगठनों के बच्चों ने आज राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र (आरबीसीसी) में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस अवसर पर बोलते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि हम अक्सर कहते हैं कि बच्चे देश का भविष्य हैं देश। इस भविष्य को सुरक्षित रखना और इसका उचित पालन-पोषण सुनिश्चित करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चों के पास तकनीक और ढेर सारी जानकारी और ज्ञान है। वे देश-विदेश में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने बच्चों की प्रतिभा को सही दिशा दें। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों में दूसरों के प्रति संवेदनशीलता अधिक होती है। वे दूसरों का दुःख देखकर दुःखी हो जाते हैं और दूसरों को सुखी देखकर प्रसन्न हो जाते हैं। बच्चों के इसी गुण के कारण हम उन्हें बचपन से ही दूसरों की मदद करने और पर्यावरण के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना रखने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। बच्चों को स्वास्थ्य और पर्यावरण की स्वच्छता के बारे में जागरूक करना भी बहुत जरूरी है। राष्ट्रपति ने बच्चों से कहा कि अगर वे अपनी क्षमता को पहचानें और पूरी लगन और कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें, तो वे निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उन्हें पढ़ने की आदत अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक कहावत है- किताबें सबसे अच्छी दोस्त होती हैं।उन्होंने कहा कि अच्छी किताबें किसी के व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव लाती हैं। उन्होंने बच्चों को महान हस्तियों की जीवनियां पढ़ने की भी सलाह दी, जिससे उन्हें प्रेरणा मिलेगी और चुनौतियों का सामना करने में भी मदद मिलेगी।

# कांग्रेसियों ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई

## सेक्टर 2 स्थित बाल निकेतन में बच्चों के बीच पहुंच चिल्डर्न डे की भी बधाई दी

मनपाल संवाददाता
दैनिक समाज जागरण

पंचकूला। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती मंगलवार को कालका विधायक प्रदीप चौधरी ने कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं के साथ पंचकूला सेक्टर 2 स्थित बाल निकेतन में बच्चों के बीच जाकर मनाई। इस दौरान बच्चों को फल वितरित किए गए।

कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान कालका विधायक प्रदीप चौधरी और कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बच्चों के प्यारे जवाहर लाल नेहरू ने देश की मजबूती,



विकास और निर्माण की आधारशिला रखकर आधुनिक भारत का निर्माण किया। उनके कारण ही देश की पहचान विश्व में मजबूत व विकसित देश के रूप में है। वह धर्मनिरपेक्ष, राष्ट्रवादी नेता थे। जवाहर लाल नेहरू धनी परिवार में जन्म लेने के बावजूद आजादी के आंदोलन में हिस्सा लेते रहे। वह कई बार जेल भी गए। सभी को उनसे सीख लेनी चाहिए। मौके पर जिला परिषद चेयरमैन सुनील शर्मा, नरेश मान, हर्ष चड्ढा, विजय मोहन वर्मा, शरणजीत काका, अमर सिंह चेची, विजेंद्र कामी, खुशहाल परमार, पैक्स चेयरमैन रमेश मांधना, गफूर मोहम्मद, रामकरण चौधरी, जीत ठाकुर, प्यारा रायपुर, युवा नेता सचिन शर्मा, जसमेर सैनी, ओमप्रकाश, इलमदीन नंबरदार, मलकीत गुड्डू, पिरथी हिमशिखा, बसीर, करमदीन, भज्जा, रघुबीर सोढ़ी, देशराज इत्यादि लोग मौजूद थे।

# विधायक जोगी राम सिहाग ने रेलवे फाटक के समीप लगभग साढ़े 55 करोड़ की लागत से बनने वाले नए जलघर का किया शिलान्यास

## 17 एकड़ में बनने वाला यह नया जलघर डेढ़ वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : हलका बरवाला के विधायक जोगी राम सिहाग द्वारा एफसीआई गोदाम रेलवे फाटक के समीप नए जलघर का रिबन काटकर और शहर के अनेक गणमान्य लोगों पूर्व वाइस चेयरमैन रामफल गुराना, पार्षद ज्योति बंसल, अश्वनी बजाज, बलबीर सैनी व एक्सईन बलविंदर सिंह नैन द्वारा नारियल फोड़कर तथा हिंदू रीति रिवाज के अनुसार भूमि पूजन करके किया गयो विधायक जोगी राम सिहाग ने अपने संबोधन में कहा कि इस नए जलघर पर साढे 55 करोड़ रुपए की लागत आएगी और यह नया जलघर डेढ़ वर्ष में बनकर



तैयार हो जाएगा तथा यह नया जलघर 17 एकड़ की परिधि में बनाया जाएगो इस नए जलघर के बनने के बाद बरवाला शहर की जनता को आने वाले 20-25 वर्षों तक पीने के पानी की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और हर रोज पीने के स्वच्छ पानी की सप्लाई दी जाएगी इससे पूर्व बरवाला शहर की जनता को एक दिन छोड़कर पीने के पानी की सप्लाई दी जा रही है विधायक जोगी राम सिहाग ने कहा कि इस नए जलघर के तहत दो नए बूस्टिंग स्टेशन बनाए जाएंगे इस नए जलघर के निर्माण कार्य में तीन टीमें काम करेंगी और इस काम की निगरानी हेतु निगरानी कमेटी भी बनाई जाएगी इस नए जलघर के तहत 40 किलोमीटर की 16 इंची, 8 इंची, 6 इंची व 4 इंची पाइप लाइन बिछाई जाएगी इस काम के लिए टेंडर हो चुका है और वर्कलोड भी हो चुका है तथा पाइप भी आ चुके हैं इस अवसर पर एसडीओ कुलदीप कोहाड, जेई रमेश कुमार, एसडीई रण सिंह, जेई राजकुमार मित्तल, पूर्व पार्षद रामकेश बंसल, समाजसेवी रामनिवास खोवाल, सतपाल सोनी, पार्षद संजय भादड, पूर्व पार्षद जगदीश गुलाटी, नरेश हंस, पार्षद प्रतिनिधि मदन कामरेड, पार्षद प्रतिनिधि मास्टर सुरेंद्र व हरबंस असीजा आदि मौजूद रहे

# चंडीगढ़ के सैक्टर 56 में चाकू, किरच से युवक पर हमला, युवक हॉस्पिटल में भर्ती।

धालीवाल (चंडीगढ़) संवाददाता दैनिक समाज जागरण सैक्टर 56 में युवक की रेकी कर सैक्टर 56 के 4 युवकों ने एक युवक पर चाकू किरच से हमला कर दिया। जिसमें युवक को चाकू लगा, उसे मौजूदा ने फेस 6के सिविल अस्पताल मोहाली लेकर गए, सिविल हॉस्पिटल मोहाली ने युवक की नाजुक हालत देख युवक सैक्टर 16 के हॉस्पिटल रेफर कर दिया।

मौके पर पहुंची पीसीआर और पलसोरा चौंकी ने आस पास सीसीटीवी खंगाले जिसमे 4 युवक नजर आए और पास खड़ी पब्लिक से युवकों की पहचान करवाई, जिसमें दो युवकों की पहचान हो गई जिनका नाम अमन, विकी उनके साथ अज्ञात लड़के थे,

मौके पर पलसौरा पुलिस चौंकी इंचार्ज प्रेम सिंह और क्राइम ब्रांच स्टाफ भी पहुंचा और मौके की जांच की, और जनता ने पुलिस चौंकी इंचार्ज से गुहार लगाई की दिवाली की रात भी कारों के शीशे तोड़े गए थे और दोषियों के खिलाफ सख्त करवाई की जाए।

# श्री वनखण्डी दुर्गा मंदिर अमरावती एनकलेव में भगवान गिरिराज, गोवर्धन नाथ को 56 भोग अर्पण

मनपाल संवाददाता
दैनिक समाज जागरण

पंचकूला 14 नवंबर। श्री वनखण्डी दुर्गा मंदिर अमरावती एनकलेव में भगवान गिरिराज, गोवर्धन नाथ को 56 भोग अर्पण कर मनाया गया। इस अवसर पर पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल ने अपनी धर्मपत्नी अंजू गोयल, भाई हरगोबिंद गोयल एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पूजा अर्चना की। पांच दिन के दीपावली महापर्व में चौथे दिन गोवर्धन की पूजा अर्चना की जाती है और हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजन करने का विधान है। कुलभूषण गोयल ने बताया कि इस तिथि को अन्नकूट के नाम से जाना जाता है क्योंकि इस दिन घरों में अन्नकूट का भोग बनाया जाता है। गोवर्धन पूजन



के दिन घरों में गोबर से गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाई जाती है और पूरे परिवार के साथ शुभ मुहूर्त में पूजन किया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, कार्तिक मास की प्रतिपदा तिथि को देवराज इंद्र की पूजा हुआ करती थी लेकिन भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों से कहा कि पूजा का कोई लाभ नहीं मिल रहा है इसलिए देवराज इंद्र की पूजा ना करें। भगवान कृष्ण की बात मानकर ब्रजवासियों ने पूजा नहीं की। जब यह जानकारी इंद्र को मिली तो इंद्रदेव ने अपने घमंड के चलते पूरे ब्रज में तूफान और बारिश का कहर मचाया। तब भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों की रक्षा के लिए अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की था और इंद्र के घमंड को तोड़ा था। साथ ही भगवान को सभी तरह की मौसमी सब्जियों से तैयार अन्नकूट को भोग लगाया था। तब से हर साल इस तिथि पर गोवर्धन पूजा की जाती है और अन्नकूट का भोग लगाया जाता है।

# पर्यावरण दरबार एवं हरित संगम का सफल आयोजन हुआ

धालीवाल ( चण्डीगढ़ ) संवाददाता दैनिक समाज जागरण

स्थानीय चण्डीगढ़ के न्यू लेक सैक्टर-42 में लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के शुभागमन के उपलक्ष्य में पर्यावरण और स्वच्छता को समर्पित कार्यक्रम ह्लपर्यावरण दरबार एवं हरित संगमह्व का सफल आयोजन हुआ।ध्यातव्य है कि उक्त आयोजन जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन, हरियावल पंजाब चंडीगढ़ महानगर, एबीएन टावर एंड ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, श्री जसबीर सिंह बंटी-स्थानीय पार्षद् और चण्डीगढ़ प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित श्री बीरेन्द्र नारायण मिश्र के मंत्रोचारण एवं शंख ध्वनि के साथ लेक में गंगाजल अर्पण करके किया गया।तदुपरांत मुख्यअतिथियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर ई-रिक्शा रैली निकाली गई जोकि लेक से और 42 कॉलेज से होते हुए न्यू लेक पर संपन्न हुई,इसका उद्देश्य हरित पर्यावरण के ध्येय को आगे रखना था।कार्यक्रम में संयोजक प्रभुनाथ शाही ने बताया कि यह पर्यावरण दरबार और हरित संगम कार्यक्रम का वास्तविक उद्देश्य पर्यावरण के संरक्षण और संवर्द्धन को जन-जन तक पहुँचाना है।इसके बाद फाउंडेशन की मातृशक्ति प्रमुख श्रीमति शुभलक्ष्मी जी ने सभी अथितियों का स्वागत करते हुए फाउण्डेशन के कार्यों की जानकारी सभी को प्रस्तुत की।कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति भजनों के माध्यम से की गई, जिसमें भजनगायक श्री हरीश शर्मा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समा बांधा।हनुमान चालीसा के सामूहिक गायन के द्वारा भी पर्यावरण संरक्षण और औषधीय पौधों के उपयोगिता का गुणगान किया गया।

**श्री सतिंदर सिंह ने बताया कि भगवान का वास्तविक अर्थ ही पर्यावरण है, इसके संरक्षण हेतु हमें निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।**

**इसके बाद श्री अनिल दुबे ने सभी से पर्यावरण के प्रति समर्पित होकर कार्य पर बल देते हुए आपसी सद्भाव और सहयोग बढ़ाने की बात रखे।**

श्रीमती प्रेमलता पार्षद् (सैक्टर-43) ने पर्यावरण जैसे गहन विषय पर हरसंभव गंभीरता से कार्य करने पर जोर दिए।
प्रो नेमीचन्द राज्य संपर्क अधिकारी चण्डीगढ़ ने अपने वक्तव्य




में कहा कि पर्यावरण हमारा अस्तित्व है, इसके लिए हमारे भारत के युवाओं को आगे रहना चाहिए, युवा वर्ग जितना सशक्त रहेगा तो ऊजार्वान पर्यावरण रहेगा।

**श्री विवेक त्रिवेदी नगर निगम अधिकारी ने कहा कि प्रकृति हमें समय समय पर चेताती है कि हमें पर्यावरण का दोहन नहीं करना है, वरन्‌ इसे बचाते हुए पेड़ पौधे लगाकर संपन्न बनाना है।**

श्री प्रेम गर्ग जी ने कहा कि हमने माई ट्री नाम से एनजीओ बनाकर पर्यावरण के प्रति समर्पण भाव को जनजन तक संदेश पहुँचाया और चंदन वाटिका चंडीगढ़ के सभी स्कूलों और कॉलेजस में बनाई। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री ऋषि कुमार ने पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के प्रति अपने बैंक की प्रतिबद्धता को बताते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिये।

स्थानीय पार्षद् श्री जसबीर सिंह बंटी ने सभी गणमान्य अतिथियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम हमारे पर्यावरण को समर्पित है और पर्यावरण ठीक रहेगा तो हम सब ठीक रहेंगे और पर्यावरण के संरक्षण के लिए मैं सदैव पूर्ण सहयोग देते रहूँगा।
चण्डीगढ़ नगर निगम के मेयर अनूप गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि कोरोना काल में हमने बहुत हद तक खुद को बचाये रखा क्योंकि हम पर्यावरण के प्रति सचेत रहे हैं।
सीनियर डिप्टी मेयर श्री कंवर सिंह राणा ने पर्यावरण के प्रति समर्पित होकर कार्य करने के लिए जय मधुसूदन जय फाउंडेशन और हरियावल पंजाब की सराहना किए।
डॉ एस एस अहलूवालिया और श्रीमती मोहिन्दर कौर ने भी सभी से पर्यावरण के प्रति सजगता के साथ काम करने का आग्रह किए।
स्वरमणि टीम की ओर से दीपदान किया गया और लेक पर दीपमाला आयोजित की गई।
इस कार्यक्रम में अजय दूबे,प्रो रितु गुप्ता,नरेश पुरी,संजय कुमार,डॉ अमित गंगानी,डॉ संगम वर्मा,सुभाष जी जैन,आर एस यादव,गुरु त्रिशा सिंह, बी के सिंह,चुन्नू राय,जी पी सिंह,डॉ कर्मचंद,अशोक कपिला,प्रिंस मेहरा,सन्नी कुमार,सुश्री ममता,चंद्रिका, लोकेश सौरभ,रोहित कुमार,गोविन्द,रजनीश,होशियार सिंह,राजीव रहलान का विशेष सहयोग रहा।
धन्यवाद ज्ञापन श्री राजीव गुप्ता द्वारा किया गया, उन्होंने सफल आयोजन हेतु सभी टीम के सदस्यों को बधाई दी और सबके हित की कामना करते हुए पर्यावरण के संरक्षण हेतु अग्रसर होकर कार्य करने की बात रखी।अंत में सभी को प्रसाद और भेंट स्वरूप तुलसी पौधा वितरण किया गया।कार्यक्रम की समाप्ति लेक कर सामूहिक गंगा आरती के साथ संपन्न हुई।मंच संचालन की भूमिका श्री प्रभुनाथ शाही ने अदा की।
फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी डॉ संगम वर्मा ने बताया की कार्यक्रम मी अशोक जी जैन,यशपाल तिवारी,राजेंद्र सिंह,चंद्रमा मिश्रा,बी के सिंह,उमाशंकर पांडेय,महेंद्र दूबे, पंडित देवी प्रसाद,लाल बहादुर दुबे,ओमप्रकाश यादव,गणेश झा,आर एल बुदानिया, पंकज यादव,बृजेश गुप्ता,डी के सिंह,यू के सिंह,आई पी एन सिंह,अरविंद दूबे,नरेंद्र पांडेय, श्रीमती कृति शर्मा,सीता कक्कड़,डॉ नवनीत,प्रीति बाला,जनार्दन राय, शानू दूबे ,सी पी सिंह,आकाशदीप,अरविंद कुमार,रिंकु ठाकुर,प्रवीण कुमार,शशिकान्त राय और रूपा एवं अन्य पर्यावरण प्रेमीउपस्थित रहे।

# विश्व डायबिटीज दिवस के मौके पर स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष चिकित्सकीय सह जागरूकता शिविर आयोजित।

**बदलते खानपान व लाइफस्टाइल की वजह से बढ़ रहे डायबिटीज के मामले।**

**संतुलित खानपान व स्वस्थ जीवनशैली से बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण संभव।**



**रंजीत ठाकुर, दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
अररिया।विश्व डायबिटीज डे के मौके पर जिले के अमूमन सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष चिकित्सकीय सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचने वाले लोगों का समुचित जांच के बाद उन्हें जरूरी दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। गौरतलब है कि विश्व डायबिटीज दिवस के मौके पर जिले में 14 से 21 नंवबर के बीच निःशुल्क जांच सह चिकित्सा परामर्श सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसके प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाले गये जागरूकता रथ को एसीएमओ डॉ राजेश कुमार व डीसीएम सौरव कुमार, एफएलसी प्रभात कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र भ्रमण के लिय रवाना किया गया। एसीएमओ डॉ राजेश कुमार ने बताया कि विश्व डायबिटीज दिवस के मौके पर स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष चिकित्सकीय सह जागरूकता शिविर आयोजित किया जायेगा। आयोजित शिविर में चिकित्सकों द्वारा मधुमेह व रक्तचाप से बचाव संबंधी उपायों की जानकारी देते हुए इससे बचाव के लिये स्वस्थ जीवनशैली व खान-पान संबंधी उचित आदतों की जानकारी दी जायेगी। एफएलसी प्रभात रंजन ने कहा कि जागरूकता रथ विभिन्न इलाकों का भ्रमण करते हुए लोगों को मधुमेह से बचाव व उपचार संबंधी उपायों के प्रति जागरूक करेगा। साथ ही आयोजित शिविर की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा कर इसका लाभ उठाने के लिये उन्हें प्रेरित करेगा। विश्व मधुमेह दिवस के मौके पर सदर अस्पताल में आयोजित शिविर का उद्घाटन जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज, सदर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ राजेंद्र प्रसाद, अस्पताल प्रबंधक विकास आनंद ने सामूहिक रूप से किया। मौके पर सदर अस्पताल के कैंसर स्क्रीनिंग सेंटर में कार्यरत भाभा कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर की चिकित्सक डॉ सायना आलम, डॉ मैत्रयी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

**डायबिटीज के प्रति लोगों का जागरूक होना जरूरी**

शिविर का उद्घाटन करते हुए डीआईओ डॉ मोईज ने बताया कि शरीर में इंसुलिन का बैलेंस बिगड़ने से डायबिटीज की बीमारी होती है। इसे सुगर या मधुमेह के नाम से भी जाना जाता है। दरअसल इंसुलिन हार्मोन है। जो ब्लड ग्लूकोज को नियंत्रित करता है। इंसुलिन का बैलेंस बिगड़ने से शरीर में ग्लूकोज का स्तर अनियंत्रित हो जाता है। जो कई तरह की शारीरिक समस्या पैदा करता है। उन्होंने कहा कि डायबिटीज का अगर सही समय पर उचित उपचार नहीं किया गया तो ये नस, गुर्दा सहित शरीर के अन्य अंगों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। इसलिये रोग संबंधी समुचित जानकारी, बचाव संबंधी उपाय व इसका कुशल प्रबंधन के तौर-तरीकों के बारे आम लोगों का जागरूक होना जरूरी है। जो विश्व मधुमेह दिवस का मुख्य उद्देश्य है।

**संतुलित आहार व नियमित व्यायाम जरूरी**

सदर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि लोगों में सुगर की बीमारी बड़ी तेजी से फैल रही है। हर उम्र के लोग इसका शिकार बन रहे हैं। इससे बचाव के लिये स्वस्थ दिनचर्या व संतुलित खानपान जरूरी है। नियमित व्यायाम व योगासन इससे बचाव के साथ-साथ इसे नियंत्रित रखने के महत्वपूर्ण उपायों में से एक है। अस्पताल प्रबंधक विकास आनंद ने बताया कि सदर अस्पताल में आयोजित विशेष चिकित्सकीय सह जागरूकता शिविर 14 से 21 नंवबर तक संचालित होगा। शिविर के माध्यम से लोगों को जरूरी जांच व चिकित्सकीय परामर्श के साथ इससे बचाव व रोग प्रबंधन संबंधी उपायों के प्रति जागरूक किया जायेगा।

# जिला पदाधिकारी अररिया ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
अररिया। जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान एवं पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह के द्वारा आज मंगलवार को अररिया एवं फारबिसगंज अनुमंडल स्थित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस क्रम में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं तकनीकी पदाधिकारी उनके साथ थे। नगर परिषद अररिया क्षेत्र अंतर्गत त्रिसुलिया घाट नदी, हरियाली घाट, बस स्टैंड नहर घाट आदि एवं फारबिसगंज स्थित सुल्तान पोखर, कोठीहाट नहर छठ घाट,जोगबनी के परमान नदी घाट आदि तथा नरपतगंज स्थित भी विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के क्रम में लोक आस्था के महापर्व छठ की पूर्व तैयारी को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी को चिन्हित गहरे घाट को बांस से बैरिकेटिंग कराने, छठव्रतियों के आने जाने के लिए रास्ते को दुरुस्त करने और घाट पर व्रतियों को कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम निर्माण करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त घाटों की साफ सफाई, चुना और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव के साथ समुचित रोशनी का भी प्रबंध करने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, संबंधित सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता, नगर कार्यपालक पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज एवं संबंधित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। वहीं छठ घाटों के सम्पूर्ण तैयारियाँ का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु जिलाधिकारी द्वारा आदेश जारी कर राज मोहन झा, अपर समाहर्त्ता, अररिया को अररिया अनुमंडल क्षेत्र तथा जनमेजय शुक्ला, अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, अररिया को फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया है। नोडल पदाधिकारी अपने-अपने आवंटित अनुमंडल क्षेत्र में कैम्प कर छठ घाटों पर छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं हेतु समुचित व्यवस्थाएँ तथा छठ घाटों का बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, चेंजिंग रूम का निर्माण, शौचालय की व्यवस्था, वाच टॉवर का निर्माण, लघु नियंत्रण कक्ष की व्यवस्थाएँ, ध्वनिविस्तारक यंत्र की व्यवस्था, विडियोग्राफर की व्यवस्था, प्रोपर साइनेज की व्यवस्था, छठ घाटों तक पहुँच पथ, प्रवेश एवं निकास का मार्ग, छठ घाटों के किनारे एवं रास्ते पर पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, घाटों पर पार्किंग व्यवस्था, खतरनाक / भीड़-भाड़ वाले घाटों पर गोताखोर/मोटर चालक/नाव/लाईफ जैकेट आदि की व्यवस्था, छठ घाटों पर चिकित्सकों पारामेडिकल टीम की व्यवस्था, आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु कंटिजेंसी प्लान पर अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी एवं तकनीकी पदाधिकारी के साथ समन्वय कर सभी घाटों पर दिनांक 17.11.2023 तक सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।



# मेची नदी के इस पार हिन्दुस्तान तो उस पार नेपालवासी करते हैं छठ पूजा

**उत्तम सिंह :संवाददाताः दैनिक समाज जागरण:ब्यूरो चीफ ( दार्जिलिंग):**
बंगाल - बिहार सहित देश- विदेश में मनाए जाने वाले लोक आस्था का पवित्र त्योहार छठ पर्व आगामी 17 नवंबर यानी शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो जाएगा। इसको लेकर व्रतियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है, लोग तैयारी में जुट गए हैं। वहीं सीमा वासियों ने मेची नदी की साफ-सफाई करने के साथ ही घरों पर भी तैयारी करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा घरों पर महिलाओं ने भी पूजा को लेकर अपनी तैयारी तेज कर दी है। साथ ही छठ महापर्व पर व्रतियों को मेची छठ घाट पर आवाजाही में किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए प्रशासन द्वारा सड़क पर बने गड्ढे को को बराबर कर भरा जा रहा है। ताकि छठ व्रतियों को आने जाने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।



**हर धर्म के लोगों का पसंद आता है मेची नदी का घाट**
मेची नदी के घाट को देखकर हर धर्म के लोगों को भी काफी पंसद आता है। यहां भारत व नेपाल के छठव्रती बड़ी संख्या में भारत-नेपाल सीमा पर बहने वाली मेची नदी घाट पर लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा धूमधाम से मनाते हैं। दार्जिलिंग जिले के खोरीबाड़ी प्रखंड की सीमा पर भारत के बंगाल , बिहार व नेपाल के झापा जिले के छठव्रती भारत-नेपाल सीमा पर बहने वाली मेची नदी घाट पर पर्व मनाते हैं। छठ पूजा के दिन यहां अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है।

**कई दर्शकों से मेची नदी के दोनों के किनारे अर्घ्य देते हैं दोनों देशों के छठव्रती**
भारत व नेपाल यानी दोनों देशों के छठव्रती कई दशकों से हजारों की संख्या में इस नदी के दोनों किनारे अर्घ्य देते आ रहे हैं। उसमें मुख्य रूप से भारत के कई गांव कस्बों के श्रद्धालुओं के साथ नेपाल के झापा जिले के दर्जनों शहर व गांवो के छठव्रती इस नदी तट पर छठ पर्व करते हैं। यहां खोरीबाड़ी प्रखंड की सीमा पर भारत के बंगाल , बिहार और नेपाल के झापा जिला के छठव्रती मेची नदी घाट पर नियम निष्ठा से लोक आस्था का महापर्व मनाते हैं। खोरीबाड़ी प्रखंड के दर्जनों गांव, डांगुजोत देवीगंज, सोनापिण्डी , डुब्बाजोत, आरीभिट्ठा , बैरागीजोत आदि गांव के छठव्रती मेची नदी घाट पर भगवान सूर्य की आराधना करते हैं।

**पश्चिमी तट पर नेपालवासी तो पूर्वी तट पर भारत के छठव्रती मनाते हैं छठपूजा**
मेची नदी के पश्चिमी तट पर नेपालवासी तो पूर्वी तट पर भारत के छठव्रती छठ पर्व मनाते हैं। दोनों देश के छठव्रती के एक साथ पर्व मनाने का अद्भुत दृश्य व नजारा देखने लायक होता है। दोनों देश के लोग सरहद की सीमा को तोड़ एकसाथ मिलकर सूर्य की उपासना करते हैं। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में बिहार व यूपी के रहने वाले लोगों के साथ-साथ नेपाल के मूल निवासी की भी छठ पर्व के प्रति आस्था बढ़ती जा रही है।

**मेची नदी के तट पर हर धर्म के लोग करते हैं छठ पूजा**
नेपाल के भद्रपुर ,कांकड़भिट्टा, विरतामोड़, धुलाबाड़ी चंद्रगुडी, आदि शहरों में बड़ी संख्या में बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग रहते हैं। इन्हें प्रत्येक वर्ष छठ पर्व मनाने की विधि-विधान तथा सूर्य देवता की उपासना को देख नेपाली मूल के लोग सहित हर धर्म के लोगों में भी धीरे-धीरे आस्था बढड्ने लगी और आज बड़ी संख्या में नेपाल के मूल निवासी सहित कई अन्य धर्म के भी मेची नदी के तट पर छठ पर्व कर रहे हैं।

# दो पक्षों में हुई खूनी झड़प, एक पक्ष के तीन लोग घायल स्थिति नाजुक।

*नरपतगंज स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को किया रेफर।*

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
अररिया। फुलकाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाबगंज पंचायत के भोड़हर गांव में बीते रविवार को बकरी ले जाने के क्रम में हुवे विवाद को लेकर आज मंगलवार की सुबह दो पक्षों में जमकर हुई खूनी झड़प, एक पक्ष के तीन लोग घायल सभी की स्थिति नाजुक। मौके पर घटना की सूचना फुलकाहा थाना पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर नियंत्रित करते हुए तीन व्यक्ति को हिरासत लेकर थाना लाया। जिसमें दोनों पक्षों के द्वारा आवेदन प्राप्त है। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।यह घटना भोड़हर वार्ड 12 निवासी जीतो यादव एवं वार्ड 11 निवासी श्याम यादव के बीच हुई है। घटना में घायल जीतो यादव, बलराम यादव एवं चंद्रशेखर यादव को नरपतगंज स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक देख बेहतर इलाज के लिए अररिया रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार को जीतो यादव के पत्नी के द्वारा बकरी चराने खेत ले जाने के क्रम में बकरी का बच्चा धान के खेत में चला गया था, जिसको लेकर वार्ड 11निवासी शंकर यादव ने तू मैं मैं करते हुए गलीगलौज किया था। उसी बात को लेकर रविवार के दिन ही जय कृष्ण यादव से शंकर यादव का कहा सुनी हुआ था। जो आज दोनों पक्ष के बीच जमकर झड़प हो गई। झड़प में एक पक्ष के तीन व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया है। जिसका इलाज अररिया सदर अस्पताल में चल रहा है। इस बाबत थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक साजिद आलम ने कहा दोनों पक्षों के आवेदन प्राप्त है प्राथमिकी दर्ज करने के लिए बुलाया जा रहा है परंतु अभी तक किसी पक्ष के आकर अपना हस्ताक्षर नहीं किया है। हिरासत में लिए गैर छोटू कुमार यादव, अंकित कुमार यादव एवं दिलीप कुमार यादव बताया गया है।

# आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर बाजारों में चहल-पहल

**छठवर्ती कर रही है सूप, दौरा, कोनिया की खरीदारी बाजार सजने लगा है फल, फूल, केले आदि सामानों से**



**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
अररिया।आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर छठ वर्ती दीपावली पर्व समाप्त होते ही तैयारी में जुट गई है। सूप, कोनिया, दौरा आदि सामग्रियों की खरीदारी को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गया है। वहीं बाजार भी पूजा को लेकर सामग्रियों से सजने लगा है। फल-फूल-केले इत्यादि पूजा सामग्री को लेकर दुकानदार साफ सफाई के साथ रख रहे हैं। बताते चलें कि हर बर्ष की भांति इस बर्ष भी शुक्रवार के दिन नहाय खाय से छठ व्रत प्रारंभ हो रहा है, जिसमें रविवार की संध्या अर्घ दी जाएगी एवं सोमवार को प्रातः कालीन अर्घ के साथ पूजा की समाप्ति होगी। इसको लेकर छठव्रती अपने-अपने घरों की साफ सफाई एवं घाटों की सफाई पर विशेष ध्यान दे रही है। तो वहीं जिस स्थान पर जलाशय या पोखर नहीं है, उस स्थान पर पोखरनुमा गढ़े करने श्रद्धालु जुटे हुए हैं। इस बाबत नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के नवाबगंज पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य द्वारिका नाथ सहा ने बताया कि जो व्यक्ति सच्चे मन से छठ व्रत करता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा मैं खुद कई वर्षों से छठ व्रत करते आ रहा हूं और मुझे बहुत अच्छा लगता है। वहीं प्रशासन भी पूजा को लेकर सभी स्थानों का निगरानी कर रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी छठवर्ती को नहीं हो सके।

# भारत स्काउट एवं गाइड्स कार्यालय में बाल दिवस मनाया गया

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**
दक्षिण पूर्व रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड्स चक्रधरपुर मंडल में बाल दिवस मनाया गया।
दक्षिण पूर्व रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड्स चक्रधरपुर मंडल ने आज मंगलवार को बाल दिवस के अवसर पर अपने स्काउट कार्यालय के जाग्रति केंद्र में देश के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मुरारी लाल पाठक जिला संगठन आयुक्त स्काउट ने सभी कब्स बुलबुल्स स्काउट्स गाइड्स रोवर्स एवं रेंजर्स को बाल दिवस की सुभकामनाएँ दी और सभी बच्चों से कहा की वे एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश सेवा करे और अपने देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे। इस के पश्चात सभी ने पुष्प अर्पित किया और फिर बच्चों के द्वारा केक काट कर सभी को खिलाया गया। फिर बुलबुल श्रेया दत्ता ने गीत प्रस्तुत किया और फिर बच्चों के लिए कई खेल आयोजित किये गए और उसके पश्चात क्विज ( सवाल जवाब ) प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। कब्स ,बुलबुल्स के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया। सभी विजेताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।आज के कार्यकर्म में सभी कब्स, बुलबुल्स, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स , रेंजर्स और लीडर्स में भाग लिया।




# विद्युत शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, चार घर जलकर स्वाहा, लाखों की नुकसान।

*कई मवेशी भी आपके चपेट में आने से झुलस गया।*

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
अररिया। फुलकाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत पथराहा पंचायत के वार्ड -17 में विद्युत के शार्ट सर्किट होने से चार घर में लगी आग, लाखों की सामान



जलकर स्वाहा। कई मवेशी आग लपेट में झुलसा। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम करीब 5:30 बजे पथराहा पंचायत के वार्ड-17 निवासी मन्नू दास पिता झरखु दास के तीन पूस के आवासीय एक मवेशी घर में विद्युत के शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग इतना भयावह था कि अफारा तफरी का माहौल बन गया। वहीं आसपास के दर्जनों ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में मदद किया। तत्पश्चात घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा फुलकाहा थाना अध्यक्ष को दिया गया। सूचना मिलते ही थाना से फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखें सारा सामान जलकर खाक हो गया। वहीं मवेशी घर में बंधे गाय, बकरी,बैल,भैंस आदि आग के लपेटे में झुलस गयी। गिरी स्वामी के अनुसार घर में रखे सारा सामना जल कर खाक हो गया है। समाचार लिखे जाने तक नुकसान का अनुमान नहीं लगाया जा सका है।

# भरगामा में लाखों का राशन गटक रहे पीडीएस डीलर,एमओ से शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कोई कार्रवाई: लाभुक ।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
अररिया। जहां बिहार सरकार गरीबों को राशन देने की योजना चला रही है,वहीं कुछ भ्रष्ट पीडीएस डीलर इस योजना को असफल बनाने पर तुले हुए हैं। बता दें कि भरगामा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में इसी से जुड़ा मामला सामने आया है। जहां कई पीडीएस डीलर चोरी-छिपे गरीबों को वितरित किये जाने वाले राशन कालाबाजारी कर गरीबों का निवाला छीनने का काम कर रहे हैं। बताया जाता है,कि भरगामा प्रखंड के सिरसिया कला पंचायत की पीडीएस डीलर सलेहा खातून,जगन्नाथ यादव,मनुल्लाहपट्टी पंचायत के अमरेन्द्र यादव,सुशील पासवान,भरगामा पंचायत के राजेश कुमार पासवान,शंकरपुर पंचायत के नरेन्द मिश्र,नया भरगामा पंचायत के बबीता कुमारी,उपेन्द्र राम,कुसमौल पंचायत के धनेश्वर सरदार,पंचानंद दास,किरण कुमारी,खजुरी पंचायत के मिथिलेश पासवान,हरिपुर कला पंचायत के नीलम कुमारी,सोनम देवी,धनेश्वरी पंचायत के बंदना कुमारी,अनमोल कुमार,सिमरबनी पंचायत के बेचन ऋषिदेव सहित अन्य कई पीडीएस डीलर पर स्थानीय ग्रामीणों ने कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए कहा है,कि वह गरीबों को राशन वितरण ना करके उसकी कालाबाजारी करता है। जबकि बुद्धिजीवी लोगों का कहना है,कि सार्वजनिक जनवितरण प्रणाली से भ्रष्टाचार को खत्म करने के सरकारी प्रयास महज दिखावा साबित हो रहा है। विभागीय स्तर पर ऐसी कमजोरी छोड़ी जा रही है,जिनका फायदा उपरोक्त पीडीएस डीलर उठा रहे हैं। वहीं उचित राशन से वंचित लाभुकों का कहना है कि उपरोक्त डीलर के कालाबाजारी का शिकायत भरगामा एमओ से कई बार की गई है। लेकिन कालाबाजारी करने वाले इन पीडीएस डीलर को एमओ सहित वरीय पदाधिकारी का संरक्षण प्राप्त है। जिस कारण उपरोक्त डीलर हम गरीबों का लाखों रुपए का राशन गटक जा रहे हैं। फिर भी इन भ्रष्ट पीडीएस डीलर पर प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। हालांकि इस संबंध में जब एमओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो संपर्क नहीं हो पाया।




# कोचाधामन विधायक ने तीन अलग-अलग सड़कों का किया शिलान्यास

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के हल्दीखोरा पंचायत अंतर्गत चोपराबखारी ठल्- 327 ए से माराडेंगा कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सड़क में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सह सचेतक सत्तारूढ़ दल जनाब अल्हाज इजहार असफी द्वारा समारोहपूर्वक किया गया। जिसकी लागत राशिः 14 लाख 83 हजार। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के बिशनपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड नं 13 में पीसीसी सड़क से हरिजन टोला होते हुए मास्टर तौकीर साहब के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास समारोहपूर्वक किया गया। जिसकी लागत राशिः 9 लाख 02 हजार है। ग्रामीण कार्य विभाग टफ 3054 के तहत कोचाधामन प्रखण्ड के बिशनपुर पंचायत अंतर्गत डहुआबाड़ी ळ07 से डहुआबाड़ी तक सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास कोचाधामन विधायक द्वारा समारोह पूर्वक किया गया। जिसका लागत राशिः 2 करोड़ 17 लख रुपए है।



# छठ घाटों सहित आने-जाने वाले मार्गों की कराएं समुचित साफ-सफाई: जिलाधिकारी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
छठ महापर्व को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर की जा रही तैयारियों की आज जिलाधिकारी, तुषार सिंगला के द्वारा वीसी के माध्यम से सीओ, एसएचओ तथा बीडीओ, एसडीएम,एसडीपीओ व जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ कार्यालय कक्ष में समीक्षा की गयी।जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि पूर्व के पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में सभी अधिकारियों एवं कर्मियों का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व 17 नवंबर को नहाय खाय से प्रारंभ होकर 18 नवंबर को खरना, 19 नवंबर को भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य (संध्याकालीन) एवं 20 नवंबर को द्वितीय अर्घ्य (प्रातःकालीन) के साथ सम्पन्न होगा। महापर्व छठ को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। छठव्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखना है। सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ अपने-अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन तत्परतापूर्वक करेंगे।
उन्होंने कहा कि छठ पूजा के अवसर पर विभिन्न घाटों पर व्रतियों के साथ बच्चों, महिलाओं, युवकों एवं वृद्धों की भारी भीड़ एकत्र होती है, एवं भगदड़ होने की संभावना रहती है। नदी, तालाबों में कोई डूबे नहीं, इस हेतु एहतियातन सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को लेकर ऐहतियातन सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखनी है। छठ घाटों सहित आने-जाने वाले मार्गों की समुचित साफ-सफाई, पर्याप्त रौशनी, खतरनाक घाटों की बैरिकेडिंग, घाटों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम, मेडिकल टीम आदि की व्यवस्थाएं रहनी चाहिए। बड़े घाटों पर सीसीटीवी का अधिष्ठापन आवश्यक है।जिलाधिकारी ने कहा कि अर्घ्य के समय बच्चे नदी, तालाबों आदि के पास नहीं जाए, इस पर विशेष ध्यान देना होगा। इस हेतु पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार मैसेज प्रसारित किया जाय। नावों के परिचालन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। छठ घाटों पर पटाखों की बिक्री एवं संचालन को नियंत्रित किया जाना है।
उन्होंने कहा कि सभी संबंधित प्रत्येक छठ घाटों का फिजिकल वेरिफिकेशन करेंगे। बांस आदि के माध्यम से घाटों की गहराई का आकलन कर लेंगे। खतरनाक घाटों पर फ्लैक्स, बैनर का अधिष्ठापन कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि दुर्घटना की संभावना नहीं रहे। खतरनाक घाटों की समुचित घेराबंदी की जाए तथा वहाँ पर स्पष्ट सूचक बोर्ड एवं झन्डे पर्याप्त संख्या में लगाया जाय।

# कोचाधामन: हत्या के आरोपी ने गिरफ्तारी के भय से किया आत्मसमर्पण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
कोचाधामन के गुलाब चन्द्र कर्मकार उम्र करीब 40 वर्ष पिता स्व० रमेश लाल कर्मकार साकिन भगाल वार्ड नं0 08 के पुत्र बरसातु कर्मकार को जम्बु के बॉस झाड़ी के पास हत्या कर देने के आरोप में कोचाधामन थाना कांड सं0-251 / 23 दर्ज किया गया था।अनुसंधान के क्रम में उक्त काण्ड के 03 अप्राथमिकी अभियुक्त को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। कांड के शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही थी। गिरफ्तारी के भय से काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त इसाक आलम पिता तैयब आलम साकिन भगाल वार्ड नं. 09 थाना कोचाधामन जिला किशनगंज द्वारा दिनांक-11.11.23 को कोचाधामन थाना में आत्म समर्पण किया गया तत्पश्चात उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।



# केशवडीही स्पोर्टिंग क्लब पूजा पंडाल बना आकर्षण का केंद्र

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**
शहर के केशवडीही में केशवडीही स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित श्री श्री



श्याम पूजा पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। क्या बच्चे क्या बूढ़े सब इस पूजा पंडाल में काली माँ के दर्शन के लिए लम्बी कतार लगाकर दर्शन करने करने को बाध्य हैं। दर असल यहां का पूजा पंडाल को भूत बंगला बनाया गया है। पंडाल के भीतर भयानक ध्वनि व सज्जा लोगों को खूब भा रही है। शहर के अतिरिक्त दूर दराज से भी काफी संख्या में दर्शकगण इस पंडाल को देखने के लिए पहुंच रहे है।

# ढेवो गांव में काली हो गयी दिपावली,दीपक जलने के बजाय दो घरों का बुझा चिराग,तीन की मौत

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा (झारखंड):- जिले के हंटरगंज प्रखंड के ढेबो गांव में तीन युवकों की हुई मौत,
दो की सड़क दुर्घटना में वही एक की घटना की खबर सुनकर हुई हार्ट अटैक से मौत। हंटरगंज थाना क्षेत्र के ढेवों गांव में बीते रविवार यानी दीपावली के दिन एक दिल दहलाने वाली घटना घटी है।

एक ओर जहां पूरा प्रखंड दीपावली की जश्न में खुशियां मना रहे थें। तो वही ढेबों गांव में तीन युवकों की अर्थियां सजाई जा रही थी इस ह्दय विदारक घटना से पूरा गांव में मातम का माहौल बना हुआ था।

तीनों युवको का शव एक ही घाट पर दाह संस्कार किया किया गया। घटना दीपावली के दिन की है। मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के एक दिन पूर्व यानी शनिवार की रात तीन युवक क्रमशः महेश कुमार18 पिता महेन्द्र यादव एवं सचिन कुमार18 पिता बंगाली यादव तथा जुगल यादव 18 पिता मोहन यादव एक ही बाइक से डोभी नाच देखने जा रहे थें। इसी दौरान बिहार के डोभी थाना अंतर्गत बहेरा गांव के







समीप एन एच 22 पर हाईवा ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे तीनों युवक बीच सड़क पर गिर गए। गिरने के बाद महेश यादव की मौत घटनास्थल पर हो गया। जबकि सचिन कुमार की मौत गया मगध मेडिकल कॉलेज पहुंचने के पूर्व रास्ते में ही हो गया। वही जुगल यादव की स्थिति ठीक बताई जा रही है।इसकी जानकारी घायल युगल यादव के द्वारा रात में ही परिजनों को दिया गया। इसके बाद सभी के परिजन आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे । तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

तीसरे युवक सौरभ कुमार को इस घटना की खबर सुनते ही स्थिति बिगड़ गई और वह अचेत होकर गिर गया। जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महेश एवं सचिन माता-पिता का एकलौता पुत्र थें। जबकि सौरभ दो भाइयों में सबसे छोटा था। इस घटना से दो घरों में चिराग बुझ गया।

मृतक महेश गया कॉलेज गया में इंटर का छात्र था। जबकि सचिन एवं सौरव औरुगेरुआ प्लस टू उच्च विद्यालय में इंटर का छात्र था।

# परंपरा: सोहराय पर्व पर मांदर की थाप पर थिरके आदिवासी

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

बलियापुर:- आदिवासियों की प्रकृति पूजा और नव कलेवर का पर्व सोहराय (वंदना) मंगलवार को परंपरागत तरीके से मनाया गया। आमटाल-धोखरा (सहरपूरा) के आदिवासी बहुल इलाकों में लोगों ने अपने खेत, हल, बैल, लोक देवता की विधि-विधान से पूजा अर्चना किया। जय सरना समिति आमटाल धोखरा (सहरपूरा) द्वारा आयोजित आदिवासी सोहराय पर्व में बैलों को खूंटे से बांधकर मांदर की थाप पर नचाया गया। खूंटे से बंधे बैल को सूप लेकर चिढ़ाते हुए लोगों ने नचाने का नजारा देखने का खूब आनंद उठाया। उसके पहले गोहाल की साफ-सफाई कर व गाय-बैलों को नहला-धुलाकर पकवान खिलाया



गया। इसके बाद उनकी पूजा की गई। गांव के बुजुर्गो ने बताया कि यह पर्व पशुधन के प्रति आभार व्यक्त करने को मनाया जाता है। गाय से जहां दूध की प्राप्ति होती है। वहीं बैल व काड़ा खेती में सहयोग करते हैं। खेती का कार्य संपन्न होने के बाद यह पर्व मनाते हुए बैल व काड़ा को इसलिए नचाया जाता है, ताकि उनका रक्त संचार सुव्यवस्थित हो।

इस दौरान फागु महतो के नेतृत्व में सोहराय का गीत गाया गया। यहां वीरेंद्र सोरेन,विष्णु बास्की, शमलेश टुडू, रूपेश सोरेन, राजेंद्र सोरेन,बागेश्वर बास्की, अर्जुन, नरेश, आकाश, राजेश, मुकेश, विकास, मनीष, लखीन्द्र, अभय आदि मौजूद थे।

# शिक्षको ने दी बच्चों को उपहार साथ ही दीप प्रज्वलित कर मनाया गया 'बाल दिवस'

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

विष्णुगढ़:- प्रखंड अंतर्गत नवादा मे स्तिथ पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल मे भारत के वीर सपूत आजाद हिंद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री,अद्भभुत राजनेता,प्रखर वक्ता माननीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन पर दीप प्रज्वलित कर बाल दिवस मनाया गया। साथ ही बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से प्रेम भाव और शिष्टाचार का संदेश दिया। स्कूल मे कविता,चित्रकला और पेंटिंग आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया । इस अवसर पर छोटे बच्चों ने विभिन्न आकर्षक एवं मोहक कविताओं से सबको भाव विभोर कर दिया। संस्थापक सह-प्रिंसिपल विकाश कु.पाण्डेय ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी और स्कूल व अपने घर के आस-पास को साफ रखने पर बल दिया।



साथ ही उन्होंने बताया कि चाचा नेहरू जिनका जन्म 14 नवम्बर 1889 ई. को प्रयागराज की पावन धरती मे हुआ,उन्होंने अपना जीवन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम अग्रनी भूमिका हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया तथा संबंधित और भी जानकारियां प्रदान की गई। शिक्षक और स्कूल प्रबंधन इन आयोजनों को बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के तरीके के रूप में देख रहे हैं। बाल दिवस के अवसर पर पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल मे कार्यक्रम के साथ-साथ शिक्षक सभी छात्रों के लिए अन्य मजेदार खेल, नाटक और संगीतमय प्रदर्शन किया गया। कई शिक्षक भी अपनी कक्षा के छात्रों के लिए चॉकलेट,गुब्बारे, पेन और पेंसिल, या छोटी किताबें जैसे उपहार प्रदान किये। उपस्थित शिक्षक निशांत सर,ममता मिस,मधु मिस,प्रकाश सर तथा अभिभावक एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा 16 नवंबर को सूप,नारियल,पूजन सामग्री के लिए कूपन का किया गया वितरण।

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 14 नवम्बर 2023 :- शहर के सामाजिक संस्था हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा 16 नवंबर को बड़ा बाजार पंजाब नेशनल बैंक के समीप छठ महापर्व के शुभ अवसर पर छठ व्रतियों को एक सूप,एक नारियल, सिंदूर,रोड़ी,कपूर, जाफर, काफर, काठ बादाम, कमल गोटा,लौंग,इलायची,बड़ी इलायची,छुहारा,मखाना,घी ,रुई बत्ती,धूपबत्ती एवं सुपारी,आरत पत्ता दिया जाएगा, ये सभी सामान महज 11 रु के सहयोग राशि में प्रदान किया जाएगा।

जिसकी बुकिंग तथा कूपन का वितरण सोमवार से प्रारंभ कर दिया गया है छठ मैया के आशीर्वाद से छठ व्रतियों को कूपन महज 11रु में दिया गया है। यह कूपन का वितरण 15 नवंबर को संध्या 6:00 बजे तक किया जाएगा। कूपन वितरण बड़ा बाजार चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक,डिश टीवी ऑफिस के सामने किया जा रहा है। वही 16 तारीख को कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक किया जाएगा।

कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में सुरेंद्र



खण्डेलवाल,हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष लखन खंडेलवाल, सचिव संजय कुमार,उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल,विकास तिवारी,सनी देव,जय प्रकाश खण्डेलवाल,बीरेंद्र गर्ग,गुंजन मद्धेशिया,ताज जी सहित कई लोग शामिल है।

इस कार्यक्रम को लेकर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि छठ मैया के असीम कृपा से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है साथ ही कहा की हर छठ व्रतियों तक हमारी सेवा पहुंचे यही हमारा लक्ष्य है।

वही अध्यक्ष लखन खंडेलवाल ने बताया कि 15 नवंबर को संध्या 6:00 बजे तक कूपन का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम 16 तारीख को सुबह 11:00 बजे से प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# डॉट्स द्वारा बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड) :- जिले के टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित विवेकानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय में डॉट्स द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में विवेकानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय टुंडी एवं विभिन्न विद्यालय के बच्चों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

राज्य स्तर पर लंबी कूद में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले उ०म०वि० जाताखुंटी के छात्र आकाश कुमार सिंह, जिला स्तर पर 100 मीटर की दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली उ०म०वि० जाताखुंटी की छात्रा शेफाली कुमारी तथा विवेकानंद



सेवाश्रम म० वि० के बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विवेकानंद सेवाश्रम म. वि. के सहायक शिक्षक-सह-डॉट्स के संस्थापक अनन्त शक्ति, लोकनाथ रजक, पंकज कुमार, मृत्युंजय कुमार, नवीन कुमार सिन्हा, रंजन कुमार, मनोज पाठक, वरीय पत्रकार नवीन चंद्र सिंह, शमीम अख्तर, रंजीत चौधरी, रामसु मुर्मू, सुनीता टुडू, गाजो सिंह, परितोष महतो, दीपक मंडल, काली पद मुर्मू,मनोज महरा, अरविंद टुडू, समेत टुंडी के सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने पूर्वी क्षेत्र के सिमरबेडा में 63 केवीए के नए विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड)14 नवम्बर 2023 : - विष्णुगढ़ प्रखंड के अंतर्गत खरकी पंचायत के मंडल टोला सिमरबेडा में मंगलवार को विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य सह बगोदर माले विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब के प्रयाश से 63 केवी के नए विद्युत ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया । जिसका उद्घाटन मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, पूर्वी क्षेत्र के समाजसेवी राजेंद्र मंडल, अलपीटो पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह पत्रकार घनश्याम पाठक, भोला सिंह ने संयुक्त रूप से विधिवत पूर्वक नारियल फोड़कर और फीता काटकर उद्घाटन किया गया। बीते कई दिनों पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। इसकी सूचना समाजसेवी राजेंद्र मंडल जी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, जनप्रतिनिधि लोगों को दी जिसमें इस पर किसी तरह के पहल नहीं हुई । अंतिम में मध्य जिला परिषद सदस्य



जी को इसकी सूचना दी गई। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए एक दिन के अंदर ही नए विद्युत ट्रांसफार्मर को उपलब्ध करवाया ।ट्रांसफार्मर को लगने से और बिजली बहाल होने से ग्रामीणों ने काफी खुशी जाहिर किया। साथ ही तैयब जी का आभार व्यक्त कर जोर दार माला पहनाकर स्वागत किया । मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एक स्वर से कहा कि नेता हो तो तैयब जी के जैसा, जो ग्रामीणों के समस्या के साथ खड़ा होकर समाधान करते हैं इस मौके पर आसिन अंसारी, डॉ० नेमचंद महतो, वार्ड सदस्य प्रयाग महतो, अर्जुन साव, दिलीप कुमार साव, नागेश्वर साव, किशोर साव, देव कुमार, मनोज कुमार, प्रवीण कुमार, संतोष मंडल, मगन साव, पप्पू साव, रामप्रसाद साव, विनोद साव, विकास कुमार, प्रेम सागर, अंकित ,करण ,रमेश इत्यादि भारी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# बिष्णुगढ के प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत, गांव में पसरा सन्नाटा

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 14 नवम्बर 2023 :- झारखंड के प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। एक दुखद घटना हजारीबाग जिले से सामने आई है ।जहां बिष्णुगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर के मजदूर की मुंबई में मौत हो गयी। वहीं इसकी खबर सुनने के बाद परिवार में गमगीन माहौल है ।मिली जानकारी के अनुसार बिष्णुगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर निवासी अंतु पंडित के 22 वर्षीय पुत्र नीलकंठ पंडित जो पिछले 30 ऑक्टूबर को घर से मुम्बई काम करने गया था ।जहां 1 नवम्बर को सीढी से गिरने से गिरने से सर पर गंभीर चोट लगने से वह कौमा में चला गया ।जिसे इलाज के लिए मुम्बई के साइन अस्पताल में भर्ती कराया गया ।जहां सोमवार रात को मौत हो गयी ।मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है ।वही गांव मातम छा गया है।

बेरोजगारी के तड़पाये लोग समा रहे है मौत के मुंह में

इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने संवेदना प्रकट करते हुए करते हुए कहा कि



झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है. रोजी-रोटी की तलाश में परदेस गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की आये दिन मौत की खबर सामने आती रहती है ।हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है।

कभी-कभी मौत के हफ्तों, महिना बित जाने के बाद लाश आता है घर

आपको बता दे कि प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद बोकारो, गिरिडीह और हजारीबाग जिले से है, जो रोजी कमाने के लिए दूसरे जगहों में जाते है. अपना घर छोड़कर परदेस गये इन मजदूरों की जिंदगी तो कष्ट में बीतती ही है, मौत के बाद भी उनकी रूह को चैन नसीब नहीं होती है. कभी-कभी तो लाश हफ्ते भर बाद आती है, ऐसे में सरकार को रोजगार की ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए,जिससे मजदूरो का पलायन रोका जा सके।

# वित्तीय साक्षरता कैंप का हुआ आयोजन।

**समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।**

राजगंजः राजगंज थाना क्षेत्र के लेदोडीह आदिवासी टोला वार्ड नंबर 12 मे समवाद सूत्रर जिला अंतर्गत रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और नाबार्ड के द्वारा आयोजित ग्राम साथी संस्था के द्वारा कैंपिंग कर ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना और किसान क्रेडिट कार्ड के बारे मे बताया गया एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय के बारे मे बताया, इस आयोजन बैठक एवं सारक्षरता प्रशिक्षण में 18से 35-40 उम्र के महिलाएं एवं पुरुषों ने भाग लिया तथा इस विषय को गंभीरता से लिया गया साथ ही सीएफएल ट्रेनर अखिलेश कुमार ने



अपने आमदनी में बचत करके किस प्रकार से जीवन स्तर को सुधारा जा सकता हैं, इसके बारे में लोगो को प्रशिक्षित किया , इस प्रशिक्षण में उपस्थित श्री अलसा सोरेन (अबुस्सल केन्द्रीय अध्यक्ष) तथा ग्रामीण सोमरी देवी, मंजू देवी, लक्ष्मी कुमारी,मोहमाती देवी, संगीता कुमारी, ममता कुमारी,आदि ग्रामीण महिलाएं उपस्थित हुए ।

# बाल दिवस पर बच्चों ने रंगा रंग कार्यक्रम किया

**अभय कुमार मिश्रा समाज जागरण प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 14 नवंबर 2023: पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जयंती पर जिले भर के स्कूलों में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। नाटक का मंचन और प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ।बेबी कोचिंग सेंटर स्कूल में शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने मंच से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक मिना देवी ने नेहरू जी के विचारों के बारे में जानकारी दी।

एकांकी के माध्यम से ऑनलाइन पढ़ाई के दौरान बच्चों के व्यवहार को बताया।

# आज झामुमो प्रखंड कार्यालय, बिरनी में झारखंड युवा मोर्चा प्रखंड कमिटी,बिरनी का पुनर्गठन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 14 नवम्बर 2023 :- झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड कमेटी



बिरनी का पुनर्गठन किया गया इस पुनर्गठन कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल एवं अतिथि के रूप में झामुमो बिरनी प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी एवं संतोष कुमार जिला सचिव, झारखंड अनु०जाति मोर्चा,गिरिडीह,जिला संगठन सचिव झारखंड युवा मोर्चा के राजू अंसारी, झामुमो वरिष्ठ नेता मुमताज अंसारी उपस्थित थे

झारखंड युवा मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष मंजूर अंसारी,सचिव दीपक दास,कोषाध्यक्ष तस्लीम रजा,उपाध्यक्ष सुनील यादव, सोमर मरांडी,वसीम अंसारी,जागेश्वर वर्मा,उपसचिव सरफराज अंसारी,खुर्शीद अंसारी,संगठन सचिव सचिन कुमार वर्मा,मीडिया प्रभारी तस्लीम अंसारी को बनाया गया है ।इस बैठक में मिन्हाज अंसारी,हाजी तैयब अंसारी,बालगोविंद प्रसाद वर्मा,द्वारिका मंडल, असरफ अंसारी,अरविंद,गुलाम रसूल समेत सैकड़ों नौजवान उपस्थित थे।

# बगोदर प्रखंड के दोनदलो से बनपुरा जाने वाली ह्र्दली नदी में पुल बनाने को लेकर निरिक्षण किया

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)14 नवम्बर 2023 :- बगोदर प्रखंड के दोनदलो से



बनपुरा ह्र्दली नदी में पुल बनाने को लेकर बगोदर के लोकप्रिय विधायक विनोद सिंह के प्रयास से विशेष प्रमंडल गिरीडीह के कनीय अभियंता बिजेंद्र कुमार गुप्ता ने सर्वे किया बहुत जल्द पुल बनाने को लेकर सारी प्रकिया पूर्ण होगी इस मौके पर बगोदर उप प्रमुख हरेन्द्र सिंह पूर्व जिला परिषद सदस्या सरिता देवी ,यमुना सिंह,संकर यादव,लखन महतो उपस्थित थे।

# समर्पण एक नेक पहल संस्था के पहल पर उनतीस दिन के मासूम बच्चे को रांची रिम्स में रक्त उपलब्ध कराई गई

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

दिवाली पर्व के दिन संस्था को सूचित किया गया कि रांची के रिम्स अस्पताल में एक उनतीस दिन का मासूम बच्चा ईलाजरत हैं बच्चे की माँ का नाम ऋतु कुमारी हैं और बच्चे को बी पॉजिटिव रक्त की तत्काल आवश्यकता हैं, अस्पताल में बच्चे के साथ उसके माता-पिता हैं जो बिलकुल लाचार हैं और चाह कर भी अपने बच्चे के लिए कुछ नहीं कर पा रहे हैं ' सूचना प्राप्त होते ही समर्पण एक नेक पहल संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष श्री दिपेश चौहान ने इसकी सूचना युवा समाजसेवी विद्याभूषण को दिया उन्होंने बिना समय गंवाए उनतीस दिन के मासूम बच्चे के लिए रक्त प्रदान करने का रिम्स ब्लड बैंक प्रबंधक से आग्रह किया जिसे स्वीकार करते हुए रिम्स ब्लड बैंक रांची के द्वारा बच्चे को रक्त प्रदान कर दिया गया, संस्था संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने कहा कि कोई साधारण दिन हो या त्यौहार का दिन हमारी संस्था सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं, इस बच्चे का केस जब संस्था को प्राप्त हुआ तो बिना समय गंवाए संस्था ने युवा समाजसेवी विद्याभूषण कुमार को संपर्क किया और इसके कुछ ही समय बाद विद्या जी ने रांची रिम्स ब्लड बैंक से ही बच्चे को रक्त उपलब्ध करा दिया जिसके हम सभी विद्याभूषण जी के आभारी हैं '

# नारायण आईटीआई लुपुंगडीह में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती आयोजित

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह : नारायण आईटीआई लुपुंगडीह नीमडीह में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षकों के द्वारा उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने कहा कि जवाहरलाल नेहरु



छात्र जीवन के दौरान भी वे विदेशी हुकूमत के अधीन देशों के स्वतंत्रता संघर्ष में रुचि रखते थे। उन्होंने आयरलैंड में हुए सिनफेन आंदोलन में गहरी रुचि ली थी। उन्हें भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनिवार्य रूप से शामिल होना पड़ा। 1929 में पंडित नेहरू भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन के लाहौर सत्र के अध्यक्ष चुने गए जिसका मुख्य लक्ष्य देश के लिए पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करना था। उन्हें 1930-35 के दौरान नमक सत्याग्रह एवं कांग्रेस के अन्य आंदोलनों के कारण कई बार जेल जाना पड़ा। उन्होंने 14 फरवरी 1935 को अल्मोड़ा जेल में अपनी ह्यआत्मकथाह्न का लेखन कार्य पूर्ण किया। रिहाई के बाद वे अपनी बीमार पत्नी को देखने के लिए स्विट्जरलैंड गए एवं उन्होंने फरवरी-मार्च, 1936 में लंदन का दौरा किया। उन्होंने जुलाई 1938 में स्पेन का भी दौरा किया जब वहां गृह युद्ध चल रहा था। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने से कुछ समय पहले वे चीन के दौरे पर भी गए।7 अगस्त 1942 को मुंबई में हुई अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में पंडित नेहरू ने ऐतिहासिक संकल्प ह्यभारत छोड़ोह्न को कार्यान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया। 8 अगस्त 1942 को उन्हें अन्य नेताओं के साथ गिरफ्तार कर अहमदनगर किला ले जाया गया। यह अंतिम मौका था जब उन्हें जेल जाना पड़ा एवं इसी बार उन्हें सबसे लंबे समय तक जेल में समय बिताना पड़ा। अपने पूर्ण जीवन में वे नौ बार जेल गए। जनवरी 1945 में अपनी रिहाई के बाद उन्होंने राजद्रोह का आरोप झेल रहे आईएनए के अधिकारियों एवं व्यक्तियों का कानूनी बचाव किया। मार्च 1946 में पंडित नेहरू ने दक्षिण-पूर्व एशिया का दौरा किया। 6 जुलाई 1946 को वे चौथी बार कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए एवं फिर 1951 से 1954 तक तीन और बार वे इस पद के लिए चुने गए। और आज के दिन आज के दिन चिल्ड्रंस डे के रूप में भी जाने जाते हैं ।इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित सुदीष्ट कुमार, शशि भूषण पांडे, एडवोकेट निखिल कुमार, देव कृष्ण महतो, पवन कुमार महतो, अजय मण्डल, गौरव महतो, कृष्ण पद महतो आदि मौजूद थे।

# बोड़ाम- पटमदा के विभिन्न गांवों में गरू और काड़ा खुटा का आयोजन, देखने उमड़ी भीड़

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के बारियादा और कोयरा के गांव जोजराड़ीह टोला गांव में बंदना/ सोहराई परब के दूसरे के गरु और काड़ा खुंटा का आयोजन किया गया। बारियादा गांव में बारियादा युवा क्लब की ओर गरु और काड़ा खुंटा आयोजन किया गया 15 गरू और काड़ा मालिकों ने गरु एवं काड़ा खुटाया जिसे देखने आसपास गांव के हजारों लोग आए। सभी लोगों ने ढोल नगाड़े बजा कर गरू और काड़ा को चमड़ा के सहारे नचाया और साथ में लोग भी अहीरा गीत पर खूब झूमे,बारियादा युवा क्लब की ओर से गरू और काड़ा मालिकों और ढोल नगाड़े बजाने वाले को एक- एक कुड़माली गमछा देकर सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य विश्वनाथ महतो,कृतिवास महतो, बेलडीह पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रबोध कुमार महतो और बारियादा युवा क्लब के सदस्य



गोपेन महतो,अजय महतो, खगेन महतो, राकेश महतो,अजय महतो, देवेन महतो, हरि पद महतो, तारापद महतो, दीपक महतो, छुटूलाल महतो, जयंत महतो, मनबोध महतो, सुमंत महतो, संदीप महतो,प्राणकृष्ण महतो, शिक्षक मुचिराम महतो, परेशनाथ महतो,जगबंधु महतो , सतीश महतो,सुमित महतो, सुमित कर्मकार,राजू कर्मकार, रवि माहली, कृष्ण माहली का अहम योगदान रहा और कोयरा गांव के टोला जोजराड़ीह में भी गरू और काड़ा खूंटा का आयोजन किया गया। सभी ने हर्ष उल्लास के साथ गरू और काड़ा खूंटा किया । मौके पर उपस्थित पहाड़पुर पंचायत के मुखिया श्री अजब सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि श्री अंगद सिंह जी , गोलक सिंह, श्रीचरण सिंह, मदन सिंह, कार्तिक सिंह, कान्तु सिंह, गोबिंद सिंह आदि मौजूद थे।